✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात



पीएम नरेन्द्र मोदी ने बजट 2026-27 से पहले अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ की बैठक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 214 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 31 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# वर्ष 2025 : विकास की नई ऊंचाइयां छूता नजर आया औरंगाबाद जिला

## बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वर्ष 2025 औरंगाबाद जिले के लिए विकास का सुनहरा अध्याय साबित हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'प्रगति यात्रा' और केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के दम पर जिले ने बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं ने हजारों करोड़ की सौगातें दीं जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और जनजीवन में सकारात्मक बदलाव आया। वर्ष की शुरुआत फरवरी में ही धमाकेदार रही, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान औरंगाबाद पहुंचकर 554 करोड़ रुपये से अधिक की 195 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 79 पूर्ण योजनाओं (127 करोड़) और 116 नई परियोजनाओं (427 करोड़) शामिल थीं। इस दौरान सदर अस्पताल के 10 मंजिला नए भवन का लोकार्पण हुआ, जो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम देगा। मुख्यमंत्री ने देव में प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रस्तावित रिंग रोड तथा मेडिकल कॉलेज के लिए चिह्नित भूमि का निरीक्षण किया। विशेष रूप से उल्लेखनीय रही अदरी नदी के किनारे रिवर फ्रंट विकास परियोजना, जिसमें 1,500 मीटर लंबे हिस्से में पार्क, ओपन जिम, वृक्षारोपण और बेहतर ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इससे नदी में प्रदूषण रुकेगा और शहर की सुन्दरता बढ़ेगी। शिक्षा क्षेत्र में भी जिले ने उल्लेखनीय कदम उठाए। अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय (कुशी) का उद्घाटन हुआ,



जहां दूरदराज के छात्रों को आवासीय सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। साथ ही कई स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ। स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए कैबिनेट ने 958 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी जिसमें सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना प्रमुख है। यह परियोजना जिले के साथ-साथ आसपास के जिलों के लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी। ऊर्जा क्षेत्र में सबसे बड़ी उपलब्धि रही नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (स्टेज-दो) की आधारशिला। मई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2,400 मेगावाट विस्तार की नींव रखी जिसकी लागत 29,948 करोड़ रुपये है। यह अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित पहला बड़ा प्रोजेक्ट होगा, जो बिहार को 1,500 मेगावाट बिजली देगा और कुल क्षमता को 4,380 मेगावाट तक ले जाएगा। इससे न केवल बिजली उत्पादन बढ़ेगा बल्कि हजारों प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। औद्योगिक विकास की दिशा में जिला तेजी से आगे बढ़ा। वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे के किनारे 400 एकड़ जमीन पर औद्योगिक शहर बसाने की तैयारी पूरी हुई। इसमें कौशल विकास केंद्र भी स्थापित होगा, जो युवाओं को उद्योगों के लिए तैयार करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में आरआईडीएफ योजना के तहत सैकड़ों किलोमीटर नई सड़कें और पुल बने, जिससे गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत हुई। एएमआरयूटी 2.0 के तहत शहर में वाटर सप्लाई और सीवरेज नेटवर्क का काम तेज हुआ। उत्तर कोयल नहर परियोजना और कोलकाता-वाराणसी हाई वे पर काम तेजी से आगे बढ़ा। वर्ष के अंत तक इन परियोजनाओं की प्रगति पर मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय समीक्षा की, जिसमें सभी कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए गए। चुनौतियां बाकी हैं लेकिन बेहतर कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के नए द्वार खुलने से जिले के निवासी अब भविष्य को आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। यह वर्ष सिर्फ आंकड़ों का नहीं बल्कि जनजीवन में आए बदलाव का प्रमाण है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना सिटी चौक थाना प्रभारी निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना सिटी में प्रकाश पर्व के दौरान पंजाब से आई एक महिला श्रद्धालु से लूटपाट और हमले के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। चौक थाना प्रभारी मंजीत कुमार ठाकुर को निलंबित कर दिया गया है। उनकी जगह पुलिस निरीक्षक राज किशोर कुमार को नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। घटना के दो दिन बाद भी अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

### बिहार पुलिस एसआई परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने पुलिस अवर निरीक्षक भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। पंजीकृत उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र हासिल कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचें और एडमिट कार्ड के साथ वैध फोटो पहचान पत्र अवश्य ले जाएं ताकि किसी भी तरह की असुविधा से बचा जा सके।

### बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस ड्राइवर-सिपाही भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में 15,516 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा होगा। कुल 4,361 पदों पर भर्ती होनी है। शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए चयनित अभ्यर्थियों में 15,054 पुरुष, 461 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर शामिल हैं। इसके साथ ही चयनित सूची में 86 गोरखा अभ्यर्थी और 101 स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित भी हैं।

### 55 आरओबी का निर्माण तेजी से करें पूरा : सचिव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने मंगलवार को राज्य में आरओबी (रेल ओवरब्रिज) के निर्माण कार्यों को लेकर रेलवे के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने 55 आरओबी के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। आरओबी के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर कर इसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सचिव ने राज्य के संसाधनों से बन रहे बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास आरओबी, पोठही-डुमरी आरओबी, जयनगर स्टेशन के पास आरओबी, हरनौत रेल फैक्ट्री आरओबी एवं सहरसा में बंगाली बाजार आरओबी की भी विस्तृत समीक्षा की। इस परियोजना से जुड़ी बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया।

### सक्षमता पंचम के लिए आवेदन नौ जनवरी तक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बिहार बोर्ड) की ओर से सक्षमता परीक्षा पंचम के लिए बुधवार से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए समिति की ओर से पोर्टल खोल दिया जाएगा। आवेदन नौ जनवरी तक लिए जाएंगे और शुल्क भी इसी अवधि में जमा किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने किया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी का निरीक्षण

# साइंस सिटी से विज्ञान के सिद्धांतों को सरलता से समझ सकेंगे छात्र : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि साइंस सिटी से छात्रों को विज्ञान के सिद्धांतों को सरलता से समझने में सुविधा होगी तथा विज्ञान में उनकी रुचि बढ़ेगी। वह मंगलवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि साइंस सिटी बहुत अच्छा बना है। इसको विशिष्ट आइडियाज के साथ बनाया गया है। यह विज्ञान और नवाचार का एक ऐसा आधुनिक केन्द्र है जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित कर रहा है। देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जानने-समझने के लिए यह आकर्षक और अनूठा केन्द्र है। युवा वर्ग के बीच विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के



उद्देश्य से इस साइंस सिटी का निर्माण किया गया है। यहां आने वाले छात्र-छात्राओं को विज्ञान की मूलभूत बातें, गतिविधियों को सरलता से समझने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने राजेन्द्र नगर में 21 एकड़ के भूखंड पर नवनिर्मित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूरे परिसर एवं विभिन्न गैलरियों, वैज्ञानिक प्रदर्शों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित बच्चों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त अनिमेश पराशर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को साइंस सिटी में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। बताया कि इसमें विज्ञान आधारित 5 गैलरी, 269 रोचक विज्ञान प्रदर्श, ऑडिटोरियम, 4 डी थियेटर और छात्रों व शिक्षकों के लिए डोरमेट्री की सुविधा प्रमुख आकर्षण का केन्द्र हैं।

# रोपवे हादसा मामले में दो इंजीनियर निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पथ निर्माण मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने रोहतास जिले में हाल ही में हुए नए रोपवे गिरने की घटना के संबंध में दो इंजीनियरों को निलंबित करने का निर्णय लिया है। साथ ही संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। बता दें कि 26 दिसंबर को रोहतास जिले में एक नए बने रोपवे का परीक्षण के दौरान गिरने से बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना तब हुई जब रोहतास ब्लॉक से रोहतासगढ़ किला और रोहितेश्वर धाम जाने वाला रोपवे और उस पर लगी एक टॉवर गिर गई। परीक्षण के दौरान इस्तेमाल किए गए चार ट्रॉली क्षतिग्रस्त हुए लेकिन साइट पर मौजूद कर्मचारियों ने खुद को सुरक्षित रखा। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री जायसवाल ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह घटना अधिकारियों द्वारा निगरानी और पर्यवेक्षण की कमी के कारण हुई। संबंधित परियोजना इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर के निलंबन की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा विभाग ने संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। मंत्री ने कहा कि रोपवे निर्माण में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए पटना आइआइटी के विशेषज्ञों द्वारा भी जांच की जा रही है। यह रोपवे परियोजना अगले महीने से शुरू होने वाली थी। श्री जायसवाल ने कहा कि कार्य की सुधार प्रक्रिया अनुबंध की शर्तों के अनुसार सख्ती से की जा रही है। यह रोपवे परियोजना 31 दिसंबर तक पूरी होने वाली थी। इस 1,326 मीटर लंबी रोपवे परियोजना की लागत अनुमानित 13 करोड़ रुपये है। इसका शिलान्यास 12 फरवरी 2020 को किया गया था। राज्य सरकार ने यह परियोजना पर्यटकों और भक्तों के लिए रोहतासगढ़ किला और काइमुर पहाड़ियों में स्थित मंदिरों तक आसान पहुंच उपलब्ध कराने के लिए स्वीकृत की थी।

# पंचायत सचिव रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राज्य की विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भोजपुर जिले के आरा सदर प्रखंड के पंचायत सचिव जितेंद्र प्रसाद को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पंचायत सचिव पर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। विशेष निगरानी इकाई को शिकायत मिली थी कि आरा सदर प्रखंड अंतर्गत तैनात पंचायत सचिव जितेंद्र प्रसाद एक व्यक्ति से जन्म प्रमाण पत्र बनाने और जारी करने के लिए अवैध रूप से रुपये की मांग कर रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विशेष निगरानी इकाई ने पहले पूरे मामले का गोपनीय तरीके से सत्यापन कराया। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद ट्रैप की योजना बनाई गई। इसके बाद एक विशेष धावा दल का गठन किया गया, जिसमें पुलिस उपाधीक्षक चंद्रभूषण, बिंदेश्वर प्रसाद समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी शामिल थे। टीम ने पूरी रणनीति के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया। मंगलवार को जैसे ही पंचायत सचिव ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि ली और जन्म प्रमाण पत्र सौंपने की प्रक्रिया शुरू की, उसी समय विशेष निगरानी इकाई की टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पंचायत सचिव के पास से 10 हजार रुपये की रिश्वत की राशि भी बरामद की गई, जिसे सबूत के तौर पर जब्त कर लिया गया है। विशेष निगरानी इकाई के अधिकारियों ने बताया कि पंचायत सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को विशेष निगरानी कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रामनवमी सनातन संस्कृति और मर्यादा का प्रतीक : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आगामी रामनवमी पर्व को भव्य, दिव्य एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर मंगलवार को पटना में श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन भी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्राओं की तैयारियों की समीक्षा करना तथा आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए रूपरेखा तय करना था। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन ने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, मर्यादा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्श सत्य, धर्म और करुणा आज भी समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी शोभा यात्रा अनुशासन, सौहार्द और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं और आयोजकों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति यह करती आई है। बैठक में तय किया गया कि वर्ष 2026 में पटना की रामनवमी और




अधिक भव्य होगी। इस बैठक में इसी योजना के तहत रामनवमी शोभा यात्रा के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इस वर्ष भी संबंधित समितियों को प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों से सतर्क रहने की अपील की गई। समापन में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने आयोजक समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामनवमी का यह पावन अवसर समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का माध्यम बने। बैठक में रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति के सभी पदाधिकारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 15 आइएएस अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नए साल 2026 से पहले एक बार फिर से एक दर्जन से अधिक आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। उन्हें प्रभार सौंप दिया गया है। इसमें कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शामिल हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1997 बैच के अधिकारी संजीव हंस को अगले आदेश तक अपर सदस्य, राजस्व परिषद, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं 1995 बैच की आईएएस अधिकारी और अपर मुख्य सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग विजयलक्ष्मी एन. को अगले आदेश तक अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके साथ ही वह सचिव, बिहार राज्य योजना परिषद, पटना और परियोजना निदेशक, बिहार आपदा पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण सोसाइटी, पटना के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगी। इसके अलावा के. सेंथिल कुमार (भाप्रसे, 1996) को प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थ किया गया है। इसके अतिरिक्त वह सचिव, बिहार राज्य योजना परिषद और परियोजना निदेशक, बिहार आपदा पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण सोसाइटी के प्रभार में भी रहेंगे। शीर्षत कपिल अशोक को प्रभारी सचिव के रूप में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना के दायित्वों का निष्पादन करने का जिम्मा दिया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1997 बैच के अधिकारी पंकज कुमार को प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थ किया गया है जबकि वे जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार में बने रहेंगे। 1998 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नर्मदेश्वर लाल को प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना के पद पर स्थानांतरित किया गया है जबकि वे जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार में बने रहेंगे। विनय कुमार (भाप्रसे, 1999) को प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं प्रेम सिंह मीणा (भाप्रसे, 2000) को आयुक्त, मुंगेर एवं मनीष कुमार (भाप्रसे, 2005) को आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा के पद पर स्थानांतरित किया गया है। पुडकलकट्टी (भाप्रसे, 2006) अब सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। निलेश रामचंद्र देवरे (भाप्रसे, 2011) को अगले आदेश तक विशेष सचिव, पर्यटन विभाग के पद पर तैनात किया गया है। इन्हें प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी अमित कुमार पांडेय प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2011 बैच के अधिकारी महेन्द्र कुमार को खेल विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी आरिफ अहसन को निदेशक, खेल, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# सिस्टम को हर हाल में किया जाएगा दुरुस्त : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम और भूमि राजस्व एवं सुधार मंत्री विजय सिन्हा ने एक बार फिर अधिकारियों के रवैये पर कड़ा संदेश दिया है। मीटिंग में आने से पहले कुछ अधिकारियों की ओर से बीमारी का बहाना बनाया गया। इस पर उन्होंने कहा कि सभी को स्वस्थ होना होगा और सरकार पूरे विभाग को स्वस्थ कर देगी। सिस्टम को दुरुस्त किया जाएगा और काम में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारियों की नाराज़गी पर कहा कि जनता के लिए आगे भी काम करते रहेंगे। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से लगाए जा रहे विशेष कैंपों को लेकर अधिकारियों की नाराज़गी पर प्रतिक्रिया दी। विजय सिन्हा ने कहा कि सरकार अपना काम कर रही है। सरकार का उद्देश्य किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरा काम जनता के लिए काम करना है और यह काम आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ये कैंप आम लोगों को राहत देने के लिए लगाए जा रहे हैं ताकि भूमि से जुड़े मामलों में उन्हें दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। विजय सिन्हा ने कहा कि राजस्व कैंपों के जरिए दाखिल-खारिज, परिमार्जन, म्यूटेशन और अन्य भूमि संबंधी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं मिलें। इसके लिए यदि प्रशासनिक स्तर पर सख्ती करनी पड़े तो सरकार पीछे नहीं हटेगी।

C M Y K

## बेअसर रही महागठबंधन और जनसुराज की ललकार

# दसवीं बार किंग बने नीतीश कुमार

**वार्षिकी 2025**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** साल की शुरुआत में राजनीतिक रूप से थके हुए, कमजोर और स्वास्थ्य कारणों से हाशिये पर जाते माने जा रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दसवीं बार सत्ता में सशक्त वापसी, उनके आगे राजनीतिक विरोधियों का चुनावी कसौटी पर 'चारों खाने चित' होना तथा राज्य के युवा नेता नितिन नवीन का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाना न केवल बिहार बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से भी वर्ष 2025 की महत्वपूर्ण घटनाएं रहीं। वर्ष 2025 में जब पूरे देश की नजर बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव पर थी तो उस समय सभी राजनीतिक पंडितों के आकलन के अनुसार इस चुनाव को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक यात्रा का अंतिम पड़ाव साबित होने का अनुमान लगाया जा रहा था, लेकिन तब इन अटकलों को दरकिनार करते हुए रिकॉर्ड दसवीं बार किंग तो बने ही वहीं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की चुनाव में प्रचंड आंधी ने राज्य की सत्ता पाने का सपना देख रहे महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उमीदवार तेजस्वी यादव, उपमुख्यमंत्री बनने का ख्वाब देख रहे मुकेश सहनी और प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज के तीसरा मोर्चा बनने के सपनों को ताश के पत्तों की तरह बिखर दिया। भाजपा ने इस वर्ष के अंत में हुये विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को राजग की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किये बिना सिर्फ यह स्पष्ट किया कि उनके नेतृत्व में ही राजग के सभी घटक दल चुनाव लड़ रहे हैं। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड की ओर से वरिष्ठ नेता बार-बार चुनाव प्रचार के दौरान यह कह रहे थे कि यदि राजग के सत्ता में लौटने पर नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे और इसमें कोई दो राय नहीं है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता इस बात को लगातार कहते रहे, लेकिन भाजपा के किसी भी बड़े नेता ने न तो इसकी पुष्टि की और न ही इसके समर्थन में कोई वक्तव्य दिया। राजग के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर असमंजस की स्थिति को लेकर सभी विपक्षी दलों ने काफी हवा दी और यह कहना शुरू किया कि भाजपा ने चुनाव के बाद नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री फिर से नहीं बनाने का फैसला ले लिया है और इसकी रणनीति भी तैयार कर ली है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने यहां तक आरोप लगाया था कि श्री कुमार बिहार के मुखौटा मुख्यमंत्री हैं जबकि सरकार दिल्ली से भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी चला रहे हैं। श्री यादव ने कई बार कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार अचेतावस्था में हैं और राज्य में कानून-व्यवस्था समेत कई अन्य मामलों से वह अनभिज्ञ हैं। जनसुराज के नेता प्रशांत किशोर तो यहां तक कहने लगे थे कि श्री कुमार के स्वास्थ्य की स्थिति मुख्यमंत्री बने रहने लायक नहीं है और यदि यह बात सही नहीं है तो सरकार उनके स्वास्थ्य की अद्तन स्थिति पर एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर इसका खंडन करें। भाजपा ने विपक्ष के राजग के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर लगातार बढ़ रहे हमले को देखते हुये भी यह कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया कि चुनाव के बाद नीतीश कुमार ही बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने चुनाव की तिथि की घोषणा के पूर्व यह कह कर विपक्षी दलों को एक बड़ा मुद्दा दे दिया था कि चुनाव के बाद राजग के नवनिर्वाचित विधायक बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिये नेता चुनेंगे। इस मुद्दे पर विपक्ष के बढ़ते हमले के बीच जनता के बीच मुख्यमंत्री श्री कुमार की लोकप्रियता को भांपते हुये श्री शाह ने यह कह कर स्थिति को संतुलित करने का प्रयास किया कि बिहार में मुख्यमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है, लेकिन साथ में उन्होंने यह भी कह दिया कि प्रधानमंत्री पद के लिये वैकेंसी नहीं है। श्री शाह के इस बयान के बाद सभी भाजपा के नेता यह कहने लगे कि इस मुद्दे पर अब कोई अनिश्चितता नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने इसके बावजूद यह कहना जारी रखा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा की नीयत ठीक नहीं है। श्री गांधी और श्री यादव ने कहा था कि यदि भाजपा सही में श्री कुमार को मुख्यमंत्री फिर से बनाने के पक्ष में है तो इस बात को स्पष्ट रूप से कहने में पार्टी के बड़े नेताओं को क्या ऐतराज है। चुनाव के पूर्व इस तरह की परिस्थिति से यह तो बिल्कुल स्पष्ट था कि श्री कुमार को मुख्यमंत्री बनाने को लेकर साफ-साफ जिस तरह से बिहार में हुये पूर्व के विधानसभा चुनाव में बात कही गई थी, इस चुनाव में ऐसी बात नहीं देखी गई।

## रंजीत कुमार ने की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी से औपचारिक मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के पूर्व राष्ट्रीय सचिव रंजीत कुमार ने भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संजय सरावगी से पार्टी कार्यालय में एक औपचारिक मुलाकात की। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। रंजीत कुमार ने कहा कि स्वभाव से सौम्य, सरल व मृदुभाषी श्री सरावगी के विचारों को सुन अतिप्रसन्नता हुई। उनके मार्गदर्शन में प्रदेश भाजपा नए कीर्तिमान गढ़ेगा ऐसी कामना है। श्री सरावगी एक कुशल राजनेता हैं। उन्होंने बतौर जनप्रतिनिधि जनता के दिलों पर राज किया है। मंत्री बनकर भी सराहनीय कार्य किए। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उनके मार्गदर्शन में भाजपा और सशक्त होगी। ऐसी सभी को उम्मीद है। प्रदेश की सरकार समावेशी विकास कर रही है। भाजपा-जदयू की सरकार के प्रति जनता में विश्वास है। भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के आने से नई जोश व खुशी है।

## कजरा सौर ऊर्जा संयंत्र से निरंतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के लखीसराय जिले में स्थित कजरा सौर ऊर्जा संयंत्र से विद्युत निकासी के लिए 132 केवी संचरण लाइन और 100 एमवीए, 33/132 केवी क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर को सफलतापूर्वक ऊर्जान्वित कर दिया गया। ऊर्जा विभाग के सचिव और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्य बिहार स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड और बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के समन्वय से पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि कजरा सौर ऊर्जा संयंत्र से ग्रिड उपकेंद्र हवेली खड़गपुर और लखीसराय तक नई संचरण लाइन के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जा रही है जिससे क्षेत्र के उपभोक्ताओं को निरंतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह परियोजना राज्य में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के माध्यम से पीक आवर में चार से पांच घंटे तक निर्बाध बिजली आपूर्ति संभव होगी। अधिकारियों के अनुसार कजरा सौर ऊर्जा संयंत्र देश की सबसे बड़ी बैटरी स्टोरेज आधारित सौर परियोजनाओं में से एक है।

## आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ बिमलगढ़ अमृत स्टेशन का पुनर्विकास




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कर रहा है। इस योजना का उद्देश्य बेहतर अवसंरचना, सुगम पहुंच और आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से यात्रियों की सुविधाओं में सुधार करना है। यह योजना स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित दृष्टिकोण अपनाती है तथा क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और सुचारु आवागमन को भी बढ़ावा देती है। इस योजना के अंतर्गत ओडिशा के 59 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। बिमलगढ़ रेलवे स्टेशन इनमें से एक चयनित स्टेशन है। बिमलगढ़ स्टेशन ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में स्थित है। यह स्टेशन यात्री आवागमन और माल ढुलाई-दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। पुनर्विकास के बाद स्टेशन अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल बनेगा। कार्यक्रम के तहत बुनियादी अवसंरचना और यात्री सुविधाओं में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक नया स्टेशन भवन उन्नत मुखौटे (फसाड) के साथ बनाया जा रहा है। नए प्रवेश और निकास द्वार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नया सर्कुलेटिंग एरिया और बेहतर प्लेटफॉर्म शेल्टर यात्रियों की आवाजाही और आराम को बेहतर बनाएंगे। दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सर्कुलेटिंग एरिया और प्लेटफॉर्म पर दिव्यांगजन शौचालय उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही रैम्प, जल बूथ, टैक्टाइल पाथ और ब्रेल साइनेज भी लगाए जा रहे हैं ताकि सभी के लिए सुगम पहुंच सुनिश्चित की जा सके। अन्य यात्री सुविधाओं में प्रतीक्षालय और नई बैठने की व्यवस्था शामिल है। प्लेटफॉर्म की सतहों में सुधार किया जा रहा है।

कैनोपी और फसाड उन्नयन भी कार्यों का हिस्सा हैं। स्टेशन की दीवारों पर स्थानीय कला और सांस्कृतिक विषयों की पेंटिंग की जा रही है जिससे क्षेत्रीय पहचान को दर्शाया जा सके। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बिमलगढ़ स्टेशन का पुनर्विकास आधुनिक, समावेशी और यात्री-केंद्रित रेलवे अवसंरचना की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## पटना कलम पेंटिंग्स शैली जीवंत होकर रहेगी : आनंद मोहन झा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंटैक, पटना चैप्टर द्वारा आयोजित पटना कलम पेंटिंग्स शैली का सातवां प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव ने कहा कि पटना सिटी क्षेत्र को हजार वर्षों से अधिक समय तक भारत की राजधानी रहने का गौरव प्राप्त रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा समेकित प्रयास होगा कि यह शैली फिर से जीवंत हो जाय। पटना की महापौर सीता साहू ने पटना कलम पेंटिंग्स शैली को जीवन्त बनाने के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पीढ़ी के चित्रकारों पर अब यह दायित्व आ गया है। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए समाजसेवी राजेश वल्लभ ने कहा कि समाज और सरकार दोनों के प्रयास से ही यह शैली जीवंत हो सकती है। आनंद मोहन झा ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि जब तक हरेक घरों तक पटना कलम की पेंटिंग्स नहीं पहुंचेंगी, तब तक इसे जीवंत नहीं माना जाएगा। इंटैक, पटना चैप्टर के संयोजक भैरव लाल दास ने कहा कि इस शैली को जीवन्त बनाने के लिए पटना सिटी क्षेत्र में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने मांग किया कि पटना सिटी क्षेत्र में एक आर्ट गैलरी की आवश्यकता है। प्रशिक्षण के संयोजक कमल नयन श्रीवास्तव ने आशा व्यक्त किया कि स्कूल, कॉलेज और कला संस्थानों में ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता है। वरिष्ठ कलाकार और प्रशिक्षक जीतेंद्र मोहन ने संतोष व्यक्त किया कि इतने कम समय में अच्छे पेंटिंग्स तैयार हुए हैं। पटना कलम के विश्व प्रसिद्ध कलाकार मुंशी महादेव लाल के पौत्र निर्मल कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मेरे लिए अलग से प्रसन्नता का विषय है कि मेरे जीवन काल में ही पटना कलम पेंटिंग्स को जीवन्त बनाने का प्रयास आरम्भ हो गया।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 3 रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## कृषि रोड मैप के तहत फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना

### आधुनिक यंत्रीकरण से सशक्त होंगे किसान, उत्पादन व उत्पादकता में होगी वृद्धि : राम कृपाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि राज्य का हर किसान विशेषकर लघु एवं सीमांत किसान–आधुनिक, वैज्ञानिक और लाभकारी खेती से जुड़ सके। इसी उद्देश्य के साथ कृषि रोड मैप के अंतर्गत फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना की जा रही है। ताकि किसानों को खेती के हर चरण में उन्नत कृषि यंत्र समय पर और सुलभ रूप से उपलब्ध हो सके। मंत्री ने कहा कि जुताई से लेकर बुआई, रोपनी, कटाई और थ्रेसिंग तक खेती की हर महत्वपूर्ण प्रक्रिया में समय का अत्यधिक महत्व होता है। फार्म मशीनरी बैंक के माध्यम से किसानों को आधुनिक यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी जिससे न केवल खेती की लागत घटेगी, बल्कि फसल की गुणवत्ता और उपज में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह योजना किसान की मेहनत को सम्मान देने और उसे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने बताया कि फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के लिए अधिकतम 10.00 लाख रुपये की परियोजना लागत निर्धारित की गई है। स्थानीय फसल चक्र को ध्यान में रखते हुए जुताई, बुआई/रोपनी, हार्वेस्टिंग एवं थ्रेसिंग से संबंधित प्रत्येक कृषि क्रिया हेतु कम से कम एक-एक आधुनिक यंत्र शामिल करना अनिवार्य होगा। इस योजना के अंतर्गत कुल परियोजना लागत पर 80 प्रतिशत तक, अधिकतम 8.00 लाख रुपये का अनुदान राज्य सरकार द्वारा प्रदान किया जा रहा है। ताकि किसानों एवं कृषक समूहों पर आर्थिक बोझ न पड़े। मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के प्रत्येक जिले में एक-एक फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## आपदा मित्रों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मेरा युवा भारत, बिहार एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण में युवाओं की बढ़-चढ़कर भागीदारी देखने को मिली। संचालित किए जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वैशाली जिले के 100 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार सुरक्षित निकासी, भीड़ प्रबन्धन, आपदा पूर्व तैयारी तथा आपदा के बाद पुनर्वास से संबंधित जानकारी दी गई जिस तरह से युवतियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया है इनकी सहभागिता न केवल समाज में जागरूकता बढ़ाएगी। बल्कि आपदा के समय महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गों की सहायता में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह प्रशिक्षण युवाओं को जिम्मेदार, सक्षम और सेवा भाव से प्रेरित नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। मेरा युवा भारत के राज्य निदेशक सूर्यकांत कुमार ने बताया कि हर पंचायत में आपदा मित्रों को प्रशिक्षित कर स्थानीय स्तर पर आपदा के जोखिम को कम किया जायेगा। वही प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि मेरा युवा भारत युवाओं के सर्वांगिग विकास का सवसे बड़ा मंच है। आपदा मित्रों के ऊपर समाज में जागरण की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

## दो दिवसीय विकसित भारत@ 2047 चित्र प्रदर्शनी का मंत्री संजय कुमार सिंह ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भगवानपुर(हाजीपुर)।** विकसित भारत @ 2047 विषय पर केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में किया गया। प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन मंत्री लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर के किया। चित्र प्रदर्शनी में भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। इस अवसर पर मंत्री लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग संजय कुमार सिंह ने कहा कि भारत आज अपने स्वर्णिम अमृत काल में प्रवेश कर चुका है आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प ही विकसित भारत@ 2047 का मूल मंत्र है। यह केवल आर्थिक प्रगति का लक्ष्य नहीं है बल्कि समावेशी न्यायपूर्ण आत्मनिर्भर और सतत विकास की एक समग्र राष्ट्रीय दृष्टि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में भारत ने संरचनात्मक सुधरो बुनियादी ढांचे के विस्तार डिजिटल परिवर्तन तथा सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भूतपूर्व दिशा हासिल की है। बिहार में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की स्थापना राज्य के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और निर्यात को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से किसानों को संगठित कर उन्हें बाजार से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल की गई है। यह पल बिहार को वैश्विक सुपर फूड मानचित्र पर स्थापित करने का एक मजबूत आधार प्रदान करती है।

वही प्रति कुलपति डॉ बसंत सिंह ने कहा कि युवाओं की भागीदारी विकसित राष्ट्र के निर्माण में अहम है।देश के युवा हर क्षेत्र में अपनी सजगता से देश का नाम रोशन कर रहे हैं। सीबीसी के सर्वजीत सिंह ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि विकसित भारतअ चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिससे लोगों को सही और सटीक जानकारी उपलब्ध हो रही है।विकसित भारतअ2047 की अवधारणा पर यह प्रदर्शनी आधारित है। कार्यक्रम के दौरान जादू का शो और पंजीकृत सांस्कृतिक दल के द्वारा गीत एवं नाटक के कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

## रेलवन ऐप से बुक करें अनारक्षित टिकट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा और डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवन मोबाइल एप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की बुकिंग पर 3% की छूट देने का निर्णय लिया है। यह विशेष सुविधा 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक लागू रहेगी। आर-वालेट को छोड़कर रेलवन एप पर उपलब्ध सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों जैसे यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग से अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को इस छूट का लाभ मिलेगा। रेलवन एप के आर-वॉलेट से अनारक्षित टिकट बुक करने पर पहले से ही 3% कैशबैक बोनस मिल रहा है। यानी यात्रियों को डिजिटल भुगतान करने पर सीधी 3% छूट और आर-वालेट से भुगतान करने पर 3% कैशबैक। इस प्रकार रेलवन ऐप पर डिजिटल भुगतान द्वारा अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को लाभ सुनिश्चित होगा। इस कदम का उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल माध्यम से टिकट खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना और नकद लेन-देन को कम करना है। इस योजना से डिजिटल टिकटिंग को व्यापक बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों को अधिक सुविधा प्राप्त होगी।

## प्रभु आहार फाउंडेशन ने बच्चियों के बीच ठंड से बचाव हेतु वितरित किए ऊनी वस्त्र




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए प्रभु आहार फाउंडेशन की ओर से एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। फाउंडेशन द्वारा खिलखिलाहट रेनबो होम, राजवंशी नगर, पटना में रहकर अध्ययन कर रही गरीब एवं जरूरतमंद बालिकाओं को ठंड से बचाव के लिए ऊनी मफलर, ऊनी मोजे सहित अन्य गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि वर्तमान में बढ़ती ठंड बच्चों, विशेषकर गरीब और बेसहारा वर्ग के लिए गंभीर समस्या बन जाती है। ऐसे में समाज के सक्षम लोगों और संस्थाओं का यह दायित्व है कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करें। उन्होंने कहा कि प्रभु आहार फाउंडेशन शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर भी लगातार प्रयासरत हैं। कार्यक्रम के दौरान रेनबो होम की बच्चियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। संस्था के साकेत ने फाउंडेशन के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। फाउंडेशन के महासचिव मुकेश जैन ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। ताकि समाज के कमजोर वर्ग को सम्मानपूर्वक जीवन जीने में सहयोग मिल सके। मौके पर फाउंडेशन के आदित्य राज ने बताया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों की मांग एवं इस ट्रेन की उपयोगिता को देखते हुए इनके परिचालन अवधि में निम्नानुसार विस्तार किया जा रहा है-बोकारो स्टील सिटी-मुरी-रांची-राउरकेला के रास्ते चलायी जा रही स्पेशल - गाड़ी सं. 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल अब 01.01.2026 से 28.02.2026 तक प्रतिदिन परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल अब 02.01.2026 से 01.03.2026 तक प्रतिदिन परिचालित की जायेगी। टाटा-रांची-लोहरदगा-लातेहार-डालटनगंज-चोपन-सिंगरौली के रास्ते चलायी जा रही स्पेशल - गाड़ी सं. 08611 संतरागाछी-अजमेर स्पेशल अब 05.01.2026 से 23.02.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी।

**बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय**
**बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय प्राँगण, पटना-800014**

प0सं0.:960/सि0पी0ओ0/बि0प0वि0विश्व0, पटना दिनांक.:29/12/2025

**निविदा-सूचना**

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा दो–बिड प्रणाली (तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली) के अंतर्गत, प्रतिष्ठित, पात्र एवं योग्य फर्मो/निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से https://eproc2.bihar.gov.in/EPSV2Web/ के माध्यम से निम्नलिखित उपकरणों के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जा रही हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सेमी ऑटोमैटिक पोल्ट्री मैश फीड प्लांट | निविदा आईडी: 121293 |
| 2. | बायोलॉजिकल कंप्यूटर प्रोग्राम्ड सीमेन फ्रीजर | निविदा आईडी: 121297 |

जिसके लिए मुहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 21/01/2026 के सायं 5:30 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्पीड पोस्ट/हस्तगत द्वारा प्राप्त किया जाएगा। विस्तृत निविदा सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट https://basu.org.in/ पर उपलब्ध है।

केंद्रीय क्रय पदाधिकारी
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

C M Y K






# सुलभ मार्ग, दिव्य दर्शन— सर्दियों में भी चारधाम का आशीर्वाद

सर्दियों के दौरान जब हिमपात के कारण चारधाम (यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ) के कपाट बंद हो जाते हैं, तब उनके विग्रह प्रतिमाओं को पारंपरिक डोली यात्रा के माध्यम से नजदीकी शीतकालीन पूजा स्थलों में स्थापित किया जाता है। इन ही मंदिरों में 6 महीनों तक पूजा-अर्चना और दर्शन किए जाते हैं। इसे ही **विंटर चारधाम यात्रा** कहा जाता है। शीतकालीन पूजा के दौरान भक्तगण बिना कठिन पर्वतीय यात्रा के अधिक सुलभ मार्ग से दिव्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। इस अवधि में पारंपरिक डांडियों, ढोल-नगाड़ों की गूंज और स्थानीय सांस्कृतिक परंपराओं का अद्भुत अनुभव श्रद्धालुओं को एक अनोखी आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करता है। साथ ही, आसपास स्थित धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थानों और पर्यटन स्थलों के विशिष्ट आकर्षणों को भी करीब से देखने का अवसर मिलता है। शीतकालीन चार धाम व्यवस्था न केवल आस्था का उत्सव है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, होमस्टे एवं ग्रामीण पर्यटन को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देती है, जिससे क्षेत्रीय समुदाय की आजीविका और समृद्धि को नए आयाम मिलते हैं।

"मानिनीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य स्थायी नीतियों और रणनीतिक पहलों के माध्यम से राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे में सुधार करना और नागरिकों की जीवन में गुणवत्ता को बेहतर करना है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# प्रकृति की पवित्र पहचान— GI टैग वाले उत्तराखंडी उत्पाद

Geographical Indications of Goods (Registration and Protection) Act, 1999 के अंतर्गत GI टैग उन वस्तुओं को मिलता है जो **विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र** से आती हैं और जिनमें उस क्षेत्र विशेष की **प्राकृतिक विशेषताएँ, उत्पादन पद्धति या सामाजिक-सांस्कृतिक परंपरा** जुड़ी होती है। GI टैग का मुख्य उद्देश्य है: उस उत्पाद को "सिर्फ उस क्षेत्र का असली संस्करण" बताना, नकली या अन्य स्थानों में बनाये गए समान उत्पादों से उसे अलग करना, और स्थानीय किसानों/कुशल कारिगरों को आर्थिक लाभ देना।

## उत्तराखंड के GI-टैग वाले उत्पादों की सूची -

- तेजपात
- बेरीनाग चाय
- मंडुआ
- गहत
- बुरांस का शरबत
- सफ़ेद राजमा
- लीची (रामनगर)
- झंगोरा
- काला भट्ट
- पहाड़ी तोर
- लखौरी मिर्च (अल्मोड़ा)
- रामगढ़ आड़ू
- लाल चावल (पुरोला)
- माल्टा
- बिच्छुआ




# विंटर वंडरलैंड – बर्फ से ढ़के पहाड़ों की गोद में एक यादगार सफ़र



**उत्तराखण्ड की सर्दियाँ—** रोमांच, अध्यात्म और प्रकृति प्रेम का अद्भुत संगम, बर्फ से ढकी ऊँची पर्वत चोटियाँ, शांत झीलों का निर्मल सौन्दर्य, देवालयों में गूँजती घंटियों की ध्वनि और ठंडी हवाओं का मधुर स्पर्श—सर्दियों में उत्तराखण्ड अपने सबसे खूबसूरत रूप में जीवंत हो उठता है। यह मौसम पहाड़ों की असली आत्मा को करीब से महसूस करने का दुर्लभ अवसर देता है।

जब ऊँचे हिमालयी क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर ओढ़ लेते हैं, तब राज्य के कई स्थल एक खास विंटर टूरिज़्म सीज़न के रूप में पर्यटकों का स्वागत करते हैं। विंटर चारधाम पूजा, बर्फीले बुग्याल, रोमांचकारी ट्रेकिंग मार्ग, वॉटर स्पोर्ट्स, पारंपरिक गाँवों में होमस्टे, और सांस्कृतिक उत्सव—हर अनुभव इस यात्रा को यादगार बना देता है।





यह यात्रा केवल आत्मिक शांति और प्राकृतिक सौन्दर्य का उपहार नहीं, बल्कि स्थानीय समुदायों की आजीविका, होमस्टे, और ग्रामीण पर्यटन को नई शक्ति देने वाला अवसर भी है, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और समृद्धि को एक नया रास्ता मिलता है।

# हस्तशिल्प और अन्य उत्पाद


**ऐपण कला**
पारंपरिक कुमाऊँनी कला


**रिंगाल शिल्प**
रिंगाल बाँस से बने हस्तशिल्प


**टम्टा**
ताँबे के उत्पाद


**थुलमा**
एक प्रकार का हस्तशिल्प


**भोटिया दान**
भोटिया समुदाय की एक हस्तशिल्प वस्तु


**लिखाई लकड़ी की नक्काशी**
लकड़ी पर की गई जटिल नक्काशी


**नैनीताल मोमबत्ती**
नैनीताल में बनने वाली मोमबत्तियाँ


**कुमाऊँनी रंगीन पिछौड़ा**
पारंपरिक रूपांकनों वाला एक रंगीन कपड़ा


**रम्माण मुखौटा**
चमोली रम्माण उत्सव में इस्तेमाल होने वाले लकड़ी के मुखौटे

# मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों से आग्रह

### सिंगल-यूज़ प्लास्टिक से बचें

हिमालय के शांत परिदृश्यों की खोज करते समय, स्वच्छता को प्राथमिकता दें। पहाड़ों के नाजुक पर्यावरण की रक्षा के लिए हमेशा सिंगल- यूज़ प्लास्टिक से बचें।



### यातायात नियमों का पालन करें



पहाड़ों में यात्रा करते समय, यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। सतर्क रहें क्योंकि हर जीवन अनमोल है। अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें और दूसरों की सुरक्षा का सम्मान करें।

# परिवार-सा अपनापन और पहाड़ों सा सुकून-उत्तराखण्ड होमस्टे



उत्तराखण्ड के होमस्टे न सिर्फ़ यात्रियों को पहाड़ों के बीच सुकून भरा ठहराव देते हैं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए आय का महत्वपूर्ण साधन भी बन रहे हैं। पर्यटक जब किसी गाँव या छोटे कस्बे में होमस्टे में रुकते हैं, तो उन्हें स्थानीय संस्कृति, भोजन, परंपराओं और ग्रामीण जीवन का असली अनुभव मिलता है। वहीं दूसरी ओर, होमस्टे से मिलने वाली कमाई सीधे स्थानीय परिवारों तक पहुँचती है, जिससे उनकी रोज़गार के अवसर बढ़ते हैं। इससे पहाड़ों से पलायन कम होता है, महिलाएँ आत्मनिर्भर बनती हैं और गाँवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।होमस्टे की यह व्यवस्था पहाड़ के हर घर को पर्यटन से जोड़ती है—जहाँ पर्यटक को परिवार जैसा स्नेह मिलता है और स्थानीय लोगों को एक स्थायी आजीविका का मार्ग।

### वोकल फॉर लोकल



अपनी यात्रा के दौरान, स्थानीय उत्पाद खरीदकर स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करें। अपने यात्रा खर्च का कम से कम 5% प्रामाणिक स्थानीय वस्तुएँ खरीदने के लिए आवंटित करें।

### तीर्थ स्थलों की पवित्रता का सम्मान करें

धार्मिक स्थलों पर जाते समय परंपराओं, रीति- रिवाजों और स्थानीय रीति-रिवाजों का सम्मान करें। इन पवित्र स्थलों की गरिमा बनाए रखें और नियमों को समझने और उनका उचित पालन करने के लिए स्थानीय लोगों से सहायता लें।



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर याद किये गए पैक्स अध्यक्ष पंकज



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** व्यापार मण्डल रोह व मड़रा के पैक्स अध्यक्ष रह चुके स्व. पंकज कुमार की मंगलवार को दसवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसको सम्बोधित करते हुए एमएलसी सह जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने मड़रा गांव में कहा कि पंकज कुमार न सिर्फ व्यापार मंडल और पैक्स अध्यक्ष थे। बल्कि सामाजिक कर्मयोद्धा भी थे। इनके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों की कितनी भी गिनती और सराहना की जाय कम पड़ जायेगा। इसके अलावा बिहार सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा की अब हर पंचायत में 55 लाख रूपये की लागत से कन्या विवाह मंडप बनाया जायेगा। वहीं पूर्व विधायक मो. कामरान ने कहा कि ये गरीबों के सच्चे हितैषी थे। और आज इनका परिवार भी उन्ही के पद चिन्हो पर चलकर समाज को नया आयाम देने के लिए तत्पर है। इसके पूर्व उपस्थित आगत अतिथियों ने स्व. पंकज कुमार के प्रतिमा पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मड़रा पैक्स अध्यक्ष नीतू कुमारी और संचालन शिक्षाविद अविनाश कुमार निराला ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन स्व. पंकज कुमार के बड़े भाई अमरेंद्र कुमार चुन्नू ने किया। इस श्रद्धांजलि सभा को मुखिया शैलेन्द्र महतो, पूर्व मुखिया सरस्वती देवी, पूर्व जिला पार्षद अनिरुद्ध सिंह, लोकपाल नरेंद्र सिंह, जिला पार्षद विधा भूषण केवट, देवजीत कुमार सिंह, राहुल कुमार चुलबुल, राजीव रंजन, दीपक कुमार मुन्ना, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, विशु कुमार, अवधेश महतो, सरपंच प्रमोद पाण्डेय, दीपचंद आदि ने सम्बोधित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में गन्यमान्य व स्थानीय महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### नवादा पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**नवादा।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में नवादा पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न चौक-चौराहों और प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना, सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाना तथा अपराध पर अंकुश लगाना रहा। वाहन जांच अभियान के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिसकर्मियों ने हेलमेट, सीट बेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं बीमा कागजात की जांच की। बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और अवैध रूप से वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान काटे गए तथा कई वाहनों को जब्त भी किया गया। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नियमों का पालन करना न केवल कानूनी बाध्यता है, बल्कि यह स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। अभियान के दौरान लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में समझाया गया तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई। नवादा पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। आम जनता से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें, आवश्यक कागजात साथ रखें और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं। स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से सड़क पर अनुशासन बनेगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। नवादा पुलिस का यह कदम जिले में कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### मंझवे का एपीएचसी जर्जर, डॉक्टर कर्मी समेत मरीजों की जान खतरे में

**हिसुआ (नवादा)।** नवादा जिले के हिसुआ प्रखंड के मंझवे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान भारत, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर रोग ग्रस्त अवस्था में है। दीवार सफेद रोग ग्रस्त, केवाड़ी लकवा ग्रस्त, छत चर्म रोग ग्रस्त से परेशान है। डॉक्टर अबू शमां ने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी डिलीवरी रूम, ड्रेसिंग रूम, लैब रूम, मेडिसिन रूम जर्जर हो चुका है। दीवार रंग पुताई नहीं होने के कारण सफेद और कालापन जैसा दिखाई दे रहा है। वहीं दूसरी ओर दीवार और छत का प्लास्टर टूट टूट कर गिरते रहता है। दीवार और छत कब गिर जाएगा,जिससे जान खतरे में रहता है। हम लोग स्वास्थ्य केंद्र में अल्लाह ईश्वर के भरोसे ड्यूटी करते हैं। यहां प्रत्येक दिन ओपीडी के दौरान 60 से 80 मरिज देखा जाता है। प्रत्येक माह के 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के तहत गर्भवती महिलाओं को हेल्थ चेकअप की जाती है। लिहाजा अस्पताल में काफी भीड़ रहती है। यहां एक चापाकल है। लेकिन खराब रहता है, जिसके कारण पानी के लिए काफी मशक्कत करना पड़ता है। छत पर पानी टंकी और नीचे नल लगा दिया गया है लेकिन समरसेबुल खराब रहता है। नतीजा पानी का किल्लत हो रहा है। इस मौके पर डॉक्टर नर्स कंपाउंडर लैब्रियन कंप्यूटर ऑपरेटर समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### समेकित कृषि प्रणाली पर पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय प्रशिक्षण शुरू

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरनौत प्रखंड के नेहुसा गांव स्थित रेनबो एग्रो फार्म परिसर में आत्मा समेति सहाय योजना के अंतर्गत समेकित कृषि प्रणाली विषय पर पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 27 दिसंबर से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड राज्य के पलामू जिले से चयनित किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान फसल उत्पादन, पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन सहित समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन किया जा रहा है, ताकि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें। इस कार्यक्रम का आयोजन क्षितिज एग्रो टेक, पटना द्वारा किया जा रहा है, जबकि इसका प्रायोजन पलामू आत्मा (कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण), झारखंड द्वारा किया गया है। आयोजकों के अनुसार इस तरह के प्रशिक्षण से किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद मिलेगी। जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकेगा।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के सफल आयोजन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में जिला स्थापना दिवस, गणतंत्र दिवस, आदि के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम हरिशचंद्र स्टेडियम नवादा में होगा। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर ठंढ़ को देखते हुए नवमीं एवं दसवीं कक्षा के छात्रों को प्रभातफेरी में शामिल कर कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई कराने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही उन्हें यह भी निर्देश दिया गया कि शहर में अवस्थित महानुभावों के प्रतिमाओं की साफ-सफाई करायेंगे। मुख्य समारोह स्थल हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा तथा नवादा के सभी सड़कों एवं नालियों की सफाई कराकर चूना छिड़काव की व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद हिसुआ एवं वारिसलीगंज तथा कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत रजौली अपने-अपने क्षेत्रों के अंतर्गत सड़क तथा नालियों की साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। हरिश्चन्द्र स्टेडियम में बैरिकेडिंग की व्यवस्था कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल नवादा अनुमंडल पदाधिकारी नवादा से समन्वय स्थापित कर करेंगे। सार्जेंट मेजर को राष्ट्रीय झंडा को विधि-सम्मत बांधने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय समारोह जो हरिश्चन्द्र स्टेडियम में मनाया जायेगा वहां बैंड पार्टी की व्यवस्था भी करने का निर्देश दिया गया। संयुक्त परेड की व्यवस्था सार्जेंट मेजर, पुलिस केन्द्र नवादा द्वारा की जायेगी एवं राजकीय समारोह स्थल हरिश्चन्द्र स्टेडियम में आठ प्लाटून सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में भी साफ-सफाई कराते हुए झंडातोलन जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने स्तर से करवायेंगे। स्थापना दिवस के अवसर पर सरकारी भवनों को लाईट से सुसज्जित किया जायेगा। विभिन्न विभागों के द्वारा सरकार की योजनाओं से संबंधित आकर्षक और यादगार झांकियां निकालने का निर्देश दिया गया। चयनित महादलित टोले में भी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में वहां के वयोवृद्ध नागरिकों के द्वारा झंडोतोलन का कार्य किया जायेगा एवं स्थानीय नागरिकों को सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के बारे में बतायेंगे। हरिश्चन्द्र स्टेडियम में सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जायेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, एसडीपीओ नवादा सदर, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, कार्यपालक नगर परिषद नवादा के साथ-साथ जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# डाक चौपाल में खोले गए 1600 बचत खाते

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** परवलपुर प्रखंड अंतर्गत शंकरडीह गांव में डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता को डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना एवं उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाना था। डाक चौपाल में सैकड़ों ग्रामीणों, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि डाक विभाग आम जनता को सुलभ, पारदर्शी एवं भरोसेमंद सेवाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि डाकघर अब केवल पत्र वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बैंकिंग एवं डिजिटल सेवाओं का मजबूत केंद्र बन चुका है। डाक चौपाल के दौरान 1600 से अधिक बचत खाते, 58 सुकन्या समृद्धि खाते, 29 आईपीपीबी खाते खोले गए। इसके साथ ही 15 नए आधार कार्ड बनाए गए, 20 आधार अपडेट किए गए तथा 30 बाल आधार बनाए गए। वहीं, मौके पर ही तीन बच्चियों को सुकन्या समृद्धि योजना का पासबुक प्रदान किया गया। इस अवसर पर डाक निरीक्षक विकास राय, रंजीत कुमार एवं अनुमंडलीय डाक निरीक्षक रामाशीष कुमार ने लोगों को सुकन्या समृद्धि योजना, बचत खाता, आवर्ती जमा, टाइम डिपॉजिट एवं डाक जीवन बीमा की जानकारी दी। रामाशीष कुमार ने कहा कि डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे भरोसेमंद वित्तीय संस्था है। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य उदयनन्दन प्रसाद, मुख्य पार्षद रामवृक्ष प्रसाद एवं उपमुख्य पार्षद अक्षय कुमार ने भी डाक विभाग की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को और बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डाक अधिदर्शक सदानंद प्रसाद ने किया। आयोजन को सफल बनाने में मनोज कुमार, मुकेश कुमार, कौशल किशोर सिंह, राकेश कुमार, सुषमा कुमारी, सुमन कुमार, सिंटू कुमार, प्रेम कुमार सहित अन्य कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही

# बिचौलियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले में धान अधिप्राप्ति कार्य की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर के संबंधित पदाधिकारियों के साथ धान खरीद की स्थिति, किसानों को भुगतान एवं व्यवस्थागत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी योग्य एवं निबंधित किसानों से धान की खरीद सुनिश्चित की जाए। धान क्रय प्रक्रिया में यदि कहीं भी बिचौलियों की भूमिका पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने सहकारिता बैंक के एमडी को निर्देश दिया कि किसानों को हर हाल में ससमय भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बताया गया कि जिन किसानों को फसल क्षति का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी सूची जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जानकारी दी कि नालंदा जिले के लिए धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 1,22,085 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 3,350 किसानों से 25,976 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि विभागीय लक्ष्य को सभी पैक्स एवं व्यापार मंडलों में समानुपातिक रूप से वितरित किया गया है। धान अधिप्राप्ति की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि जिन प्रखंडों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं है, वहां के प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की जाए। साथ ही रूट ऑप्टिमाइजेशन के तहत पैक्स से मिलों की टैगिंग संबंधी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

# प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की खुदकुशी

### मृतका की मां ने पति और ससुराल वालों पर लगाया गंभीर आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के धमौल थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में में पति की प्रताड़ना और तलाक की बात से परेशान एक विवाहिता ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रामबालक रविदास की 26 वर्षीया पुत्री नेहा कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार नेहा की शादी वर्ष 2022 में शेखपुरा जिले के सऊदी गांव निवासी जोगी रविदास के पुत्र आशीष कुमार से हुई थी।

आरोप है कि शादी के महज 15 दिन बाद से ही नेहा को ससुराल में प्रताड़ित किया जाने लगा। पति आशीष कुमार द्वारा लगातार गाली-गलौज, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। यही कारण था कि नेहा को ससुराल में एक महीने से अधिक समय तक रहने नहीं दिया गया। मामले को सुलझाने के लिए गांव स्तर पर पंचायत भी बुलाई गई थी, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद पति-पत्नी के बीच तलाक की बात शुरू हो गई, जिससे नेहा मानसिक रूप से काफी टूट गई थी। बताया जा रहा है कि प्रताड़ना से तंग आकर नेहा ने घर के एक बंद कमरे में जहर खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही धमौल थाना प्रभारी हिमांशु कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां मीरा देवी ने ससुराल पक्ष के खिलाफ लिखित आवेदन देकर पति समेत अन्य लोगों पर तलाक को लेकर प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन में नालंदा जिला आगे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** वर्ष 2025 के दौरान नालंदा जिले में आम लोगों से प्राप्त परिवादों के निष्पादन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सतत निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर प्रत्येक साप्ताहिक समीक्षा बैठक में परिवाद पत्रों की गहन समीक्षा की गई, जिससे समस्याओं का समयबद्ध समाधान करते हुए लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया गया। राशन कार्ड निर्गत करने एवं सुधार से जुड़े आवेदनों पर लगातार कार्रवाई की गई। जून 2025 में लंबित 1336 आवेदनों का निष्पादन किया गया, जबकि नवंबर माह में लंबित 8277 आवेदनों को दिसंबर 2025 में विशेष समीक्षा एवं अनुश्रवण के बाद निष्पादित कर दिया गया। वर्तमान में इस श्रेणी में कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। नल-जल योजना से संबंधित शिकायतों के निष्पादन में भी प्रशासन ने प्रभावी पहल की। जून से दिसंबर 2025 के बीच प्रखंड स्तर पर प्राप्त 967 शिकायतों का निरंतर अनुश्रवण करते हुए सभी मामलों का समाधान कर दिया गया, जिससे इस मद में भी लंबित मामलों की संख्या शून्य हो गई है। लोक शिकायत निवारण के तहत जिला एवं अनुमंडल स्तर पर सुनवाई लगातार जारी रही। जून से दिसंबर 2025 तक जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय में प्राप्त 518 आवेदनों में से 443 मामलों का निष्पादन किया गया, जो 85.52 प्रतिशत है। वहीं अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, बिहारशरीफ, हिलसा एवं राजगीर में प्राप्त 3063 आवेदनों में से 2425 मामलों का समाधान किया गया, जिसका निष्पादन प्रतिशत 80.09 रहा। अपील से जुड़े मामलों में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई। द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के अंतर्गत प्राप्त 223 आवेदनों में से 182 का निष्पादन कर 81.61 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई। प्रथम अपीलीय प्राधिकार में प्राप्त 546 आवेदनों में से 426 का समाधान कर 78.02 प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया गया। न्यायालय संबंधी मामलों में जून से दिसंबर 2025 के बीच कुल 350 मामलों में से 263 का निष्पादन किया गया है, जबकि शेष मामलों पर कार्रवाई जारी है। इसी अवधि में एम.जे.सी. के 76 मामलों में से 67 तथा एल.पी.ए. के 10 मामलों में से 9 का निष्पादन किया जा चुका है। जमीन से जुड़े मामलों में भी प्रशासन ने गति दिखाई है। जून से दिसंबर 2025 के बीच दाखिल-खारिज के लिए प्राप्त 23,436 आवेदनों में से 20,246 को स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में 3573 आवेदन लंबित हैं, जिनमें 75 दिनों से अधिक के मात्र 92 मामले हैं। समय सीमा के भीतर निष्पादन के लिए अंचल अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा की जा रही है। जमीन मापी के लिए प्राप्त 2654 आवेदनों में से 1945 मामलों में मापी कार्य पूरा कर लिया गया है। परिमार्जन प्लस पोर्टल पर तकनीकी सुधार (टेक्निकल रेक्टिफिकेशन) के लिए जून से दिसंबर 2025 के बीच प्राप्त 29,205 आवेदनों सहित पूर्व से लंबित मामलों को मिलाकर कुल 30,858 मामलों का निष्पादन किया गया है, जिससे निष्पादन प्रतिशत 93.38 रहा। वहीं लेफ्ट आउट जमाबंदी से संबंधित कुल 9341 आवेदनों में से जून से पूर्व लंबित मामलों सहित 9747 मामलों का निष्पादन कर 89.55 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। शेष मामलों की समीक्षा कर शीघ्र निष्पादन की कार्रवाई जारी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में सतत निगरानी एवं कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# अवैध बालू खनन को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत कुलना गांव में अवैध बालू खनन का मामला सामने आया है। इस संबंध में कुलना गांव निवासी मनोज कुमार ने जिला खनन पदाधिकारी, नवादा को लिखित आवेदन देकर यथाशीघ्र जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके गांव के समीप स्थित खुशे नदी में बालू माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

मनोज कुमार ने अपने आवेदन में बताया है कि गांव के कुछ लोग संगठित होकर नदी से अवैध रूप से बालू का दोहन कर रहे हैं और उसका व्यापार खुलेआम किया जा रहा है। इसके साथ ही बालू के अवैध परिवहन में ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों का भी उपयोग किया जा रहा है। लगातार हो रहे बालू खनन के कारण खुशे नदी में बालू की मात्रा लगातार कम होती जा रही है, जिससे नदी का जलस्तर प्रभावित हो रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अवैध बालू खनन के चलते नदी का कटाव तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण नदी पर बने कई पुराने घाट और अस्थायी संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं। साथ ही नदी पार कर खेती करने वाले किसानों और आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश में भी नदी में जलस्तर अचानक बढ़ने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

# 102 एंबुलेंस सेवा मरीज के लिए बनी वरदान

### इमरजेंसी के दौरान मरीजों को मिल रहा है एंबुलेंस का सहयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के सदर अस्पताल सहित सभी पीएससी, सीएससी में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में जैन प्लस द्वारा संचालित 102 एंबुलेंस सेवा ने कई उपलब्धियां हासिल की है। यह एंबुलेंस कम समय में मरीजों को पटना सहित उच्च स्तरीय अस्पताल तक पहुंचाने के साथ ऑक्सीजन और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं से लैस है, जिससे यह मरीज के लिए वरदान साबित हो रही है। एंबुलेंस पर टेक्नीशियन की मौजूदगी मरीजों को हायर सेंटर तक सुरक्षित पहुंचाने में मददगार साबित हो रही है।नियमित जांच और निगरानी के साथ मरीजों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाना अपने आप में चुनौती है। जिला प्रबंधक सीएल शिवेंद्र कुमार ने बताया कि 102 एंबुलेंस सेवा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए किसी वरदान से काम नहीं है। इसके कारण मातृ एंव शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है और स्वास्थ्य सेवाएं पहले की तुलना में अधिक सुलभ एवं प्रभावी हुई है। सड़क दुर्घटना में 102 एंबुलेंस की अहम योगदान रहता है। ग्रामीण इलाकों में आपातकालीन परिस्थितियों में अस्पताल तक पहुंचाना पहले बड़ी चुनौती था। विशेषकर दियारा इलाके में आर्थिक तंगी, निजी वाहन की अनुपलब्धता और खराब सड़कों के कारण कई बार गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की जान खतरे में पड़ जाती थी।ऐसे हालात में 102 एंबुलेंस सेवा ने इन समस्याओं को काफी हद तक काम किया है।

# समीक्षा बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रभावी और संवेदनशील क्रियान्वयन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी थानाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

समीक्षा के दौरान अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज एससी/एसटी अत्याचार से संबंधित लंबित मामलों की गहन पड़ताल की गई। एसडीओ ने स्पष्ट और सख्त शब्दों में निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी लंबित प्रकरणों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय और संरक्षण मिल सके। एसडीओ अमित कुमार पटेल ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम का मूल उद्देश्य समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना तथा उनकी गरिमा को बनाए रखना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दबे-कुचले और असहाय लोगों की पहचान कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और प्रशासनिक संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि किसी स्तर पर अधिकारियों या कर्मियों की कोताही सामने आती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर अरुण चौधरी, अधिवक्ता स्वामी सहजानंद सहित सभी बीडीओ, थानाध्यक्ष, कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### परिवादियों की शिकायतों का हुआ निष्पादन

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। आज की सुनवाई में पांच परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से तीन मामलों का ऑन-स्पॉट निवारण कर दिया गया। आज प्रस्तुत द्वितीय अपील मामलों में संजय उर्फ संजीव रंजन द्वारा रास्ता को अवैध कब्जा से अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में, कृष्णा कुमार द्वारा विद्युत विपत्र में पता सुधार कराने के संबंध में तथा धर्मेंद्र कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राशि की फर्जी निकासी के संबंध में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए जांच प्रतिवेदन के आधार पर शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले का निवारण अधिकतम दो माह के भीतर किया जाता है। प्रखंड एवं पंचायत स्तर से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में अपील दायर की जा सकती है। वहीं जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने ओर, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है।


# आंगनबाड़ी व जनवितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध जांच टीम गठित

### प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र से तीन से चार हजार रुपये की अवैध वसूली का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड कार्यालय परिसर अवस्थित सभाकक्ष में विगत 17 दिसम्बर को संपन्न हुए 20 सूत्री कमेटी की बैठक में सदस्यों द्वारा बाल विकास परियोजना एवं जनवितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर लगाए गए आरोपों के विरूद्ध जांच टीम का गठन किया गया है। बीडीओ सह 20 सूत्री कमिटी के सचिव डॉ. अखिलेश कुमार ने दो अलग-अलग जांच टीम का गठन किया है। बता दें कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजली कुमारी पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों से तीन से चार हजार मासिक नजराना वसूलने तथा अपने कार्यालय से फरार रहने का आरोप एवं जनवितरण में घटिया अनाज उपलब्ध कराने एवं पांच किलो के बजाय महज चार किलो राशन देने का आरोप 20 सूत्री उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा एवं अन्य सदस्यों द्वारा लगाया गया था। जिसके विरुद्ध बीडीओ द्वारा जांच कमेटी का गठन किया गया है। प्रखंड 20 सूत्री कमेटी के सचिव सह कौआकोल के प्रखंड विकास पदाधिकारी के हस्ताक्षर से मंगलवार को जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि 17 दिसंबर 2025 को आयोजित 20 सूत्री कमिटी की बैठक में 20 सूत्री कमेटी के उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा ने प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजली कुमारी पर बिना सूचना के अपने कार्यालय से लगातार फरार रहने तथा प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों से तीन से चार हजार रुपये की अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की थी। कमेटी के सदस्यों की मांग पर प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस टीम में 20सूत्री सदस्य मुकुल सिंह, शिवबालक प्रसाद, बबलू चौधरी तथा माहो पासवान को शामिल किया गया है। वहीं जनवितरण की जांच के लिए प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेशनाथ चौधरी के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इस टीम में 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार, अजित कुमार वर्मा एवं ओमप्रकाश चौहान को सदस्य बनाया गया है।

# महिला आरोग्य समिति का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिर्जापुर एवं अंसारनगर अंतर्गत महिला आरोग्य समिति की अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य समिति, नवादा द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति सभाकक्ष, नवादा में किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा महिला आरोग्य समिति की भूमिका, समुदाय के प्रति उनकी जवाबदेही, तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, महिला आरोग्य समिति के सदस्यों को समुदाय स्तर पर बेहतर एवं प्रभावी कार्य करने हेतु प्रेरित और उत्साहित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, नवादा के जिला प्रतिनिधि नवीन कुमार पांडे द्वारा पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विषयवार विस्तृत जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर मास सदस्यों को समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, स्थानीय स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान एवं समाधान सुनिश्चित करने, तथा शहरी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करने हेतु सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिला आरोग्य समितियों की कार्यक्षमता में वृद्धि कर शहरी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक गजेंद्र कुमार, जिला लेखा प्रबंधक सुनील जायसवाल, सहित महिला आरोग्य समिति की अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# गया शहर में पेयजल समस्या को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने किया हस्तक्षेप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि गया जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गया टाउन में विगत कुछ दिनों से पेयजल आपूर्ति की समस्या लगातार सामने आ रही थी। आम नागरिकों से जानकारी मिलने के बाद उन्होंने नगर निगम के उपायुक्त से इस विषय पर विस्तार से बातचीत की। नगर निगम उपायुक्त ने बताया कि पूर्व में गया शहर की जलापूर्ति का कार्य बुडको (बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम) द्वारा किया जा रहा था, लेकिन बुडको का टेंडर अवधि जून माह में समाप्त हो चुका है। इसी कारण जलापूर्ति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हुई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बुडको द्वारा जलापूर्ति का कार्य नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया गया है, लेकिन विभागीय मार्गदर्शन नहीं मिलने के कारण नगर निगम अब तक इसे अपने अधिकार क्षेत्र में पूरी तरह संचालित नहीं कर सका है। इस स्थिति को गंभीर मानते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने नगर निगम उपायुक्त से वार्ता के पश्चात विभागीय मंत्री सह उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को पत्र लिखकर गया नगर निगम को पेयजल आपूर्ति, संचालन एवं रखरखाव से संबंधित विषयों पर शीघ्र विभागीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। डॉ. प्रेम कुमार ने यह भी बताया कि जलापूर्ति से जुड़े कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण समस्या और अधिक गंभीर हो गई थी। हालांकि जिलाधिकारी से बातचीत कर तत्काल हस्तक्षेप कराया गया जिसके बाद फिलहाल जलापूर्ति की समस्या का समाधान कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि गया शहर के नागरिकों को निर्बाध और सुचारु पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में आवश्यक सभी कदम उठाए जाएंगे।

## राजगीर-वाराणसी बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस आठ मार्च से वाराणसी के बजाए चलेगी बनारस से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु राजगीर और वाराणसी के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 14223/14224 राजगीर-वाराणसी-राजगीर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का टर्मिनल परिवर्तन किया जा रहा है। 8 मार्च 2026 से बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस वाराणसी के बजाए बनारस स्टेशन से नये नंबर के साथ परिचालित की जाएगी जिसका विवरण निम्नानुसार है- 8 मार्च, 2026 से टर्मिनल परिवर्तन के उपरांत गाड़ी सं. 14224 वाराणसी- राजगीर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस परिवर्तित गाड़ी संख्या 15138 के साथ बनारस-राजगीर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस बनारस से 20.15 बजे प्रस्थान कर पूर्व निार्रित समय एवं स्टेशनों पर रुकते हुये अगले दिन 6.00 बजे राजगीर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 14223 राजगीर-वाराणसी बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस 9 मार्च, 2026 से परिवर्तित गाड़ी संख्या 15137 के साथ राजगीर-बनारस बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस राजगीर से 21.35 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित समय एवं स्टेशनों पर रुकते हुये अगले दिन 07.15 बजे बनारस पहुंचेगी।

## भारतीय रेल रेलकर्मियों की बेटियों को साइकिल देगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय रेल द्वारा रेलकर्मियों की बेटियों को साइकिल प्रदान करने की योजना शुरू की गई है। इस संबंध में डीडीयू मंडल की ओर से एक पत्र जारी किया गया है जिसमें योजना का लाभ लेने के इच्छुक कर्मचारियों से 27 जनवरी 2026 तक विहित आवेदन पत्र भरकर शाखा के माध्यम से मंडल मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया गया है। जारी पत्र के अनुसार डीडीयू मंडल में कार्यरत ग्रेड-पे 1800 से 2400 तक के अराजपत्रित रेल कर्मचारियों की एक पुत्री, जो पास नियम के अंतर्गत आती हो और कक्षा 6 से 12 तक में अध्ययनरत हो, को साइकिल प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत कुछ अन्य अहर्ताएं भी निर्धारित की गई हैं। आवेदक केवल एक ही पुत्री के लिए आवेदन कर सकते हैं जो पास नियम के तहत आती हो। आवेदन के साथ विद्यालय द्वारा जारी बोनिफाइड सर्टिफिकेट की मूल प्रति तथा अध्ययन से संबंधित अन्य आवश्यक कागजात संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अलावा एचआरएमएस पर अपलोड फैमिली डिक्लेरेशन की स्वअभिप्रमाणित प्रति, जिसमें छात्रा का नाम दर्ज हो, आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। डीडीयू मंडल द्वारा सभी शाखा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उनके अधीन कार्यरत ग्रेड-पे 1800 से 2400 तक के अराजपत्रित रेल कर्मचारियों के बीच इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन सभी संलग्नकों के साथ एक बंच में अग्रसारित कर कल्याण अनुभाग में 27 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा कराने को कहा गया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि 27 जनवरी 2026 के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। योजना के अंतर्गत कम ग्रेड-पे और कम वेतन पाने वाले रेल कर्मचारियों को वरीयता दी जाएगी तथा इस संबंध में एसबीएफ कमिटी का निर्णय अंतिम होगा।

## डोभी में अतिक्रमण हटाने को लेकर चला प्रशासन का बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**डोभी/गया।** डोभी प्रखंड क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुलडोजर कार्रवाई की। यह कार्रवाई अंचल प्रशासन की निगरानी में की गई जिसमें सड़क किनारे एवं सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अंचलाधिकारी एवं पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। ताकि किसी प्रकार की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। प्रशासन ने पहले ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन निर्देशों की अनदेखी किए जाने के बाद बुलडोजर चलाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से सड़क किनारे फल, सब्जी एवं झोपड़ी वाले होटल संचालकों पर काफी प्रभाव पड़ा है। फल एवं सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से उनका जीवन-यापन मुश्किल हो गया है।

## दुकान से साठ हजार के बर्तन चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित दुकान से अज्ञात चोरों ने साठ हजार के लागत की बर्तन चोरी कर ली। चोर आसानी से दुकान के ऊपर लगे करकट को उखाड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया, लेकिन पुलिस को भनक तक न लगी। घटना रविवार की रात घटित हुई। पीड़ित दुकानदार काशी प्रसाद ने बताया कि सोमवार की सुबह दुकान पहुंचा तो देखा कि दुकान का करकट उखाड़ा हुआ है। शक होने पर जांच की तो पाया कि दुकान में रखा साठ किलोग्राम पीतल के बर्तन गायब थे। गायब सामान की कीमत साठ हजार रुपये थी। घटना की सूचना टिकारी थाना की पुलिस को दी गई। सूचना के बाद भी पुलिस घटनास्थल पहुंच जायजा लेने तक मुनासिब नहीं समझा। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि आसपास कई कैमरे लगे है जिससे पुलिस को अहम सुराग मिल सकते हैं, लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच भी नहीं की। मामले को लेकर पीड़ित दुकानदार ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है। टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है। पुलिस जांच में जुटी है।

## सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं चैंबर ट्रस्ट ने शीतलहरी में लोगों को दी राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** गया शहर में शीतलहरी और कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं चैंबर ट्रस्ट गया जी की ओर से 25 दिसंबर से शहर के विभिन्न स्थानों पर रात्रि में अलाव जलाने की योजना के तहत लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में 30 दिसंबर को संध्या 6:00 बजे दवा मंडी पानी टंकी के पास, भदानी मेडिको के समीप, गया जी में अलाव की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही चैंबर कार्यालय, पुरानी गोदाम, केपी रोड में भी अलाव जलाकर ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष बिपेंद्र अग्रवाल, डॉ कौशलेंद्र प्रताप, डॉ अनूप केडिया, महासचिव सुनील कुमार, प्रमोद कुमार भदानी, ओमप्रकाश सेठ, प्राण कुमार मित्तल, हरिनारायण प्रसाद, श्रवण कुमार, सुनील पोद्दार, रवि कुमार और सूरज कुमार सहित चैंबर के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत डोभी में स्वच्छता को लेकर समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया।** नगर पंचायत डोभी कार्यालय में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत साफ-सफाई की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि स्वच्छता विभाग द्वारा समय-समय पर निर्देशों के अनुसार कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि नगर क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाए ताकि आम जनता को स्वच्छ वातावरण मिल सके। इसके अलावा बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, शेरघाटी के पत्रांक 1547, 24-12-25 के निर्देशों के आलोक में नगर पंचायत डोभी क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित स्थलों पर साफ-सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में 30 दिसंबर 2025 को विशेष स्वच्छता अभियान चलाने पर सहमति बनी। नगर पंचायत प्रशासन ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी संबंधित कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

## गुरुआ बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर प्रखंड कार्यालय में एसडीओ ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** बाजार में लगने वाले जाम की समस्या को लेकर शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) मनीष कुमार की अध्यक्षता में गुरुआ प्रखंड कार्यालय में अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचलाधिकारी अतहर जमील, प्रखंड विकास पदाधिकारी सद्दाम हुसैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसडीओ ने जाम की समस्या के समाधान के लिए सबसे पहले आम जनता से सुझाव मांगे। लोगों ने सब्जी बाजार के लिए तीन स्थान सुझाए– रविकांत डॉक्टर के पीछे, पुरानी तालाब परिसर और धनश्याम मार्केट। वहीं टेंपो स्टैंड के लिए मिरचक, पेट्रोल पंप के पास और भवानी स्थान के पास जगह चिन्हित करने का सुझाव दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गुरुआ बाजार में वही मकान तोड़े जाएंगे जिनका मुआवजा पूर्व में सड़क निर्माण के दौरान दिया जा चुका है। इस संबंध में 1 जनवरी से गुरुआ क्षेत्र में नापी कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया जाएगा। इसके अलावा गुरुआ बाजार क्षेत्र में बालू लदे बड़े वाहनों के लिए दिन के समय 'नो एंट्री' लागू करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में पूर्व मुखिया मुरारी प्रसाद, मुखिया पति सुरेंद्र यादव, मुखिया परमेश्वर चौधरी, व्यवसायी मनोज कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष मंटू सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शराब के नशे में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना कांड संख्या 162/25 के तहत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम में नामजद प्राथमिक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजीव रंजन कुमार उर्फ राजा (24 वर्ष), पिता विश्वनाथ रवानी, ग्राम कल्याणपुर, थाना-आंती, जिला-गया के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि अभियुक्त शराब के नशे में ग्राम कल्याणपुर के समीप कल्याणपुर रोड पर हंगामा कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार को न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया।

## दो पक्षों के बीच मारपीट, 12 लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के उसास देवरा गांव में विगत दिनों दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना को लेकर कोंच थाना में दोनों पक्षों की ओर से आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। इस मामले में कुल 12 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। प्रथम पक्ष की ओर से मंजू देवी, पति रोहन पासवान ने दिए गए आवेदन में बताया कि वह अपनी तीनों बेटियों के साथ खेत में धान लेने गई थी। इसी दौरान आरोपियों द्वारा गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। इस मामले में जयप्रकाश पासवान, रविंद्र पासवान, लक्ष्मी देवी, रेणु देवी, गीत देवी तथा उदय पासवान की पत्नी को आरोपी बनाया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से नीरू देवी, पति दीना पासवान ने आवेदन में कहा है कि वह अपने घर से बाहर बधार स्थित खेत में थ्रेसर से धान की दौनी कर रही थी। उसी दौरान उसके गोतिया पक्ष के लोगों ने मारपीट कर दी। इस मामले में रोहन पासवान, मंजू देवी, संजय यादव, राधा देवी, रेशमी कुमारी, पिंकी कुमारी, संतोष पासवान तथा एक अज्ञात व्यक्ति को आरोपी बनाया गया है। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज मंगलवार को कर ली गई है तथा मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## सर्वदेव मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव पर गरीब असहायों के बीच कंबलों का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** गया-राजगीर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 82 पर बैरिया स्थित ब्रह्मस्थान सर्वदेव मंदिर विवाह समिति सह विकास समिति ने मंगलवार को पहला वार्षिकोत्सव धूमधाम से भक्तिमय वातारण में मनाया। मौके पर समाजसेवी सह मंदिर के मुख्यकर्ता दिनेश गुप्ता द्वारा असहाय वृद्ध एवं दिव्यांगों को ठंढ से बचने के लिये कंबलों का वितरण किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने समारोह का उद्घाटन एवं कंबल वितरण करते हुए अपने संबोधन में कहा कि सक्षम व्यक्ति अगर ऐसी परिस्थितियों में सहयोग करते हैं तो उससे बेहतर और कुछ नहीं तथा जिनके जीवन में समाजसेवा सर्वोपरि है उन्हें किसी भी पूजापाठ से अधिक पुण्य मिलता है। ऐसे ही समाज के अन्य सक्षम लोग आगे आकर मानवता की सेवा करें तो दुःख एवं कष्ट जैसा शब्द का उपयोग बंद हो जाएगा। आयोजक दिनेश गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को विभिन्न पंचायतों के पूर्व चयनित 200 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। आगामी फरवरी माह में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर विधिवत वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मौके पर दात्री रिंकी गुप्ता, तैलिक साहु समाज के जिलाध्यक्ष अजय साव, छोटन साव, सुरेन्द्र प्रसाद, जितेन्द्र कुमार, पुजारी किशोरी तिवारी, सुरेन्द्र यादव, देवनन्दन प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे एवं कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाई।

## भारत माता की जयघोष और वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान हो उठा गयाजी शहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया जी।** अधिवेशन के आज तीसरे दिन गया कॉलेज में बसे अधिवेशन स्थल मां अहिल्याबाई नगर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्ग गेवाल बिगहा, कोयरिबाड़ी मोड़, जीबी रोड, गोलपत्थर, टेकारी रोड से काशीनाथ रोड एपीआर मॉल होते हुए महारानी बस स्टैंड के पास पहुंचकर शोभायात्रा खुला अधिवेशन में बदल गया। शोभा यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारो से पूरा शहर गुंजायमान हो गया। विभिन्न जिलों से आये हुए प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और जोश देखने को मिला। शोभायात्रा के रास्ते में जगह-जगह शहर के समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संगठनों जिनमें शहर के व्यवसायी टिंकू गोस्वामी, गोलपत्थर हनुमान मंदिर के पुजारी, समाजसेवी रणधीर केशरी, अलंकार ज्वेलर्स, भाजपा नेता ऋषि लोहानी, दवा व्यवसाई सज्जन पंडा, बजरंगदल नेता दीपक कुमार, दीनदयाल कपड़ा दुकान, दवा विक्रेता सत्यम कुमार आदि ने उत्साह और उमंग के साथ स्वागत की और वे स्टॉल भी लगाए थे जहां जलपान एवं पेयजल की व्यवस्था थी। जगह-जगह शोभायात्रा पर फूलों का बारिश हो रहा था और उनके बीच में ढोल-नगाड़ों के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम का मधुर नारो का गूंज सुन मनमोहक दृश्य लग रहा था। शोभायात्रा में राष्ट्रीय मंत्री श्रवण बी राज, बिहार झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, प्रांत अध्यक्ष विनीत लाल, प्रांत मंत्री सुमित कुमार सिंह, प्रांत संगठन मंत्री दिनेश कुमार, रौशन सिंह, स्वागत समिति के अध्यक्ष संजय रविदास, मंत्री प्रेम सागर, सुनिल बम्बेया, बंटी वर्मा, दीपक कुमार आदि प्रमुख कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## दो जोड़ी ट्रेनों का पुनदाग स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के बोकारो स्टील सिटी एवं मुरी रेलवे स्टेशनों के मध्य स्थित पुनदाग स्टेशन पर आनंद मार्ग धर्म महासम्मेलन के अवसर 6 जनवरी, 2026 तक निम्नलिखित ट्रेनों का 2 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है- गाड़ी सं. 18621 पटना-हटिया पाटलिपुत्र एक्सप्रेस 02.16 बजे पुनदाग रेलवे स्टेशन पहुंचेगी और 02.18 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 18622 हटिया-पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस 00.05 बजे पुनदाग रेलवे स्टेशन पहुंचेगी और 00.07 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु०जनजाति, अनु०जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**
Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

**आम सूचना**

पलामू जिलान्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, वंशी खुर्द, वंशा, मनातू में तत्कालीन रूप से अतिथि शिक्षकों/पार्ट–टाईम डॉक्टर/कांउसलर/महिला नर्स/छात्रावास वार्डन नियुक्ति हेतु दिनांक 05.01.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे Block- A, Second Floor, Meeting Hall में योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार की प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। पलामू जिला के वेवसाईट palamu.nic.in पर Qualified and Rejected Candidate List देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 369676 District(25-26)#D

**कार्यालय नगर परिषद, बिश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com
GOVERNMENT OF JHARKHAND
URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT
NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR
E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | | | | |
| 1 | 9 | UDD/NPB/68/ 2025-26 | Construction of PCC ROAD on kachcha road from Anganbadi to house of Asrfi Ram in ward 9 under BNP . | 1062589.00 | 21252.00 | 5000.00 | 60 day |
| 2 | 20 | UDD/NPB/69/ 2025-26 | Construction of PCC ROAD on kachcha road from house of Sandeep Vishwakarma to house of Anju Yadav in ward 20 under BNP. | 1078406.00 | 21568.00 | 5000.00 | 60 day |
| 3 | 20 | UDD/NPB/70/ 2025-26 | Construction of PCC road over old, damaged, narrow pcc from old retaining wall to aahar of Prema Dubey in Harhepa, ward- 20 under BNP. | 1221863.00 | 24437.00 | 5000.00 | 60 day |
| नागरीक सुविधा मद | | | | | | | |
| 4 | 17 | UDD/NPB/36/ 2025-26 (2nd Call) | Construction of R.C.C DRAIN from house of Shambhu Chandravanshi to house of Lalo Ram in ward-17 under BNP. | 1004660.00 | 20093.00 | 5000.00 | 60 day |
| 5 | 16 | UDD/NPB/71/ 2025-26 | Construction of PCC Road from house of Krishna Ram to Pandu main road AND R.C.C. Drain from house of Ajay Baksrai to Pandu main road via house of Krishna Ram in ward- 16 under BNP. | 1245938.00 | 24919.00 | 5000.00 | 60 day |
| 6 | 6 | UDD/NPB/72/ 2025-26 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Uday Dixit to Shiv mandir in ward-6 under BNP. | 1779643.00 | 35593.00 | 5000.00 | 60 day |
| 7 | 20 | UDD/NPB/73/ 2025-26 | Construction of R.C.C DRAIN from Anganbadi to Govt. School Harhepa in ward-20 under BNP. | 1780045.00 | 35601.00 | 5000.00 | 60 day |
| 8 | 8 | UDD/NPB/74/ 2025-26 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Zahir Ansari to house of Lukumuddin Ansari via house of Abdullah Ansari in ward-8 under BNP. | 1848776.00 | 36976.00 | 5000.00 | 60 day |
| 9 | 8 | UDD/NPB/75/ 2025-26 | Construction of RETAINING WALL from old retaining wall to aahar of Prema Dubey in Harhepa, ward- 20 under BNP. | 1972858.00 | 39457.00 | 5000.00 | 60 day |
| 10 | Date Of Publication Of Tender On Website | | | 02.01.2026, 11:00 AM | | | |
| 11 | Date Start Of Online Submission Of Bids | | | 02.01.2026, 11:00 AM | | | |
| 12 | Last Date/Time Of Online Submission Of Bids | | | 16.01.2026, 11:00 AM | | | |
| 13 | Date Of Bid Opening | | | 17.01.2026, 11:00 AM | | | |
| 14 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 15 | Contact No. Of Procurement Officer | | | 6370767832, 9123121713 | | | |
| 16 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | | 06584 299971 | | | |

NOTE: -
1.Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2.For More Details (Terms & Condition) on the Office Notice Board or https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app

PR 369677 District(25-26)D

प्रशासक, नगर परिषद बिश्रामपुर

संपादकीय

# दिग्विजय- निशाना किस पर?

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक से ठीक पहले सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर पोस्ट की गई एक तस्वीर पर राजनीतिक हल्कों में बवाल मचा है। इसकी प्रतिक्रिया कांग्रेस के साथ भाजपा में भी हुई है। सवाल उठ रहा है कि यह तस्वीर पोस्ट करने के पीछे दिग्विजयसिंह का मकसद क्या था? वो किस पर निशाना साध रहे थे? क्या यह कांग्रेस संगठन पर निशाना था अथवा पार्टी हाइकमान पर? यह तंज था या फिर कांग्रेस को नेक सलाह? बहरहाल दिग्विजयसिंह ने बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक तस्वीर पोस्ट कर लिखा कि चित्र बेहद प्रभावशाली है। उन्होंने लिखा कि आरएसएस का ज़मीनी स्वयंसेवक और जनसंघ-बीजेपी का कार्यकर्ता नेताओं के चरण में बैठकर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश का प्रधानमंत्री बना। ये संगठन की शक्ति है। जब पत्रकारों ने उनसे इस पोस्ट को लेकर सवाल किया कि क्या वो इसके जरिए कांग्रेस संगठन में सुधार चाहते हैं तो दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं आरएसएस और बीजेपी का घोर विरोधी हूं। मैंने केवल उनके 'संगठन' की तारीफ़ की है। दिग्विजय ने यह भी कहा कि चूंकि ये पूरे तरीक़े से संविधान और देश के क़ानून को नहीं मानते हैं, जो आरएसए गैर रजिस्टर्ड संस्था है, जिस पर कोई क़ानून लागू नहीं होता है। लेकिन उनकी संगठन क्षमता का प्रशंसक मैं इसलिए हूं क्योंकि एक ऐसी संस्था जो रजिस्टर्ड नहीं है, वो इतनी शक्तिशाली हो गई कि देश के प्रधानमंत्री लाल क़िले से कहते हैं कि ये विश्व का सबसे बड़ा एनजीओ है। हालांकि इस पर बीजेपी ने प्रतिक्रिया दी कि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है। बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सिर्फ़ दिग्विजय सिंह ने ही राहुल गांधी की समझ पर सवाल नहीं उठाया है बल्कि बराक ओबामा ने भी इसका ज़िक्र किया है। गौरतलब है कि दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर जो तस्वीर साझा की है वो तब की है, जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं बने थे। इस तस्वीर में एक सम्मेलन के दौरान नरेंद्र मोदी बीजेपी के तत्कालीन वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के आगे और नीचे बैठे दिख रहे हैं। इसे साझा करते हुए दिग्विजय सिंह ने लिखा, कोरा साइट पर मुझे यह चित्र मिला। बहुत ही प्रभावशाली है। किस प्रकार आरएसएस का ज़मीनी स्वयंसेवक और जनसंघ, बीजेपी का कार्यकर्ता नेताओं के चरणों में फ़र्श पर बैठकर प्रदेश का मुख्यमंत्री व देश का प्रधानमंत्री बना. ये संगठन की शक्ति है। इस पोस्ट से संदेश गया कि दिग्विजय सिंह ने इसके ज़रिये कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को पार्टी संगठन में बदलाव करने का मैसेज दिया है। हालांकि दिग्विजय सिंह ने पत्रकारों से सफाई के अंदाज में कहा कि उनका मक़सद कांग्रेस संगठन की आलोचना करना नहीं था, उन्हें जो कहना था वो उन्होंने कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में कह दिया है। मीडिया के इस सवाल कि क्या क्या कांग्रेस के संगठन की क्षमता उन्हें कम दिखाई दे रही है? दिग्विजय सिंह ने कहा कि इसमें सुधार की गुंजाइश है और हर संगठन को सुधार की गुंजाइश रखनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी मूल रूप से एक आंदोलन की पार्टी है। लेकिन अब किसी आंदोलन को वोटों में तब्दील करने में हम कमज़ोर पड़ जाते हैं। गौरतलब है कि बीते वैसे 19 दिसंबर को भी दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी से कहा था कि वो सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के साथ-साथ कांग्रेस संगठन पर भी ध्यान दें। कांग्रेस को भी चुनाव आयोग की तरह सुधारों और व्यावहारिक विकेंद्रीकरण की ज़रूरत है।

# मनरेगा के नाम परिवर्तन का औचित्य

**भाजपा की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का नाम बदलकर श्वीबी - जी राम जीय कर दिया है। संसद में प्रतिपक्ष दलों ने इस नाम बदलने का तीखा विरोध किया और जो होना स्वाभाविक भी था। भाजपा और उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ न केवल 11 वर्षों से बल्कि अगर इतिहास में जाया जाए तो 1930 के बाद से ही महात्मा गांधी को बदनाम करने, उनका अपमान करने व उनके विरुद्ध अन्य प्रकार के झूठ फैला रही है और अब इन पिछले 11 वर्षों में इसमें ज्यादा गति आई है, क्योंकि सरकार का संरक्षण है।**

रघु ठाकुर

स्व. बाल ठाकरे की मृत्यु के बाद राजकीय शोक घोषित किए जाने पर एक छात्रा ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी और जिस प्रकार उसे गिरफ्तार किया गया था, जिसे बाद में न्यायपालिका ने रिहा करने का आदेश दिया और कार्यवाही पर रोक लगाई, परंतु आज तक देश में महात्मा गांधी के खिलाफ गंदी-गंदी टिप्पणी करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। व्यक्तिगत तौर पर मैं ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई का पक्षधर नहीं हूं, क्योंकि मैं मानता हूं कि कार्रवाई या दंड से विचार नहीं मरते। मैं चाहता हूं कि समाज के लोग आगे आकर ऐसे झूठे आरोपों का प्रतिकार कर सुनियोजित झूठ फैलाने वालों को तार्किक उत्तर देकर निरुत्तर करें। बाल ठाकरे की घटना का उल्लेख तो मैंने यह बताने के लिए किया है कि देश में दो प्रकार के कानून चलते हैं। यह भी आश्चर्यजनक है कि संघ-भाजपा के लोग अभी तक ऊपरी तौर पर महात्मा गांधी के प्रति श्रद्धा का भाव प्रकट करते हैं, परंतु उनके ही नीचे के अनुयायी महात्मा गांधी के खिलाफगंदे शब्दों के प्रयोग करते हैं। ऊपर से नमन और नीचे से कटन की यह संघ की शिक्षा है, इसके बहुत सारे प्रमाण मैं दे सकता हूं, परंतु अभी वह मेरा विषय नहीं है।

भाजपा के नेताओं और सत्ताधीशों के लिए शब्द कितने अर्थहीन हैं और केवल शब्दों तक सीमित हैं इसका प्रमाण उस दिन मिला जब संसद में उत्तर देते हुए कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी हमारे दिलों में हैं। यह कितना विचित्र था कि जिनके दिलों में महात्मा गांधी हैं उनके कागजों से महात्मा गांधी हटाए जा रहे हैं। यह दिल, दिमाग और शब्दों की कागजों से दूरी शोध का विषय है। मुझे ऐसा लगता है कि महात्मा गांधी के नाम को हटाने के पीछे संघ के तीन उद्देश्य हैं-

1. एक वे देखना और तोलना चाहते हैं कि महात्मा गांधी का नाम हटाने पर देश में क्या प्रतिक्रिया होती है? अगर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं हुई तो उनका अगला चरण नोटों पर से भी गांधी का चित्र हटाने का हो सकता है। उन्हें अंतरमन से गांधी से इतनी घृणा है कि वह गांधी की हर याद को मिटाना चाहते हैं। यह प्रयोग उन्होंने सरकार बनने के बाद तब भी किया था जब केंद्र सरकार ने सफाई का अभियान चलाया था और जिन महात्मा गांधी ने 19वीं सदी के आरंभ से ही जब न संघ का जन्म भी नहीं हुआ था, न श्री मोदी का, तब सफाई का अभियान और संदेश दुनिया को दिया था। तब भी उसमें बापू का चित्र कहीं नजर नहीं आया केवल चश्मा रखा गया, ताकि कोई आरोप लगे तो कहा जाए कि हमने बापू का चश्मा लिया है।



2. दरअसल सरकार को मनरेगा के जो मूल प्रावधान थे उनमें ही परिवर्तन करना था क्योंकि मनरेगा जैसी योजना उनकी नीति के अनुकूल नहीं है। 2014 से 19 के बीच उन्होंने मनरेगा का बजट कम किया था, यहां तक कि काफी समय तक काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी तक नहीं चुकी थी, फिर कई महीनों के बाद लाचार होकर लंबित राशि का एक हिस्सा जारी किया गया। हालांकि वह भी आवश्यकता के अनुसार और लंबित भुगतान के अनुसार पर्याप्त नहीं था। दरअसल मोदी सरकार इस योजना से मुक्ति चाहती है। इस योजना में जो संशोधित प्रावधान किए गए हैं वह बहुत ही चलाकी भरे और अप्रत्यक्ष रूप से कानून को अप्रभावी बनाने वाले हैं। जैसे यह कहा गया है कि सरकार ने कार्य दिवस बढ़कर वर्ष में 100 दिन से 125 दिन कर दिए हैं, परंतु इसके साथ यह भी प्रावधान कर दिया गया है कि यह रोजगार उपलब्ध बजट के अनुसार ही दिए जाएंगे, यानी पहले मनरेगा में न्यूनतम 100 दिन काम देने की सरकार को बाध्यता थी अब सीमा तो 125 दिन की गई है, परंतु बाध्यता नहीं है। जितना पैसा होगा उतने ही दिन काम दिया जाएगा और इसका अर्थ हुआ कि जब बजट नहीं मिलेगा तो काम नहीं मिलेगा। तथा अपने आप बाध्यता की बजाय योजना सरकार के मन पर निर्भर करेगी।

3. सरकार ने नाम बदलने और महात्मा गांधी के नाम की बजाय वीबी राम जी नाम करने के पीछे यह भी रणनीति दिखती है कि प्रतिपक्ष महात्मा गांधी के नाम को लेकर हल्ला गुल्ला करेगा, बहस करेगा, विरोध करेगा और हुआ भी तो भी उन प्रावधानों पर कोई चर्चा नहीं हो सकेगी, जो मनरेगा की मूल आत्मा और विचार को समाप्त करने वाले हैं तथा मौका पाकर भाजपा यह भी प्रचारित करेगी कि हमने तो राम का नाम जोड़ा है, प्रतिपक्ष राम को नहीं मानता इसलिए विरोध कर रहा है और मुझे लगता है कि प्रतिपक्ष जाने अनजाने में भाजपा नेतृत्व के षड्यंत्र का शिकार हो गया।

अच्छा होता कि पहले उन प्रावधानों पर संसद में बहस होती जिनके माध्यम से मनरेगा कानून को निष्प्रभावी बनाने का प्रयास भाजपा सरकार द्वारा किया गया है, देश की जनता इन तथ्यों को जान सकती। कृषि मंत्री श्री शिवराज जी ने संसद में उत्तर देते हुए कहा कि हमने श्रमिकों को मजदूरी के लिये देने की राशि डेढ़ लाख करोड़ रुपये कर दी है, परंतु किसी ने उनसे यह नहीं पूछा कि बजट तो मार्च में आना है उसके पहले आपने वृद्धि कैसे कर दी? तथ्य तो यह है कि लगभग 30000 करोड़ रुपए औजार आदि की खरीद और श्रमिकों की मजदूरी का पिछला बकाया है, जो अभी तक नहीं दिया गया। मैं मान लेता हूं कि मनरेगा के जो उद्देश्य थे उनमें कई कमियां सामने आई हैं, जैसे श्रमिकों को रोजगार के नाम पर पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों गांव के ताकतवर लोगों और कर्मचारियों ने मिलकर भारी भ्रष्टाचार किया है। बगैर काम के ही जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और दबंगों के गठजोड़ ने पैसा निकाल लिया है, परंतु यह दोष तो व्यवस्था का या तंत्र का है न कि कानून का। दूसरे चूँकि ग्रामीण इलाकों में योजनाओं के लिए काम करने को मजदूर नही मिलते इसलिए अधिकारियों को मशीनों से कराना पड़ता है जो कि कानून के भावना और उद्देश्य के खिलाफहै।

अच्छा होता कि सरकार इन समस्याओं को तथ्यों सहित संसद में प्रस्तुत करती। हालांकि इन प्रक्रियाओं की त्रुटि का संबंध कानून के नाम से नहीं है। क्या वीबी रामजी के नाम हो जाने से ग्रामीण स्तर पर हो जाने वाला उपरोक्त भ्रष्टाचार रुक जाएगा? इसलिए नाम बदलने की अनुपयोगिता सरकार की मंशा और प्रतिपक्ष को बहिष्कार के लिए बाध्य कर उल्टे जाल में फंसने का षड्यंत्र स्पष्ट होता है। हालांकि प्रतिपक्ष की भी अनेकों कमियां हैं, जो न केवल राजनीतिक हैं, बल्कि महात्मा गांधी के प्रति उनकी निष्ठा के अभाव और दिखावे की प्रतीत होती हैं। राष्ट्रपिता के नाम को हटाना यह एक प्रकार से देश की सरकार पितृ हत्या की अपराधी है।

क्या यह उचित नहीं होता कि प्रतिपक्ष इस मुद्दे को लेकर लेकर समूचे भारत बंद का आह्वान करता और मैं दावे के साथ कहता हूं कि समूचे देश में इसका बहुत प्रभाव पड़ता और शहर कस्बे तो दूर गांव-गांव तक बंद रहते। परंतु प्रतिपक्ष ने भी इतनी बड़ी घटना को बहुत हल्के में लेने का अपराध किया है। कांग्रेस पार्टी की एक नेता के संसद समाप्ति के बाद स्पीकर के कक्ष में प्रधानमंत्री के साथ हंसते मुस्कुराते चाय पीते फोटो सारे देश ने देखे हैं। क्या इस फोटो में कहीं महात्मा गांधी के नाम हटाए जाने की पीड़ा नजर आती है? क्या प्रतिपक्ष को उस दिन चाय पार्टी का बहिष्कार नहीं करना चाहिए था? एक प्रतिपक्षी नेता उस दिन बीएमडब्ल्यू कंपनी के मुख्यालय में कार देख रहे थे, क्या यह राष्ट्रपिता के अपमान के प्रति गंभीरता का व्यवहार है?

मैं खेद के साथ यह लिखने को बाध्य हूं कि संघ-भाजपा महात्मा गांधी के नाम को हटाने की अपराधी है। और देश के मुख्य प्रतिपक्ष दल राष्ट्रपिता के अपमान को शाब्दिक व हल्केपन से लेने के अपराधी हैं।

अध्यात्म

## जब तक गुस्सा और लालच स्वभाव में रहेगा, तब तक मन शांत नहीं हो सकता है



एक राजा के पास सुख-सुविधा की हर चीज थी, लेकिन उसका मन अशांत ही था, तब संत ने राजा से कहा कि ध्यान करोगे तो मन शांत हो जाएगा

एक राजा के पास सुख-सुविधा की हर चीज थी। कई सेवक हर पल राजा की सेवा में तैयार खड़े रहते थे। राजा के सामने खाने-पीने के लिए रोज कई तरह के पकवान परोसे जाते थे। इतना सब होने के बाद भी राजा का मन शांत नहीं रहता था। एक समस्या खत्म होती तो दूसरी आ जाती।

एक दिन राजा अपने राज्य में घूम रहा था। तभी उसे एक संत की छोटी सी कुटिया दिखाई दी। राजा उस कुटिया में पहुंचा तो वहां एक संत ध्यान में बैठे हुए थे। राजा संत के सामने बैठ गया। जब संत ध्यान से उठे तो उन्होंने राजा को देखा। राजा ने संत को प्रणाम किया और अपनी समस्याएं बता दीं। उसने संत से कहा कि कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे मेरी सभी समस्याएं खत्म हो जाएं। संत ने राजा से कहा कि आप ध्यान करें, आपका मन शांत हो जाएगा। राजा कुछ देर आंखें बंद करके बैठा रहा, लेकिन उसके दिमाग में इधर-उधर की कई बातें चल रही थीं। वह ध्यान नहीं कर सका और उसने आंखें खोल ली। राजा बोला कि गुरुजी मेरे लिए ध्यान करना बहुत मुश्किल है।

संत ने कहा कि कोई बात नहीं चलो कुछ देर बाग में घूमते हैं। बाग में कुछ ऐसे पौधे भी थे, जिनमें कांटे थे। राजा ने अनजाने में एक ऐसे ही पौधे को छू लिया तो उसके हाथ में कांटा चुभ गया। खून बहने लगा। संत राजा को लेकर तुरंत अपनी कुटिया में पहुंचे और हाथ पर लेप लगा दिया। संत बोले कि राजन् आपके हाथ पर छोटा सा कांटा चुभा तो खून बहने लगा। इससे कहीं ज्यादा और बड़े कांटे आपके मन में चुभे हुए हैं। गुस्सा, लालच, दूसरों से जलन की भावना, ये सभी मन के लिए कांटों की तरह हैं। जब तक ये कांटे नहीं निकलेंगे आपका मन शांत नहीं हो पाएगा। इन्हें छोड़ दोगे तो तुम्हारी सभी समस्याएं ही खत्म हो जाएंगी।

# इस तरह सिनेमा देखने की आदत डालनी होगी

**भारतीय सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज को सोचने और समझने का माध्यम भी है। देश में संविधान के लागू होने के बाद से ही फिल्मों ने हमारे विचारों, हमारे व्यवहार और हमारी नागरिक समझ को गहराई से प्रभावित किया है। भारत का संविधान की प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता, समानता, धर्मनिरपेक्षता और मानव गरिमा जैसे मूल्य इस बात का प्रमाण है कि हमारा समाज आदर्श समाज इन्हीं मूल्यों के आधार ही बन सकता है। यदि हम फिल्मों को भी इन्हीं संवैधानिक मूल्यों की दृष्टि से देखें, तो सिनेमा हमें सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक सीख भी देता है और हमें बेहतर नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।**

डॉ. मनीष जैसल

आजादी के तुरंत बाद बनाई गई फिल्मों में राष्ट्र निर्माण की भावना बहुत प्रबल दिखाई देती है। राज कपूर की फ़िल्म 'आवारा' सामाजिक असमानता और अन्याय की समस्या को सामने लाने का प्रयास करती हुई दिखती है । इस फिल्म में दिखाया गया कि अपराध किसी व्यक्ति के जन्म की वजह से नहीं, बल्कि उसके सामाजिक हालात की वजह से पैदा होता है। वह दृश्य जब न्यायाधीश कहता है कि अगर बच्चे को गलत माहौल मिले तो वह अपराध की तरफ बढ़ सकता है, हमें बताता है कि संविधान का समान अवसर यानि समता का सिद्धांत कितना महत्वपूर्ण है।

इसी तरह बिमल रॉय की फ़िल्म 'दो बीघा ज़मीन' (1953) आर्थिक असमानता के दर्द को बहुत सटीक ढंग से दिखाती है। किसान शंभू महतो का संघर्ष, अपनी जमीन बचाने के लिए रिक्शा चलाने को मजबूर होता है, हमें यह समझाता है कि गरीबी केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की कमी का परिणाम है। यह फिल्म संविधान के आर्थिक न्याय की भावना को जीवंत रूप में दर्शाती है और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती है कि विकास तभी सच्चा होता है, जब वह सबके लिए हो।

भारतीय सिनेमा में न्याय और नैतिकता की सबसे शक्तिशाली अभिव्यक्ति 'मदर इंडिया' (1957) में दिखाई देती है। जब राधा अपने बेटे बिरजू को गाँव की सुरक्षा और न्याय की रक्षा के लिए दंड देती है, तो यह दृश्य बताता है कि न्याय व्यक्तिगत भावनाओं से ऊपर होता है। यह दृश्य दर्शकों को यह सिखाने का प्रयास करता है संविधान का मूल मूल्य न्याय है, और समाज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानून का सम्मान जरूरी है। 1960 और 1970 के दशक में समाज में बदलाव की हवा तेज़ थी, और फिल्मों ने इन संघर्षों को आवाज़ दी। श्याम बेनेगल की फ़िल्म 'अंकुर' (1974) जातिगत शोषण और दमन के खिलाफ़ उठती नई आवाज़ का प्रतीक है। फिल्म के अंत में एक बच्चा जब मालिक के घर पर पत्थर फेंकता है, तो वह सिर्फ गुस्से का दृश्य नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ़ साहस की शुरुआत है। यह बताता है कि सामाजिक बदलाव नागरिकों की जागरूकता से ही संभव है, जो संविधान का मूल संदेश भी है।

फिल्म मंथन सहकारिता आंदोलन के माध्यम से नागरिक भागीदारी का महत्व सिखाती है। यह सीधे-सीधे संविधान की लोकतांत्रिक भावना और लोक-शक्ति की अवधारणा को दर्शाता है।

विभाजन और धर्मनिरपेक्षता की बहस पर आधारित 'गरम हवा' (1973) धार्मिक पहचान के नाम पर होने वाले भेदभाव की मार्मिक दास्तान है। सलीम मिर्ज़ा के परिवार को समाज से अलग-थलग किया जाना यह दिखाता है कि देश में अगर धर्म के आधार पर नफरत फैलेगी, तो संविधान की आत्मा कमजोर होगी।

1990 के दशक में फिल्मों ने मानव गरिमा और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई को




मजबूती से उठाया। 'दामिनी' (1993) न्याय की धीमी और कठिन प्रक्रिया पर कठोर सवाल उठाती है। अदालत में दामिनी की पुकार 'तारीख़ पर तारीख' आज भी लोगों को यह सोचने पर मजबूर करती है कि न्याय का अधिकार तभी सार्थक है, जब वह समय पर मिले। इसी तरह 'थप्पड़' (2020) यह संदेश देती है कि सम्मान और बराबरी प्रत्येक महिला का अधिकार है और किसी भी तरह का अपमान स्वीकार्य नहीं।

नई सदी की फिल्मों में नागरिक जिम्मेदारी का भाव भी मजबूत हुआ। 'रंग दे बसंती' (2006) देकते हुए लगता है कि लोकतंत्र केवल वोट देने का काम नहीं है। अगर व्यवस्था में अन्याय है, तो नागरिकों को सवाल पूछना और बदलाव की मांग करना चाहिए।

आज के समय की महत्वपूर्ण फिल्म हल्लद्बष्यद्द 15', जिसने संविधान के अनुच्छेद 15 जाति आधारित भेदभाव के विरोध को सीधे कहानी का हिस्सा बनाया। पुलिस अधिकारी का न्याय के लिए संघर्ष हमें याद दिलाता है कि संविधान की रक्षा केवल अदालतों का काम नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

आज जब हम ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर 'मुल्क', 'पाताल लोक', 'मेड इन हेवन', 'सरदार उधम' जैसी फिल्मों में कहानियाँ यह सवाल पूछती हैं कि क्या हम सच में समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और न्याय के आदर्शों को अपना पाए हैं?

हाल के वर्षों में बनी फ़िल्में दर्शकों को और गहराई से संवैधानिक मूल्यों पर विचार करने के लिए प्रेरित करती हैं। 'मुल्क' (2018) धर्मनिरपेक्षता और नागरिकता के सवाल को बेहद प्रभावशाली ढंग से उठाती है। फिल्म यह दिखाती है कि देशभक्ति किसी धर्म की बपौती नहीं होती और किसी एक व्यक्ति की गलती के आधार पर पूरे समुदाय को आरोपी बनाना संविधान के समानता और न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है। अदालत में दिया गया तर्क हमें सोचने पर मजबूर करता है कि भारतीय पहचान धर्म से नहीं, बल्कि संविधान से तय होती है। इसी तरह 'लापता लेडीज़' (2024) महिलाओं की स्वतंत्रता, सुरक्षा और पहचान को हास्य और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है। फिल्म यह सवाल उठाती है कि क्या विवाह के बाद महिला की इच्छा और अस्तित्व का महत्व खत्म हो जाता है? यह दर्शकों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा के संवैधानिक अधिकार के बारे में सोचने पर मजबूर करती है। 'कटहल' (2023) प्रशासन की असली प्राथमिकताओं पर व्यंग्य करती है, जहां जनता की समस्याओं को अनदेखा करके सत्ता कभी-कभी सतही मुद्दों पर समय और संसाधन खर्च करती है। यह फिल्म दर्शकों को समझाती है कि लोकतंत्र तभी सशक्त होता है जब शासन जनता की वास्तविक ज़रूरतों को प्राथमिकता दे। 'पिंक' (2016) महिला की सहमति और सम्मान को केंद्र में रखती है, और 'नो मतलब नो' जैसे सरल संवाद के माध्यम से संविधान के व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों को बेहद असरदार तरीके से सामने लाती है। वहीं 'थप्पड़' (2020) यह सिखाती है कि किसी भी रिश्ते में सम्मान सबसे बड़ा मूल्य है, और हिंसा चाहे कितनी भी छोटी क्यों न हो संविधान के समानता और गरिमा के सिद्धांत का उल्लंघन करती है। इन फिल्मों को संवैधानिक दृष्टि से देखने पर दर्शक महसूस करेंगे कि सिनेमा केवल कहानी नहीं दिखाता, बल्कि समाज से यह पूछता है कि क्या हम वास्तव में उन मूल्यों पर जी रहे हैं, जिनकी नींव पर हमारा लोकतंत्र खड़ा है।

वैधानिक दृष्टि से सिनेमा को देखना दर्शकों को अधिक जागरूक और संवेदनशील बनाता है। यह दृष्टि उन्हें सिर्फ़ दर्शक से सक्रिय नागरिक में बदल देती है। जब फिल्में समाज में बदलाव की ऊर्जा पैदा करती हैं और दर्शक उस बदलाव का हिस्सा बनते हैं, तभी सिनेमा और संविधान दोनों अपना वास्तविक उद्देश्य पूरा करते हैं। अब समय है कि दर्शक पर्दे पर दिखने वाली कहानी के पीछे छिपे संवैधानिक संदेश को पहचानें और सिनेमा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाएं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
जमीन के कारोबारियों के लिये दिन अच्छा नहीं है। व्यावसायिक अनुबन्ध करने से पहले दस्तावेजों का विशेष ध्यान रखें। आप लोगों की सहायता के लिये तैयार रहेंगे।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। परिवार में लोग आपकी बातों को अनसुना कर सकते हैं।

**मिथुन**
व्यवसाय में आपको थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अधिक सोच-विचार के चक्कर में काम बिगड़ सकते हैं। छोटे बच्चों को डाँटने के बजाय उन्हें समझायें।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में लोगों से अपनी व्यक्तिगत बातें शेयर न करें। पति-पत्नी के बीच मीठी नोंक-झोंक होने की सम्भावना है। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**सिंह**
अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से बचें। आयात-निर्यात से सम्बन्धी व्यवसाय से आपको धन लाभ होगा। परिवार में आपसी सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**कन्या**
आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। मित्र के सहयोग से आपको धन लाभ मिलने की सम्भावना बन रही है। शत्रुओं के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला**
घर की आन्तरिक साज-सज्जा में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं। परिवार के बीच प्रेमभाव में वृद्धि होगी। धार्मिक आयोजन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक**
आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। दिखावे में आप अपना नुकसान करा सकते हैं। व्यापार में प्रभावशाली लोगों से आपके सम्पर्क मजबूत होंगे।

**धनु**
व्यवसाय में नये सहयोगियों से आपको सावधान रहना चाहिये। शेयर मार्केट में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिये। तनाव के कारण माइग्रेन का दर्द उभर सकता है।

**मकर**
कानूनी मामलों में विजय मिलने की प्रबल सम्भावना है। अपने लोगों की सलाह लेने से पीछे न हटें। परिवार के छोटे बच्चे आपसे प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में विरोध करने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

**कुंभ**
पहले किये गये प्रयासों का उत्तम परिणाम मिलेगा। नया काम शुरू करने के लिये दिन अच्छा है। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। तीखा भोजन करने से बचें।

**मीन**
किसी नये काम से पूर्व मित्रों से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। विरोधी आपके सामने दोबारा सक्रिय हो सकते हैं। आप अपने लक्ष्यों को लेकर थोड़े दबाव में रहेंगे।

# इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी में आइएएस बैच 2025 का शीतकालीन अध्ययन दौरा

❖भावी प्रशासकों को उर्जा क्षेत्र को नजदीक से समझाने का अनूठा प्रयास
❖बरौनी रिफाइनर को आईएएस बैच 2025 की मेजबानी करने का प्राप्त हुआ सौभाग्य




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी को आईएएस बैच 2025 की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस शीतकालीन अध्ययन दौरे ने भावी प्रशासकों को ऊर्ज़ा क्षेत्र को निकट से समझने का अनूठा अवसर प्रदान किया।

कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप), संजय रायज़ादा ने प्रतिभागियों का भारत के प्रमुख ऊर्ज़ा केंद्रों में से एक बरौनी रिफाइनरी में स्वागत किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में रिफाइनरी की आर्थिक विकास को गति देने, ऊर्ज़ा सुरक्षा सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय प्रगति में योगदान की भूमिका पर बल दिया। कुल दस अधिकारियों ने रिफाइनरी का दौरा किया और वरिष्ठ प्रबंधन से संवाद कर हमारे संगठन, इंडियन ऑयल 'द एनर्जी ऑफ इंडिया' को समझा। इस संवाद का उद्देश्य प्रस्तुति और खुले विचार-विमर्श के माध्यम से रिफाइनरी संचालन एवं पेट्रोलियम क्षेत्र की व्यापक समझ प्रदान करना था। दौरे में रिफाइनरी इकाइयों तथा आर्थिक संबंधों पर चर्चा शामिल रही। विविध व्यापार मॉडल और बाज़ार गतिशीलताओं से जुड़कर प्रतिभागियों ने ऊर्ज़ा उद्योग की जटिलताओं पर मूल्यवान दृष्टिकोण प्राप्त किया। सत्र में बरौनी रिफाइनरी का इतिहास, परिचालन, अनुकूलन क्षमता, खरीद पद्धतियाँ, मानव संसाधन प्रथाएँ और नैतिक मानकों पर भी प्रकाश डाला गया, जो कुशल एवं पारदर्शी प्रशासन को सुदृढ़ करते हैं। ऊर्ज़ा क्षेत्र में गहन सहभागिता ने राष्ट्रीय विकास और सुरक्षा में प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को रेखांकित किया। बैच को सतत प्रथाओं, विभिन्न इकाइयों, नियामक ढाँचों और तकनीकी हस्तक्षेपों से परिचित कराया गया, जो आर्थिक विकास और पारिस्थितिकीय स्थिरता के बीच संतुलन स्थापित करते हैं।

बरौनी रिफाइनरी का यह दौरा प्रतिभागियों की समझ को समृद्ध करेगा और उन्हें भविष्य में प्रशासक के रूप में सूचित एवं संतुलित निर्णय लेने के लिए प्रेरित करेगा।

# विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## 3 जनवरी से गोपालगंज में आयोजित प्रदेश अधिवेशन में संभालेंगे कार्यभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का वार्षिक चुनाव सत्र में बेगूसराय के पुरुषोत्तम कुमार को पुनः प्रदेश मंत्री निर्वाचित किया गया। उनके निर्वाचन पर मंगलवार को जीडी कालेज में नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। स्वामी विवेकानंद के मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी। विगत वर्ष भी ये अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री के निर्वाचित हुए थे। पुरुषोत्तम कुमार जीडी कलेज के निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष के साथ-साथ विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री, जिला संयोजक, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जैसे दायित्व का भी निर्वाहन किए हैं। इस आधार पर पुनः उन्हें संपूर्ण बिहार का नेतृत्व करने का जिम्मा दिया गया है। बधाई देते हुए प्रदेश कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि बेगूसराय जिले के लिए यह गर्व और सम्मान का विषय है कि एक सामान्य से कार्यकर्ता को संपूर्ण बिहार का नेतृत्व करने का दायित्व दिया गया है। विभाग प्रमुख डा मुकेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है। जो एक सामान्य कार्यकर्ता को असामान्य जिम्मेदारी सौंपती है उदाहरण हमारे सामने है। नगर मंत्री अजीत कुमार एवं जिला मीडिया संयोजक अमन कुमार ने कहा कि जीडी कालेज से छात्र राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर आगे बढ़ते हुए आज इस मुकाम पर पहुंचना बेगूसराय के छात्र-छात्राओं के लिए गर्व का विषय है। नगर सह मंत्री प्रहलाद कुमार एवं सूरज कुमार ने कहा कि शिक्षा एवं अन्य विषयों पर मुखर होकर आंदोलन करना एवं अन्य गतिविधियों में सहभागिता देना इनके चरित्र का हिस्सा है। इसलिए आज ये दायित्व मिला है। इस अवसर पर कोअपरेटिव कालेज अध्यक्ष अभिषेक कुमार, जीडी कालेज इकाई अध्यक्ष अभिषेक कुमार, आशीष, नीतीश, पुष्कर, राकेश, सुमित, आदर्श, सचिन, अमन, कृष्णा, लक्की, मोहित, कुलदीप, प्रेम, हरिओम, अमित सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स सवाददाता

## थाने का निरीक्षण

**बलिया।** जिला पुलिस कप्तान मनीष कुमार के द्वारा सोमवार की देर शाम बलिया थाने का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना में लंबित कांडों की गहन समीक्षा की। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में मौजूद पुलिस पदाधिकारी के कांडों के संबंध दैनिकी का भी अवलोकन एवं उनके कार्यों की समीक्षा की साथ ही थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही पुलिस अधीक्षक के द्वारा किए जाने वाले इस वार्षिक निरीक्षण में अभिलेखों की जांच लंबित मामलों की समीक्षा भौतिक निरीक्षण जन शिकायत एवं महिला हेल्प डेस्क के पुलिसिंग एवं गस्त की जांच की गई । जिसमें थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों जैसे केस डायरी मलखान और रजिस्टर पुराने एवं लंबित कांडों के अनुसंधान की प्रगति फरार अपराधियों की गिरफ्तारी कुर्की जप्ती माल खाने में रखे सामानों की सुरक्षा हवालात की स्थिति शास्त्रों के रखरखाव रात्रि ग्रस्त वाहन चेकिंग एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति को मजबूत करने के निर्देश थाना अध्यक्ष को दिए गए। इस दौरान एसपी ने थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया कि महिलाओं एवं बुजुर्गों के साथ शालीनता का व्यवहार हो। मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस सह डीएसपी साक्षी कुमारी थाना अध्यक्ष विकास कुमार राय सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## नशे की हालत में धराए

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने स्थानीय पंचायत से एक नशेड़ी को नशे की हालत में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी नावकोठी वार्ड संख्या 12 के मो अकबर का पुत्र मो सद्दाम है। वह यूको बैंक के पीछे शराब के नशे में ग्रामीणों के साथ बदसलूकी कर रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना नावकोठी थाने को दी। पुलिस पदाधिकारी सूचना स्थल पर पहुंच कर इसे उत्पात करते हुए धर दबोचा। इसे ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थित किया गया। इस गिरफ्तारी में एस आई मो इसमाइल तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सात निश्चय 3 को लेकर निदेशक ने किया दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** बिहार विकास मिशन के उप मिशन निदेशक (आधारभूत संरचना) गोपाल कुमार के द्वारा मंगलवार को जिले के विभिन्न पंचायतों एवं नगर परिषद क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम के अंतर्गत निश्चय सात में सबका सम्मान जीवन आसान के लक्ष्यों को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने के उद्देश्य से उप मिशन निदेशक द्वारा सदर प्रखंड के पचम्बा पंचायत सरकार भवन में आम नागरिकों से सुझाव प्राप्त किया गया। साथ ही नगर परिषद बीहट के वार्ड नंबर 13 ठाकुरीचक दुर्गा स्थान के प्रांगण में शहरी क्षेत्र के नागरिकों से सुझाव प्राप्त किया। इस अवसर पर विकास मिशन के उप मिशन निदेशक (आधारभूत संरचना) गोपाल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक तकनीक, नवाचार तथा संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से आम नागरिकों के जीवन को अधिक सुगम बनाने हेतु जमीनी स्तर से सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त करना है। इसके तहत ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों तथा विभिन्न हितधारक समूहों से सीधा संवाद किया जा रहा है, जिससे उनकी दैनिक समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को समझा जा सके। इसके साथ ही सरकारी कार्यालयों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार, प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा आवश्यक संस्थागत परिवर्तनों को लेकर जनता से सुझाव प्राप्त गया है। मौके पर जिला समन्वयक (स्वच्छ भारत मिशन) विश्वजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

# प्रखंड क्षेत्र में दो जगहों पर हटाया गया अतिक्रमण



नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**शिवाजीनगर।** अंचल अधिकारी के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के दो स्थानों खानपुर डॉकठा एवं परवाना में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना तथा आम लोगों को हो रही परेशानियों से निजात दिलाना था। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई के दौरान अंचल अधिकारी वीणा भारती स्वयं मौके पर मौजूद रहीं और पूरे अभियान की निगरानी की। वहीं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिवाजी नगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे, जिससे अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका जानकारी के अनुसार खानपुर डॉकठा एवं परवाना में कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। पूर्व में प्रशासन की ओर से अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर प्रशासन को यह सख्त कदम उठाना पड़ा अभियान के तहत जेसीबी मशीन एवं मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण और कब्जों को हटाया गया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई और कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। अंचल अधिकारी बिणा भारती ने कहा कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी प्रखंड क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। वहीं थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रशासनिक कार्यों में पुलिस का पूरा सहयोग रहेगा और कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा है, जबकि स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत किया है।

# धान अधिप्राप्ति में अफसर और मिलर कर रहे मनमानी : अशोक

नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**तेघड़ा।** प्रखंड अंतर्गत पिढौली दूध समिति के सभागार में आयोजित किसान चौपाल को संबोधित करते हुए बिहार राज्य दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि बेगूसराय में धान का उत्पादन बढ़ने के बावजूद किसानों को दंडित करने हेतु बेगूसराय से धान खरीदने का लक्ष्य 30000 एम टी से घटाकर 8800 एम टी कर दिया। जिला प्रशासन की निष्क्रियता के कारण किसान अपना धान बेचने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अफसरशाही और मिलर की मनमानी से पैक्स अध्यक्ष एवं धान उत्पादक परेशान है। दिन-रात, जाड़ा-गर्मी में कमर तोड़ मेहनत से दूध रूपी अमृत पैदा करने वाला किसान की गाढी कमाई का दिन-दहाड़े बरौनी डेयरी में लूट हो रही है।आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। राष्ट्रकवि दिनकर जी, रामचरित्र बाबू और चंद्रशेखर बाबू की क्रांतिकारी धरती के हम किसान चुपचाप इस लूट को बर्दाश्त नहीं कर सकते। इसलिए 5 जनवरी 2026 से जिला समाहर्ता बेगूसराय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना में तेघरा से हजारों-हजार किसान भाग लेंगे। किसान चौपाल की अध्यक्षता कॉपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल के सदस्य भूषण महतो ने की। बरौनी डेयरी के निदेशक मंडल सदस्य दीपक कुमार, बैंक निदेशक राम नरेश महतो, पैक्स अध्यक्ष अशोक महतो, गौरी शंकर राय,अखिलेश कुमार, सुशील कुमार राय, मुकेश चौधरी, अरूण कुमार, संजय चौधरी एवं शंभू नाथ चौधरी ने किसान चौपाल को संबोधित किया। उन्होंने आह्वान किया कि बेगूसराय धरना में हजारों हजार की संख्या में किसानों को ले जाएंगे।

# सर्वर डाउन रहने के कारण लाइफ सर्टिफिकेट के लिए भटक रहे लाभुक

नवबिहार टाइम्स सवाददाता

## शिविर से बैरंग लौट रहे लाभुक

**नावकोठी।** प्रखंड के सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों का सर्वर के नहीं रहने से जीवन प्रमाणिकरण नहीं हो रहा है। इसके लिए लाभुकों के बीच संशय की स्थिति बनी हुई है। एक ओर राज्य सरकार ने जीवन प्रमाणिकरण नहीं कराने वाले लाभुकों की होगी पेंशन बंद का फरमान जारी की है तो दूसरी ओर यह सर्वर के काम नहीं करने से लाभुकों में परेशानी देखी गई। सभी लाभुकों इस ठंड में सुबह 4 से ही सहज वसुधा केंद्र के संचालकों के दुकानों पर पहुंच जाते हैं। दिन भर अपने कार्य को छोड़कर बैठे रहते हैं। अंत में कार्य नहीं हो पाता है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वही प्रदान संस्था के बैनर तले पंचायत भवन समसा में लाभुकों के जीवन प्रमाणिकरण कार्य संपन्न कराने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कैलाश देवी, अमेरिका देवी, निर्मला देवी, चलित्तर तांती, भोला महतो सहित दर्जनाधिक पेंशन धारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि दो दिनों से शिविर में आ रहे हैं तथा काम नहीं होने से दिन भर बैठकर बैरंग वापस लौट रहे हैं। पांचू तांती ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के साइट पर उन्हें मृत दर्ज कर उनका पेंशन बंद कर दिया गया है। पंसस गौतम गोस्वामी तथा इस कार्य में लगे कम्प्यूटर आपरेटर ने बताया कि दिन रात में कभी इसका साइट काम करता है। यह कब काम करेगा यह किसी को पता नहीं है। खुलने पर दो चार लाभुकों का जीवन प्रमाणिकरण हो पाता है फिर यह काम करना बंद कर देता है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों ने बताया कि यह सुविधा सहज वसुधा केन्द्र संचालक को दी गई है। सरकारी स्तर पर संचालित आरटीपीएस काउंटर पर नहीं है। जिन वृद्ध का अंगूठा का निशान अपलोड नहीं हो रहा है। उसे आंख से प्रमाणिकरण की सुविधा नहीं है। लाभुकों ने इसे अविलंब सुधार करने की गुहार लगाई है एवं सर्वर को ठीक करने की भी बात कही ताकि जल्द से जल्द जीवन प्रमाणीकरण बन सके।

## किन्नर समुदाय के बीच कंबलों का वितरण

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** किन्नर समुदाय के सामाजिक संरक्षण एवं कल्याण के उद्देश्य से सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई सह किन्नर कल्याण समिति के अध्यक्ष शंभु कुमार रजक के नेतृत्व में किन्नर समुदाय के सदस्यों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक ने उपस्थित किन्नरों को कंबल प्रदान करते हुए जिला प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कंबल वितरण हेतु आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए सहायक निदेशक ने दिलीप कुमार, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं बुनियाद केंद्र के जिला प्रबंधक नवीन कुमार नवीन के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि योग्य किन्नर लाभुकों को बुनियाद केंद्र के माध्यम से निःशुल्क चश्मा वितरण भी सुनिश्चित की जाए।

# पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**नावकोठी।** पहसारा पूर्वी पंचायत के मजनूपुर गांधीनगर में सात निश्चय फेज टू के तहत पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पशुपालक के घर के निकट पशु स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना है। भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा विष्णु प्रभाकर ने आसपास के 128 पशुओं का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा तथा परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए दुधारू पशु उसके आर्थिक उपार्जन का मेरूदंड है। इसके लिए पशुओं को स्वस्थ होना जरूरी है। कड़ाके के ठंडक में उसके रखरखाव, संतुलित आहार, टीकाकरण, रोगों से बचाव के संबंध में जानकारी दी। उपस्थित पशुपालक किसानों ने इस शिविर की सराहना करते इसे अन्य क्षेत्रों में आयोजित करने की बात कही ताकि अन्य किसान भी लाभांवित हो सके। इससे पशुपालन के क्षेत्र में बढावा होने की संभावना बढ जाएगी।डा प्रभाकर ने कहा कि बारी बारी से अन्य इलाके में भी इसका आयोजन किया जाएगा। मौके पर डा भुवनेश्वर, रणवीर कुमार, पीयूष कुमार, संजय कुमार, शंकर कुमार, विनय कुमार सहित कई पशुपालक किसान मौजूद थे।

## दुर्घटना में दो घायल

**भगवानपुर।** पिपरा भगवानपुर पीडब्ल्यूडी पथ पर मंगलवार की सुबह सड़क हादसा में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसे एक युवक की स्थिति गम्भीर बताई जाती है। घटना के बाद ग्रामीणों ने घायल को इलाज के लिए पीएचसी भगवानपुर ले जाया गया।पीएचसी में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया है। घायल जख्मी की पहचान तेघड़ा थाना क्षेत्र के पकठोल निवासी मनोज सहनी के पुत्र आनंद कुमार और अरविंद चौरसिया के पुत्र प्रेम कुमार के रूप की गई। बताया जाता है कि अपाची बाइक पर सवार दो युवक पीडब्ल्यूडी पथ पर भगवानपुर से पकठोल की ओर जा रहा था। दहिया हनुमान मंदिर के समक्ष तीखा मोर पर सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आकर बाइक से सवार दोनों युवक गंभीर से रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग गया।ग्रामीणों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया। घटना की सूचना पाकर भगवानपुर थाने की पुलिस अजय कुमार के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंच कर घायलों को उपचार के लिए भेजा। घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और बाइक को जब्त कर लिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# आशा कार्यकर्ताओं की बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान पर हुई विस्तृत चर्चा




**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत थाना के समीप स्थित शिव मंदिर परिसर में आशा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आशा फैसिलिटेटर जयमाला कुमारी ने की। इस अवसर पर पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर संजय कुमार शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में संजय कुमार शर्मा ने फाइलेरिया रोग के लक्षण, इससे बचाव के उपाय, फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों की विशेष देखभाल तथा एमएमडीपी (मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन) किट के सही प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक मच्छर जनित गंभीर रोग है, जिसके लक्षण कई बार 5 से 10 वर्षों के बाद सामने आते हैं, इसलिए इससे बचाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति को साल में एक बार दी जाने वाली दवा का सेवन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान माइक्रोप्लान तैयार करने, दवा की डोज की जानकारी तथा घर-घर जाकर दवा खिलाने की रणनीति पर विस्तार से बात की गई। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें और अभियान के दौरान शत-प्रतिशत दवा सेवन सुनिश्चित कराएं संजय कुमार शर्मा ने यह भी जानकारी दी कि फाइलेरिया से पीड़ित लोग यूडीआईडी के माध्यम से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर सरकार द्वारा संचालित पेंशन एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं से ऐसे मरीजों की पहचान कर उन्हें उचित मार्गदर्शन देने की अपील की बैठक में उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं ने अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर प्रतिभा कुमारी, इंदु कुमारी, रंजना कुमारी सहित कई आशा कार्यकर्ता मौजूद थीं।

## जविप्र विक्रेता का निधन

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद क्षेत्र छोटी बलिया बाजार वार्ड 13 निवासी समाजसेवी सह जन वितरण प्रणाली विक्रेता वीर सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। स्व. रामदेव सिंह के 94 वर्षीय पुत्र वीर सिंह का हृदयाघात होने से निधन हो गया। वे 60 वर्षों से अधिक जविप्र दुकानदार रहकर सेवा देते हुए गए। वे अपने पीछे चार पुत्र जय सिंह, राजकुमार सिंह, रामकुमार सिंह, श्याम कुमार सिंह, एक पुत्री अनिता देवी पोता पोती, नाती नतिनी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार मुंगेर घाट राज घाट गंगा तट पर किया गया जिसे मुखाग्नि उनके बड़े पोता संजय कुमार सिंह ने दिया।उनके निधन की खबर पर उन्हें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुचकर अंतिम दर्शन किया। उनके निधन पर जविप्र बिक्रेता संघ के प्रखंड अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार, रजनीकांत, महेश कुमार, मृत्युंजय कुमार, मुकेश कुमार, अमित कुमार, पिंटू कुमार आदि ने शोक जताया।

# पूर्व नगर थानाध्यक्ष अरूण कुमार पर विभागीय कार्रवाई प्रारम्भ

नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**बेगूसराय।** पुलिस उपमहानिरीक्षक आशीष भारती ने पूर्व नगर थानाध्यक्ष के विरुद्ध विभागीय कार्यवाई का आदेश निर्गत कर दिया है। मंगलवार को डीआईजी श्री भारती के द्वारा जिला में पुलिसिंग को बेहतर बनाने हेतु लगातार पुलिस पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। साथ ही सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जा रहा है। ज्ञात हो की पूर्व नगर थानाध्यक्ष अरूण कुमार के द्वारा थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी के संदर्भ में आवेदक के शिकायत पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही की। नगर थाना द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने में जमकर लापरवाही की गई। डीआईजी श्री भारती द्वारा नगर थाना का निरीक्षण के दौरान उक्त बात प्रकाश में आई। थाना निरीक्षण के क्रम में पाई गई त्रुटियों के संबंध में पुलिस निरीक्षक अरूण कुमार को तत्काल निलंबित कर दिया गया। मंगलवार को श्री भारतो ने तत्कालीन थानाध्यक्ष अरुण कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

## अर्द्धनिर्मित देसी शराब भट्ठी को पुलिस ने किया ध्वस्त

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में नववर्ष के अवसर पर शराब कारोबारी के विरुद्ध पुलिस ने चलाई सघन अभियान। इस पर नकेल कसने में पुलिस भी कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहती है। इसी कड़ी में वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में ऋषिकेश भारद्वाज के द्वारा सोमवार को थाना क्षेत्र के कई अलग अलग जगहों पर अवैध रूप से चल रहे देशी शराब खरीद बिक्री और निर्माण को लेकर छापेमारी की गई। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि छापेमारी के क्रम में ही सिकरहुला लाल दियारा भवानंदपुर में अवैध शराब बनाने वाला भट्ठी सहित कच्चा सामग्री एवं करीब एक हजार लीटर अर्द्ध निर्मित देशी शराब को विनष्ट किया गया है। हालांकि पुलिस को आते देख मौके पर से कारोबारी भागने में सफल हो गया।छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार के साथ ए एस आई ऋषिकेश भारद्वाज समेत थाना क्षेत्र के चौकीदार शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लाल भित्तियों के सनसेट व्यू ने पर्यटकों को मोहा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य की प्रसिद्ध लाल भित्तिया और सनसेट व्यू का आनंद लेने 20 सदस्यीय पर्यटकों का दल दो दिवसीय भ्रमण पर मंगुराहा पहुंचा। वन विभाग की ओर से सर्वेश तिवारी ने सभी पर्यटकों का बुके देकर स्वागत किया। पर्यटकों ने मंगुराहा, लाल भित्तियां, पंडई नदी तट, गोवर्धन गेस्ट हाउस सहित वाल्मीकि प्रोजेक्ट टाइगर की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। देर रात बोनफायर और स्थानीय व्यंजनों ने यात्रा को और यादगार बना दिया। टाइटेनिक प्वाइंट देखकर पर्यटक रोमांचित नजर आए। भ्रमण के दौरान पर्यटकों ने 14 प्रकार के पौधे लगाए। इस मौके पर रामनगर शुगर मिल के जीएम केपी सिंह और मांगुराहा रेंजर रमेश पाठक मौजूद रहे। पर्यटकों ने स्पॉटेड डियर, मोर, सांभर और बारहसिंघा जैसे वन्यजीवों का दीदार कर खुशी जताई।

### फूलपती हत्याकांड का आरोपित डॉक्टर गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरूषोतमपूर पुलिस ने भेलाही थाना के भेलाही गांव से कांड संख्या 42/25 के आरोपी झोलाछाप डाक्टर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि अरूण कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विदित हो कि बिते अप्रैल माह में मरजदवा बाजार में जनता हॉस्पिटल में महुअवा गांव के रमण शर्मा की पत्नी फूलपति देवी के पेट में गॉलब्लैडर में पत्थर होने की बात कह उक्त झोलाछाप डॉक्टर द्वारा महिला की पेट की आपरेशन कर दिया गया। उसके बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी। महिला की तबीयत बिगड़ते देख झोलाछाप डॉक्टर ने महिला की इलाज के लिए बेतिया ले जाने को कहा। बेतिया में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी।

### भंगहा में बाघ ने किया नीलगाय का शिकार

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा थाना के नौरंगा सरेह में गन्ना के खेत में बाघ ने नीलगाय का शिकार किया है। इस घटना से लोगों में भय व्याप्त है। मंगलवार दोपहर गांव कि कुछ महिलाएं घास के लिए सरेह में गई थी। उस दौरान महिलाओं ने देखा कि किसी जानवर को मार कर ईख के खेत की तरफ ले जाया गया है। तुरंत इसकी सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण खेत की तरफ पहुंचे। ग्रामीणों ने बाघ की पग चिन्ह देख वन विभाग को सुकुना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच छानबीन में जुट गयी है।

### गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर किसान एकजुट

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चालू पेराई सत्र में गन्ना मूल्य बढ़ाने की मांग को लेकर किसान एकजुट होने लगे हैं। मंगलवार को दर्जनों किसानों ने एसडीएम गौरव कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए सरकार को 8 जनवरी तक का समय दिया है। ईख काश्तकार संघ के प्रदेश सचिव छोटे श्रीवास्तव ने कहा कि यदि तय समय तक गन्ना मूल्य पर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो किसान चरणबद्ध आंदोलन करेंगे और मिलों को गन्ना आपूर्ति ठप कर दी जाएगी। इसके साथ ही सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि 6 दिसंबर को भी किसानों ने गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल करने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। इस मौके पर प्रेमचंद यादव, मुन्ना पंडित, सूर्यभान यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### मझौलिया में सड़कों पर उतरे सैकड़ों भूमिहीन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भूमिहीन परिवारों को हटाने संबंधी नोटिस के विरोध में भाकपा के बैनर तले सैकड़ों महिला पुरुष ढोल-नगाड़ों और लाल झंडों के साथ सड़कों पर उतर आए। मझौलिया हाई स्कूल से मार्च करते हुए प्रदर्शनकारी प्रखंड कार्यालय पहुंचे और बिना पुनर्वास विस्थापन का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि प्रत्येक भूमिहीन परिवार को जमीन और पक्का मकान दिया जाए। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है नगर निगम एवं सभी निगम पार्षद : उपमहापौर

**अगले वर्ष लगभग 1000 करोड़ की योजनाओं का काम का होगा शिलान्यास**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है नगर निगम एवं सभी निगम पार्षद आज ही के दिन 3 साल पहले नगर निगम का परिणाम आया था,सभी लोग चुनाव जीते थे। उक्त बातें बेल बनवा स्थित पार्षद भवन में पार्षदों को सम्मानित करते हुए उप महापौर डॉक्टर लालबाबू प्रसाद ने मंगलवार को कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार,बिहार सरकार,नगर विकास विभाग, सांसद राधामोहन सिंह एवं सभी माननीय विधायक गण के पहल एवं प्रयास से मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है एवं वर्ष 2026 में और तेज गति से विकास होंगे। लगभग 1000 करोड़ की योजनाओं का काम आने वाले वर्ष में होंगे। बहुत सारे विकास के काम शुरू हो चुके हैं। निगम पार्षद संघ के अध्यक्ष संजू कुमार निषाद ने कहा कि सभी 46 निगम पार्षद मोतिहारी के विकास के लिए अपने सांसद एवं विधायक गण के साथ कदम से कदम मिलाकर विकास को तेज गति देंगे। सभी निगम पार्षदों ने उपमहापौर डॉ. लाल बाबू प्रसाद का भी उल्लास के साथ स्वागत किए। इसके पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम पार्षद संघ के अध्यक्ष संजू कुमार निषाद ने किया।

### एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं का कई माह से मानदेय बन्द

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीएचसी बनकटवा में कार्यरत ए एन एम और आशा कार्यकर्ताओ का कई माह से मानदेय भुगतान नहीं होने से कार्यकर्त्ताओ में घोर निराशा है सीएचसी प्रभारी डॉ रामनरेश कुमार ने बताया कि नया पोर्टल शुरू होने के कारण सभी ए एन एम और आशा कार्यकर्ताओ का मानदेय भुगतान बाधित है जनवरी के प्रथम सप्ताह से भुगतान होना शुरू हो जायेगा`नया पोर्टल शुरू होते हीं सबका भुगतना ट्रेजरी से होना शुरू हो जायेगा`ए एन एम का 3 माह से और आशा कार्यकर्ताओ का 5 माह से भूगतान नहीं होने से इन कार्यकर्ताओ में काफी निराशा है।

### पुलिस पर हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सतवरिया पेट्रोल पंप के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस से हाथापाई करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों लड्डू साह और हरिओम साह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। घटना में आरोप है कि आरोपियों ने पुलिस की मशीन को भी क्षतिग्रस्त किया। पुलिस ने बताया कि अन्य दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और हमले में शामिल सभी को बख्शा नहीं जाएगा।

# खराब प्रदर्शन करने वाले राजस्व कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई: जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परिमार्जन, म्युटेशन एवं दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब और शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि परिमार्जन प्लस के अंतर्गत ऐसे मामले, जिनमें ऑनलाइन जमाबंदी उपलब्ध नहीं थी, उनमें से लगभग 77.5 प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। बीते 15 दिनों में इस श्रेणी के अंतर्गत सभी अंचलों में कुल 856 मामलों का निष्पादन किया गया। वर्तमान में कर्मचारी स्तर पर 620 तथा अंचलाधिकारी स्तर पर 478 आवेदन लंबित हैं, जिन्हें एक सप्ताह के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। डिजिटाइज्ड जमाबंदी में सुधार से संबंधित मामलों की समीक्षा में बताया गया कि विगत 15 दिनों में 3829 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। हालांकि, कर्मचारी स्तर पर 1312 तथा अंचलाधिकारी स्तर पर 1046 आवेदन अब भी लंबित हैं। इस दौरान सोनपुर अंचल में निष्पादन की स्थिति असंतोषजनक पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी को शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दस्तावेजी त्रुटियों के कारण वापस किए गए मामलों में अनावश्यक विलंब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल निर्णय लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिमार्जन एवं म्युटेशन के आवेदनों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राजस्व से संबंधित विभिन्न पैरामीटरों में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले 10-10 राजस्व कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। दाखिल-खारिज से जुड़े मामलों की समीक्षा में बताया गया कि बीते 15 दिनों में 2698 मामलों का निष्पादन किया गया है। साथ ही 75 दिनों से अधिक समय से लंबित म्युटेशन मामलों को अगले 10 दिनों में निष्पादित करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत अंचलों के कार्यों की नियमित समीक्षा और राजस्व कर्मचारियों के कार्यों का सतत पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही प्रत्येक माह विभिन्न हल्कों का निरीक्षण सुनिश्चित करने तथा पुराने लंबित म्युटेशन व परिमार्जन मामलों के अभिलेखों की जांच कर लंबित रहने के स्पष्ट कारणों का पता लगाने का आदेश दिया गया। सभी भूमि सुधार उपसमाहताओं को अपने न्यायालयों में लंबित वादों का शीघ्र निष्पादन करने तथा राजस्व महाभियान के तहत प्राप्त सभी आवेदनों को नियमानुसार निष्पादित कर शत-प्रतिशत विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न विभागीय परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन, विद्यालय भवन, मंडल कारा छपरा के स्थानांतरण, उप कारा मढ़ौरा, बी-सैप केंद्र, मढ़ौरा अनुमंडल न्यायालय सहित अन्य परियोजनाओं के लिए अधियाचित भूमि का शीघ्र चयन कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। भू-अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से विभिन्न मौजों में आयोजित किए जा रहे शिविरों के माध्यम से रैयतों की दस्तावेजी समस्याओं का समाधान करते हुए मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया। वहीं आपदा से संबंधित मुआवजा भुगतान के लंबित मामलों में आवश्यक दस्तावेज एवं जांच प्रतिवेदन अविलंब जिला आपदा प्रबंधन शाखा को भेजने का आदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी तथा सभी अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख, महिला झुलसी

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के आमगाछी गांव में सोमवार की रात चूल्हे की चिंगारी से लगी आग में करीब एक लाख रुपए नगद सहित लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई है। इस घटना में उक्त गांव निवासी राजेन्द्र राय, चंद्रिका राय, अमेरिका राय, संतोष राय, मंतोष राय व गिरीश राय का घर जल गया है। घर में रखा अनाज, वस्त्र, फर्नीचर, आभूषण सहित कई बकरियां जल गई है। वही आग में जल कर गिरे विद्युत तार की चपेट में आने से गिरीश राय की पत्नी झुलस गई है। जिसका इलाज मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में हो रहा है। घटना के समय राजेन्द्र राय के घर में खाना बनाया जा रहा था। इसी क्रम में चूल्हे से निकली चिंगारी शोला बन गई। हाड़ कंपकंपाने वाली ठंड के बावजूद आग की लपटें इतनी तीव्र थी कि लोग उसके आस पास फटक नही पा रहे थे। बाद में ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाते हुए मोटर स्टार्ट कर आग पर काबू पाया। तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका था। मामले को लेकर अग्नि पीड़ितों ने चिरैया थाना व अंचल कार्यालय को आवेदन पत्र दे दिया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार इस कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है।

## मुखिया ने एसडीएम से की शिकायत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केसरिया पंचायत के धोबहा गांव स्थित जनवितरण दुकान के डीलर पर राशन वितरण में घटतौली और मनमानी का आरोप लगाते हुए मुखिया अलिफतारा खातून ने एसडीएम से शिकायत की है। इसकी प्रतिलिपि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व जिलाधिकारी को भी भेजी गई है। मुखिया प्रतिनिधि तारिक अनवर ने बताया कि दुकानदार रवि कुमार द्वारा लाभुकों के साथ अक्सर घटतौली की जाती है और शिकायत करने पर उन्हें धमकाया जाता है। पूर्व में भी शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से डीलर का मनोबल बढ़ा हुआ है। मुखिया ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## बैंक से पैसा निकालते ही महिला को 'फर्जी पुलिस' ने बनाया शिकार



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल प्रखंड के लक्ष्मीपुर-लक्ष्मनवा पंचायत अंतर्गत जयमंगलापुर गांव की रहने वाली कलावती देवी के साथ ठगों ने दिनदहाड़े एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। अपनी बेटी की होने वाली शादी के लिए कलावती देवी ने रक्सौल स्थित सेंट्रल बैंक से ₹49,000 की निकासी की थी। बैंक से बाहर निकलते ही खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले कुछ ठगों ने उन्हें जबरन चार पहिया वाहन में बैठा लिया।ठगों ने महिला को डराते-धमकाते हुए कहा कि उनके पास मौजूद पैसा चोरी का है। कलावती देवी बार-बार गिड़गिड़ाती रहीं कि यह पैसा उनका अपना है, जिसे उन्होंने अपने खाते से अंगूठा लगाकर बैंक से निकाला है, लेकिन ठग उनकी एक नहीं सुन रहे थे। वे लगातार उन्हें भ्रमित करते रहे और अपनी गाड़ी से शहर के मनोकामना मंदिर होते हुए बाईपास रोड की ओर ले गए। बताया गया कि ठगों ने ओवरब्रिज पर महिला को यह कहकर उतार दिया कि वे पुलिस के वरीय पदाधिकारियों को बुलाकर लाते हैं। काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब कोई नहीं आया, तब पीड़ित महिला रोते-बिलखते हुए रक्सौल टाउन थाना पहुंची और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। दिनदहाड़े बैंक से निकासी करने वाली महिला के साथ हुई इस वारदात ने पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और ठगों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## महापौर ने किया नाला निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम मोतिहारी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-12 मठिया जीरात ईदगाह रोड में चल रहे मुख्य नाला निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण महापौर प्रीति कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त निशांत सिहारा, नगर प्रबंधक नागमणि सिंह एवं विक्रम प्रशांत भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यह विकासात्मक परियोजना क्षेत्र में बेहतर एवं स्थायी जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नाला निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात खोदा नगर, मठिया जीरात एवं अम्बेडकर नगर के नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही जलजमाव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। इससे न केवल पानी की निकासी सुचारू होगी, बल्कि स्वच्छता, पानी निकासी एवं आवागमन व्यवस्था में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। नगर निगम मोतिहारी शहर के सर्वांगीण विकास तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है और इस प्रकार की विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित कर रहा है।

## आशा कार्यकर्ताओं को दी गई श्रृंगार किट

**गौनाहा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौनाहा रेफरल अस्पताल में मंगलवार को 230 आशा कार्यकर्ताओं को श्रृंगार किट का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी बीसीएम विपिन बिहारी ने बताया कि प्रत्येक आशा कार्यकर्ताओं को श्रृंगार किट का वितरण किया गया। इस किट में दर्पण, रुमाल,कंघी व अन्य श्रृंगार के समान है जो कि श्रृंगार बॉक्स के अंदर रख कर प्रत्येक वार्ड में नई नवेली दुल्हनों को दी जाएगी। इस मौके पर आशा सरोज देवी, शर्मिला देवी, रमिला देवी, शिवकली देवी, द्रोपती देवी, अनीता देवी, गीता देवी मिना देवी सहित दर्जनों आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मानसिक रूप से कमजोर बच्ची का हाईवे से सुरक्षित रेस्क्यू



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के गमहरिया चौक के समीप हाईवे पर मंगलवार की रात एक मानसिक रूप से कमजोर बच्ची के अकेले भटकने की सूचना से इलाके में चिंता का माहौल बन गया। रात्रि करीब 9 बजे स्थानीय नागरिक विवेक पटेल ने इस संवेदनशील स्थिति की जानकारी सामाजिक संगठन स्वच्छ रक्सौल को दी।सूचना मिलते ही स्वच्छ रक्सौल सामाजिक संगठन की टीम तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित रेस्क्यू किया। हाईवे पर वाहनों की तेज रफ्तार और बच्ची के किसी गलत हाथों में पड़ने की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई बेहद जरूरी थी। रेस्क्यू के बाद 112 पुलिस सेवा के सहयोग से बच्ची को माहेर ममता निवास पहुंचाया गया, जहां उसे सुरक्षित आश्रय दिया गया है और उसकी समुचित देखभाल की जा रही है। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने आम नागरिकों से अपील की कि यदि कोई बच्ची को पहचानता हो या उसके परिजनों की कोई जानकारी रखता हो, तो आगे आकर सहयोग करें, ताकि बच्ची को उसके परिवार से मिलाया जा सके। संपर्क करें: रणजीत सिंह, स्वच्छ रक्सौल फोन 6201284626, बीरेन्द्र कुमार, माहेर ममता निवास फोन 94306 81049, यह सराहनीय पहल सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों की संवेदनशीलता का उदाहरण है, जिसने एक असहाय बच्ची को सुरक्षित जीवन की ओर एक नई राह दी है।

## कड़ाके की ठंड, जनजीवन अस्त-व्यस्त, सीमावर्ती इलाकों में अलाव बना सहारा



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। पछुआ हवाओं के कारण इन दिनों कनकनी काफी बढ़ गई है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।ग्रामीण इलाकों में लोग घरों और दुकानों के बाहर अलाव जलाकर ठंड को दूर भगाने की कोशिश कर रहे हैं। यह अलाव ही लोगों का एकमात्र सहारा बन गया है, खासकर घर से बाहर निकलने वालों के लिए।मौसम विभाग के अनुसार बिहार में ठंड का प्रकोप लगातार जारी रहेगा। राज्य में कई जगहों पर 'कोल्ड डे' की स्थिति और घने कोहरे का असर देखने को मिलेगा। उत्तर बिहार के कई जिलों में शीत दिवस की स्थिति बनने का अनुमान है।सुबह और रात के समय घना कोहरा लोगों की परेशानी को और बढ़ाएगा। हालांकि, चार जनवरी के बाद तापमान में हल्की बढ़ोतरी के साथ ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना जताई जा रही है।

## कमरे के अभाव में नहीं हो रहा है बनकटवा सीएचसी में बंध्याकारण

### लैब टेक्निशियन के अभाव में जांच केन्द्र बन्द



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकटवा के सीएचसी का दर्जा मिलने के बावजूद सुविधाओं का घोर अभाव है प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बगल में सीएचसी का भवन निर्माण शुरू हो गया हैं जिसके बनने में अभी एक वर्ष से ज्यादा का समय लगेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कमरे का अभाव बताया जा रहा है जिसके कारण स्वास्थ्य केन्द्र में बंध्याकारण बन्द है अब जरूरतमंद महिलाओ को बंध्याकारण के लिए बगल के घोड़ासहन या छौडादानो स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ रहा है`सीएचसी में जाँच सम्बन्धी सभी मशीन उपलब्ध है लेकिन टेक्निशियन के अभाव में जाँच केन्द्र शुरू नहीं है जानकारी देते सीएचसी प्रभारी डॉ रामनरेश कुमार ने बताया कि प्रति दिन ओपीडी में 60 से 70 मरीज इलाज के लिए आते है प्रति माह 100 महिलाओ का प्रसव कराया जाता है`प्रखण्ड के मठिया भोपात में संचालित एच डब्लू सी में एक सी एच ओ तथा एक ए एन एम कार्यरत है वही इनरवा फूलवार एपीएचसी में एक डॉक्टर, दो एएनएम एक एन एम और एक गार्ड है।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 52 मोबाइल एसपी ने सौंपे मालिकों को

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम या चोरी हुए 52 मोबाइल फोन बरामद कर मंगलवार को उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने अपने कार्यालय में लोगों को उनके मोबाइल सौंपे, जिससे लंबे समय से परेशान लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। एसएसपी ने बताया कि इस माह बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये है। चुनावी कारणों से कुछ महीनों तक मोबाइल लौटाने में देरी हुई थी। इससे पहले ऑपरेशन मुस्कान के तहत 365 मोबाइल फोन, जिनकी कीमत लगभग 52.30 लाख रुपये है, उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मोबाइल गुम या चोरी होने की शिकायत मिलते ही पुलिस आधुनिक तकनीक की मदद से खोज शुरू कर देती है। गुमशुदा मोबाइल खोजने के लिए पुलिस ने एक वेबसाइट भी लॉन्च की है, जहां लोग आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस अभियान में आसूचना इकाई प्रभारी अमर कुमार, पुअनि ओम प्रकाश सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

## नेपाली कस्तूरी शराब के साथ चोरी की बाइक जब्त, धंधेबाज गिरफ्तार



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोटवा पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नेपाली कस्तूरी शराब की खेप के साथ मंगलवार की संध्या एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचने के आधार पर दीपऊ गांव के समीप छापामार कर धंधेबाज को बाइक समेत रंगेहाथों गिरफ्तार किया।गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान भोपतपुर थाना क्षेत्र के भोपतपुर बाझिया निवासी पप्पू कुमार यादव पिता रामनाथ यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार कारोबारी के पास से बाइक और उसपे लदे 224 पीस नेपाली कस्तूरी शराब जब्त किया। प्रत्येक बोतल 300 एमएल की है, जिससे कुल शराब की मात्रा 67.2 लीटर है। थानाध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि आरोपी शराब को बड़ी चालाकी से मोटरसाइकिल में लगे मोबिल के डिब्बे में छुपाकर ले जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई, जिसमें आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि जिस मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किया जा रहा था, वह चोरी की है। आरोपी काफी दिनों से दीपउ के पास रहकर शराब तस्करी का काम कर रहा था। छापेमारी का नेतृत्व थानाध्यक्ष करण सिंह एवं अपर थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने किया। छापेमारी दल में एसआई सूर्यकांत प्रसाद, मुकेश कुमार, आरसीपी सिंह, बिंदश्री राय सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम एवं अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सभी डाकघर को आत्मनिर्भर डाकघर बनाने का प्रयास तेज

### 21 जनवरी को चंपारण प्रमंडल में मेगा डाक जीवन बीमा अभियान चलाया जाएगा



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंपारण प्रमंडल मोतिहारी के एक समीक्षा समीक्षा बैठक मंगलवार को नगर भवन मोतिहारी में क्षेत्रीय कार्यालय मुजफ्फरपुर के सहायक निदेशक श्री जयप्रकाश द्वारा संचालित किया गया । इस अवसर पर चंपारण प्रमंडल के सभी अनुमंडलों के शाखा डाकघर के शाखा डाकपाल एवं सहायक शाखा डाकपाल शामिल थे। बैठक में चंपारण प्रमंडल के समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री जयप्रकाश, सहायक निदेशक द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में शेष बचे लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने पर एक एक शाखा डाकघर का समीक्षा किया गया। साथ ही मार्च माह तक सभी शाखा डाकघरों को आत्मनिर्भर शाखा डाकघर बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास करने का आह्वान किया गया। बैठक में यह भी आह्वान किया गया कि दिनांक 21जनवरी 26 को चंपारण प्रमंडल में मेगा डाक जीवन बीमा अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रमंडल के सभी क्षेत्रों से अधिकाधिक लोगों को डाक जीवन बीमा से जोड़ा जाएगा। डाक अधीक्षक श्री आशुतोष आदित्य द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अपने सम्बोधन में कहा कि हर एक डाकघर को आत्मनिर्भर बनाएंगे। साथ ही प्रमंडल के जन सेवा के क्षेत्र में अव्वल स्थान प्राप्त करेगा। बैठक में प्रमंडल के विभिन्न डाकघरों से दो सौ से अधिक शाखा डाकपाल एवं सहायक शाखा डाकपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में पंकज कुमार, सहायक डाक अधीक्षक, पंकज कुमार पंकज, डाक निरीक्षक (पूर्वी अनुमंडल), कमलेश प्रसाद, डाक निरीक्षक (पश्चिमी अनुमंडल), आशीष भारद्वाज, डाक निरीक्षक (दक्षिणी अनुमंडल), कल्याण कमलेश, डाक निरीक्षक (उत्तरी अनुमंडल), विजय प्रसाद, डाकपाल मोतीहारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

# उद्योगों की स्थापना में सहयोग देगा प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में 'उद्यमी वार्ता' का भव्य आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करना और जिले में औद्योगिक विकास को गति देना था। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित उद्यमियों की शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को उनके त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिए। इस दौरान भविष्य में नए उद्योग स्थापित करने में आने वाली बाधाओं जैसे बिजली, प्रदूषण एनओसी, फायर लाइसेंस, भूमि सम्परिवर्तन आदि को दूर करने के लिए जिला स्तर पर एक "सिंगल विण्डो सेल" गठित करने का आदेश दिया गया। महाप्रबंधक (जिला उद्योग केंद्र) द्वारा पीपीटी के माध्यम से विभाग की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, बैंकर्स और विभागीय अधिकारियों को ऋण वितरण और लक्ष्य प्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उद्यमियों को पीएमइजीपी, पीएमएफएमई, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और बियाडा से भूमि आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा पीएमएफएमई योजना के तहत 184.20 लाख रुपये तथा पीएमईजीपी योजना के तहत 44.55 लाख रुपये के स्वीकृति/भुगतान पत्र उद्यमियों के बीच वितरित किए गए। उक्त बैठक में अपर समाहर्त्ता (विभागीय जांच), उप समाहर्त्ता (बैंकिंग), अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक के प्रतिनिधि, डी.डी.एम. नाबार्ड, डी.पी.एम. जीविका, कार्यपालक अभियंता (विद्युत), अध्यक्ष (चैम्बर ऑफ कॉमर्स), उप महाप्रबंधक (बियाडा) और जिला अग्निशमन पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय उद्यमी उपस्थित रहे।



## दिव्यांग और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर से जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। प्रशासन द्वारा प्रखंड क्षेत्र के चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव तथा दिव्यांग, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर कंबल का वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में एरका गांव के रहने वाले दो असहाय बुजुर्ग महिला और एक दिव्यांग को कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर लाभार्थियों ने खुशी जताई और कहा कि उन्हें कंपकंपाती ठंड से राहत मिलेगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने बताया कि ठंड से राहत के लिए सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र में प्रभावी कार्य किये जा रहे हैं। बेसहारा और जरूरतमंद लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाई जाएगी।

# जिला परिषद की आय बढ़ाने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, जहानाबाद डॉ. प्रीति (भा. प्र. से.) के नेतृत्व में तथा जिला परिषद अध्यक्षा रानी कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत में 4 जुलाई, 2025 को हुई पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई। लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए। जिला परिषद की आय बढ़ाने और सरकारी भूमि के बेहतर सदुपयोग पर विशेष चर्चा हुई। परिषद की भूमि पर विवाह भवन एवं दुकानों के निर्माण कार्य की प्रगति जांची गई ताकि स्थानीय लोगों को सुविधा मिलने के साथ-साथ राजस्व में भी वृद्धि हो सके। बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, विद्युत विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों के पदाधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से बस स्टैंड के समीप वाहन पार्किंग निर्माण हेतु चर्चा की गई। जिला परिषद की जमीनों को सुरक्षित करने हेतु सभी चिन्हित भूखंडों पर सीमांकन करने और 'जिला परिषद' के सूचना बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में अध्यक्षा एवं उप विकास आयुक्त द्वारा जनहित की योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने का संकल्प दोहराया गया।

# जहानाबाद शहर को जाम मुक्त बनाने की नई पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** शहरी क्षेत्र के आम नागरिकों को सड़क जाम एवं उससे संबंधित समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुरूप शहरी क्षेत्र में परिचालित ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा को विनियमित करने के लिए मुख्य मार्गो को पांच रूटों में विभाजित किया गया है। इन रूटों को कलर कोडिंग करने के पश्चात् सड़क के परिवहन क्षमता के अनुरूप ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा को परिचालन करने हेतु अनुमति दी जायेगी। जहानाबाद शहर के लिए जो पाँच रूट बनाए गए हैं उनमें- काको मोड़ से समाहरणालय के रास्ते ईरकी तक, काको मोड़ से घोषी मोड़ तक, काको मोड़ से राजा बाजार तक, काको मोड़ से नदौल तक एवं काको मोड़ से काको तक। विभागीय निर्देश के अनुसार चयनित ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा को ही इस रूट में परिचालन की अनुमति दी जायेगी। इसके अतिरिक्त अन्य ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा का परिचालन जहानाबाद शहर के बाहर किया जा सकेगा। ग्रामीण क्षेत्र से जहानाबाद शहर की ओर आने वाली ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा का परिचालन काको मोड़, अरवल मोड़, कारगिल एवं घोषी मोड़ के आगे प्रतिबंधित रहेगा। जहानाबाद शहरी क्षेत्र में चिन्हित पांच रूटों पर परिचालन के लिए ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा के स्वामियों से आवेदन ऑनलाइन / ऑफलाइन के माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे। प्राप्त आवेदनों की संख्या निर्धारित रूटों के वहन क्षमता से अधिक होने की स्थिति में ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।



# ठंड से बचाव हेतु प्रशासन ने की अलाव की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बढ़ती ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों, प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है। इससे राहगीरों व फुटपाथ पर रात गुजारने वालो गरीबों को राहत मिली है। इसमें शहर के रमेश चौक, सदर अस्पताल, सतेंद्र नगर, गोह, हसपुरा, जम्होर सहित अन्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी के मुताबिक बढ़ती ठंड और शीतलहर के दौरान लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गयी है। साथ ही संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि नियमित रूप से अलाव जलता रहे और लकड़ी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अलाव की व्यवस्था से खासकर सुबह-शाम ठंड के समय काफी राहत मिलेगी। जिलाधिकारी ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने ठंड और शीतलहर के दौरान अनावश्यक घर से बाहर निकलने वाले लोगों से गर्म कपड़ों का उपयोग करने की सलाह भी दी है।



# स्टेशन के ओवरब्रिज से गिरने से 55 वर्षीय जनवितरण दुकानदार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** ट्रेन पकड़ने के दौरान स्टेशन के ओवरफुट ब्रिज पर सीढ़ी चढ़ते समय गिरकर जाखिम निवासी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार (डीलर) मदन साव (55 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब वे अपने पैतृक गांव जाखिम अनाज वितरण के लिए जा रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से वे सीढ़ियों पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन व स्थानीय लोग उन्हें बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के पुत्र धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मदन साव रफीगंज के महादेव घाट रोड में मकान बनाकर रह रहे थे और वहीं से अपने गांव जाखिम जाने के लिए निकले थे। वे वर्ष 1988 से जन वितरण प्रणाली के डीलर के रूप में कार्यरत थे और इलाके में एक कर्मठ व सरल स्वभाव के व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। घटना की खबर मिलते ही जाखिम और रफीगंज के बड़ी संख्या में लोग शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दनई डीलर संजय सिंह, नगर डीलर सोनेलाल, संजीत कुमार, केशोपुर डीलर सुनील कुमार, मुकेश कुमार, सरोज कुमार सहित कई प्रखंड डीलरों ने पहुंचकर गहरी संवेदना व्यक्त की। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने का निर्णय लेते हुए शव को पैतृक गांव ले जाकर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी है। दाह संस्कार बुधवार को किया जाएगा। मृतक अपने पीछे चार पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। इस असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और हर आंख नम है।

# सिहाड़ी बाजार स्थित बिहार ग्रामीण बैंक में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत टाल अंतर्गत सिहाड़ी बाजार स्थित बिहार ग्रामीण बैंक में शाखा प्रबंधक श्री अजीत कुमार के स्थानांतरण के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर भावनाओं, सम्मान और भविष्य की शुभकामनाओं से भरा रहा—एक ऐसा पल, जहाँ सेवा का अध्याय पूरा हुआ और नई शुरुआत ने दस्तक दी।

समारोह के दौरान टोला सेवक के प्रखंड सचिव ललन चौधरी ने निवर्तमान शाखा प्रबंधक अजीत कुमार को बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। इसके पश्चात नवपदस्थापित शाखा प्रबंधक मुकेश जयसवाल का भी बुके और अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व प्रधानाध्यापक जगदीश चौधरी, अवधेश मिश्रा, पूर्व कैरियर रामविलास सिंह, भूषण शर्मा एवं दुधेश्वर सिंह ने अजीत कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि अजीत कुमार ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी इमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया है और विश्वास जताया कि वे जहां भी कार्यरत रहेंगे, उसी समर्पण के साथ सेवा देंगे। साथ ही नए शाखा प्रबंधक श्री मुकेश जयसवाल से क्षेत्रवासियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर बैंकिंग सेवाओं को और सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई गई। समारोह में जीविका से उषा कुमारी, बैंक मित्र दिनेश कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य बैंक मित्रों ने भी निवर्तमान प्रबंधक को शुभकामनाएं दीं और नए प्रबंधक के सफल कार्यकाल की कामना की।




# समाजसेवी को मिला सेवा मानव रक्षक रत्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के एक निजी होटल में एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में आदित्य श्रीवास्तव को सेवा मानव रक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। जिला प्रभारी ओम प्रकाश एवं जिला सचिव सुमित सिंह ने बताया कि आदित्य श्रीवास्तव को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सेवा मानव रक्षक रत्न सम्मान से संगठन के द्वारा सम्मानित किया जाता है। सभी वक्ताओं ने कहा कि आदित्य हमेशा अपनी निजी जीवन से हटकर सामाजिक जीवन में रहकर हर संभव जरूरतमंद लोगों को मदद करने का कार्य करते हैं। इसके कई उदाहरण है अभी तेजी से शीतलहरी ठंड को देखते हुए उनके द्वारा मानस सेवा रक्षा अभियान जैसी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्तियों तक गर्म कपड़े और कंबल प्रबंध कराया जा रहा है। आदित्य के द्वारा आपातकालीन स्थिति में जरूरतमंद लोगों को इलाज के दौरान जरूरत पर रक्त प्रबंध कराए जाते हैं, सभी पूजा त्यौहारों में जरूरतमंद लोगों को उन्हें त्यौहार मनाने की हर सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, जरूरतमंद घरों के बेटियों को सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रम चलाए जाते हैं, घर आने के बच्चों को पठन-पठान की वस्तुओं तक प्रबंध कराया जाता है। आदित्य श्रीवास्तव ने कहा सेवा ही संकल्प का उद्देश्य मेरे जीवन में है, आप हमेशा मेरे द्वारा हर संभव जरूरतमंद लोगों को मदद करने का कार्य किया जाएगा, मैं कुछ भी कर पाता हूं इसके पीछे समाज के सभी वर्गों के लोगों का सहयोग और समर्थन मिलता है। आदित्य श्रीवास्तव का बधाई देने वालों में ज्योति सिंह, बिना स्वराज, बिट्टू सिंह, मोहित सिंह, दीपक कुमार, तेजस्विनी सिंह, कुमारी समीक्षा, कुमारी शिवांगी, नेहा कुमारी, विष्णु कुमार, अभिनाश कुमार, अन्य कई लोग ने दिए बधाई।

## मारपीट में मां-बेटा जख्मी

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपहारा थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी, जिसमें मां-बेटा जख्मी हो गये। ज़ख्मियों में उस गांव निवासी अनवर खलीफा की पत्नी शबाना खातून व पुत्र साहिल खलीफा शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी शबाना खातून ने बताया कि एक दिन पहले उसकी बेटी तब्बू की सगाई थी। सगाई में सभी रिश्तेदार पहुंचे हुए थे। एक पटीदार को छोड़कर आसपास के सभी पाटीदारों को सगाई का निमंत्रण दिया गया था। हालांकि सगाई में जो टेंट लगाया गया था। उसके टेंट के जनरेटर का हैंडिल पटीदार के ही घर था। जब उसका पुत्र साहिल पटीदार से हैंडल मांगने गया तो उसके साथ मारपीट की। हालांकि उस समय मामले को सुलझा दिया गया था। मंगलवार को ई-रिक्शा का किसी ने पर्दा फाड़ दिया। शक के आधार पर पड़ोसी से पूछने गया तो पटीदार सगाई के दिन वाला भी मैटर लेकर मां-बेटा को जमकर पिटाई कर दी।

## रोजगार मेला का आयोजन 8 जनवरी को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार सरकार युवा रोजगार एवं कौशल विभाग, जिला नियोजनालय, जहानाबाद के तत्वावधान में भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड के द्वारा जहानाबाद बिहार में कस्टमर रिटेंशन ऑफिसर (सीआरओ) के पद हेतु 50 रिक्तियों अधिसूचित की गई है जो 08 जनवरी को सदर ब्लॉक परिसर जिला कोषागार के सामने संयुक्त श्रम भवन जिला नियोजनालय, जहानाबाद में निर्धारित की गई है। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं एवं 12वीं होना अनिवार्य है । जिनका उम्र 32 वर्ष निर्धारित की गई है, उनका कार्य स्थल बिहार के सभी जिलों में किया जायेगा साथ ही मासिक वेतन 13500 निर्धारित की गई है । इसके साथ उन्हें पीएफ, ईएसआईसी, मेडिकल की सुविधा भी प्रदान की जायेगी।चयन हेतु उम्मीदवारों का एन.सी.एस. पोर्टल पर निबंधित होना अनिवार्य है। जॉब कैम्प की सारी प्रक्रिया निःशुल्क है ।

## एक नजर

### दो जगहों से देसी शराब बरामद

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब कारोबार तथा निर्माण के विरुद्ध मखदुमपुर थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के कंसारा मोहल्ले में छापेमारी कर 25 लीटर देसी शराब बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली के कंसारा मोहल्ले में अवैध शराब कारोबार किया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए शांति देवी एवं विनय मांझी के घर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि शांति देवी के घर से 15 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वहीं विनय मांझी के घर से पुलिस ने 10 लीटर देसी शराब बरामद किया है। उन्होंने बताया कि हालांकि पुलिस की भनक लगते ही दोनों कारोबारी घर छोड़कर भागने में सफल रहे, इस संबंध में मखदुमपुर थाने में दोनों कारोबारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द दोनों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### बाइक चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रफीगंज बाजार से मोटरसाइकिल चोरी का एक मामला सामने आया है। इस संबंध में झिकटिया निवासी मो. आसिक ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में बताया गया है कि रविवार की शाम उनके मामा कुछ आवश्यक सामान खरीदने के लिए रफीगंज बाजार पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल आलम मेडिकल के सामने सड़क किनारे खड़ी की और पास की गली में स्थित एक किराना दुकान में चले गए। कुछ ही देर बाद जब वे वापस लौटे, तो मौके से बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित ने बताया कि चोरी हुई बाइक उनकी मां के नाम से पंजीकृत है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर-26 एक्स 9210 है। इसके बाद रफीगंज थाना में लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी दी गई। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और चोरी की घटना की गहन जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों और संभावित स्थानों पर छानबीन कर रही है।

# जमीन कब्जाने के विरोध पर दो भाइयों से मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज।** प्रखंड क्षेत्र के बरूणा गांव में सोमवार को जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दबंगों ने पुलिस की मौजूदगी में ही दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया, जिसमें दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान बबन शर्मा और उनके चचेरे भाई धीरेंद्र शर्मा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित बबन शर्मा की जमीन पर गांव के ही कुछ लोग जबरन बांस का घेरा लगाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इसका विरोध किए जाने पर विवाद बढ़ गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित पक्ष ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराने का प्रयास किया और थाने आकर अपनी बात रखने की सलाह दी। पीड़ित बबन शर्मा ने थाने में दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि पुलिस के सामने ही दूसरे पक्ष के सुबोध शर्मा ने अपने पुत्रों जीतू शर्मा और बीटू शर्मा को उकसाते हुए जान से मारने का आदेश दिया। इसके बाद दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर बबन शर्मा और धीरेंद्र शर्मा को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद डायल 112 पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया।

इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पीड़ित पक्ष के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के फिदा बिगहा गांव में फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घटना कुछ दिन पूर्व की है, जब गांव निवासी स्व. महेश्वर प्रजापति के 30 वर्षीय पुत्र सुनील प्रजापति ने कथित रूप से डिप्रेशन में आकर अपने घर में ही फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली थी।

इस मामले में मृतक की पत्नी रिंकी देवी ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि उनके पति का मानसिक संतुलन अक्सर बिगड़ जाता था और वे कभी-कभी गहरे अवसाद में चले जाते थे। आवेदन के अनुसार 26 दिसंबर को डिप्रेशन की स्थिति में आकर उन्होंने आत्महत्या कर ली। पत्नी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस घटना में किसी व्यक्ति की कोई भूमिका नहीं है। प्राप्त आवेदन के आधार पर सोमवार को पुलिस को सूचना दी गई थी। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सभी तथ्यों की पड़ताल कर रही है, ताकि घटना की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट हो सकें।

# जिले में 17.82 प्रतिशत किसानों ने की रबी फसल की बुआई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में रबी फसल की बुआई की गति काफी धीमी गति से चल रही है। वहीं कृषि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले अबतक केवल 17.82 प्रतिशत फसल की बुआई खेतों में हो पाई है। जिले में कुल 1,54,287.54 हेक्टेयर में रबी फसल लगाने का लक्ष्य तय किया गया है जबकि अब तक महज 27,491,97 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी की बुआई हुई है। अबतक रबी फसल की बुआई न होने से कृषि विभाग के साथ किसानों की चिंता बढ़ गई है। बता दें कि आगामी 14 जनवरी तक रबी फसल की बुआई करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बता दें कि रबी फसल की धीमी प्रगति का सबसे बड़ा कारण धान की कटनी में हो रही विलंब है। जिले के कई प्रखंडों में अबतक धान की फसल खेतों में खड़ी है या कटनी की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में किसान समय पर खेत खाली नहीं कर पा रहे हैं जिससे गेहूं, चना, सरसो, मसूर सहित रबी फसलों की बुआई प्रभावित हुई है। किसान प्रदीप सिंह, विवेक सावया कि इस वर्ष मानसून की अनियमितता के कारण धान की फसल देर से पककर तैयार हुई है। ऊपर से लगातार ठंड और सुबह के समय कोहरे ने भी कटनी कार्य में बाधा उत्पन्न की है। यहां तक की कई जगहों पर मजदूरों की कमी और बढ़ती मजदूरी दर कटनी में देरी का कारण बनी है। जबतक धान की कटनी पूरी नहीं होगी तबतक रबी फसल की बुआई में तेजी आना मुश्किल है। वहीं कृषि विभाग की ओर से किसानों को समय पर बुआई के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि यदि दिसंबर के अंत तक बुआई में तेजी नहीं आई तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ सकता है। बता दें कि रबी फसल जिले की अर्थव्यस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। खासकर गेहूं और दलहन फसलें किसानों की आय का प्रमुख स्त्रोत हैं।



## बाइक से गिरकर युवक घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार के कंसारा गांव के समीप बाइक से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गए। घायल व्यक्ति भुनमा कुमार मखदुमपुर सरेया निवासी बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार सरेया मुहल्ला निवासी भुनमा बाइक से किसी काम को लेकर कंसारा के तरफ गए थे। और घर वापस आ रहे थे, इसी दौरान बाइक अनियंत्रित हो गया जिससे वे सड़क पर ही गिर गया। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए उन्हें रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया। जहाँ चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज हेतु जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

**बिहार सरकार**

**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद्, औरंगाबाद**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति सं0–02/2025–26**

औरंगाबाद नगर परिशद क्षेत्रान्तर्गत ब्लॉक मोड से महाराणा प्रताप चौक के बीच / नगर थाना से फारम (लोरिक चौक) के बीच / करमा मोड से पुलिस लाईन के बीच / बाईपास ओवरब्रीज से रामाबॉध(शहरी क्षेत्र) के बीच / शाहपुर रोड / टिकरी रोड में सडक किनारे टाउन वेंडिग जोन में अस्थायी संरचना निर्माण हेतु नीचे अंकित विवरणी के अनुसार रैयती परती भूमि लीज पर लेने हेतु **अभिरूचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव दिनांक–17.01.2026 तक** अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सीलबंद लिफाफा के रूप में आमंत्रित किया जाता है–

1. प्रस्तावित भूमि मुख्य पथ / संपर्क पथ से सटे अवस्थित होना आवश्यक है ताकि आवागमन एवं परिवहन निर्बाध रूप से हो सके।
2. प्रस्तावित भूमि का स्वामित्व स्पश्ट होना आवश्यक है। जिसके लिए प्रस्ताव के साथ भूमि का मालगुजारी रसीद एवं अद्यतन एल0पी0सी0 संलग्न करना आवश्यक होगा।
3. प्रस्तावित भूमि विवादित, गैर मंजरूआ आम तथा गैर मंजरूआ मालिक नही होगा, इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
4. प्रस्तावित भूमि का न्यूनतम क्षेत्रफल 35 डिसमिल से कम मान्य नही होगा, परन्तु प्रस्ताव एक से अधिक व्यक्ति मिलाकर प्रस्तुत कर सकते है।
5. प्रस्तावित भूमि के उपर से हाइटेंशन तार गुजरा हुआ नही होना चाहिए।
6. अभिरूचि की अभिव्यक्ति प्रदाता निर्धारित समय के पूर्व जमीन का सभी आवश्यक कागजात, जमीन का नजरी नक्शा, पैन कार्ड, आधार कार्ड के साथ प्रस्तावित भूमि का प्रति डिसमिल प्रतिमाह प्रस्तावित किराया के साथ प्रस्ताव समर्पित करेंगें।
7. प्रस्ताव प्रदाता अपने प्रस्ताव के साथ सुरक्षित जमा राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट मो0–20,000.00 (बीस हजार) रू0 का अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद औरंगाबाद) के पदनामे अवश्य संलग्न करेंगें।
8. भूखण्ड के किराया का भुगतान RTGS / चेक के माध्यम से किया जाएगा तथा चयनित प्रस्ताव प्रदाता को अधोहस्ताक्षरी के साथ एक एकरारनामा भी करना होगा।
9. प्रस्तावित लीज तत्काल पाँच / दस वर्षो के लिए किया जाएगा तथा सरकार / बोर्ड की सहमति से किराया में आनुपातिक वृद्धि सहित लीज अवधि का विस्तार भी किया जा सकेगा। लीज अवधि समाप्ति के पश्चात अस्थायी संरचना नगर परिषद वापस ले लेगी।
10. उपर्युक्त अंकित शर्तो के अतिरिक्त सरकार / विभाग / बोर्ड द्वारा अधिरोपित अन्य विधिसम्मत शर्त्त को स्वीकार करने से संबंधित एक स्व घोषणा पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**

**PR. No. 020731 (B&C) 2025-26**

**मुख्य पार्षद**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**

### डीएम ने नववर्ष पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# पार्कों एवं भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह ने जिले में नववर्ष के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नववर्ष के दिन जिले के सभी प्रमुख पिकनिक स्थलों, पर्यटन स्थलों, जलप्रपातों, पार्कों एवं भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। विशेषकर दुर्गावती डैम, इंद्रपुरी डैम, मां तुतला भवानी धाम, मां ताराचण्डी धाम, मांझर कुंड, रोहतासगढ़ किला, महादेव खोह, शेरशाह सूरी मकबरा में विशेष निगरानी की बात कही गई। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के पिकनिक स्थलों पर पहुंचने की संभावना रहती है, ऐसे में सतत निगरानी अत्यंत आवश्यक है। डीएम ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पिकनिक स्थलों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाए। वाहनों की सघन जांच, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर, भीड़ नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हुड़दंग की स्थिति में तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती व नियमित गश्ती के माध्यम से सतत निगरानी रखने पर विशेष बल दिया। बैठक में राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध शराब की बिक्री, भंडारण एवं सेवन पर कड़ी नजर रखी जाए। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाकर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर स्थिति पर लगातार नजर रखें और समय-समय पर स्थिति की जानकारी वरीय अधिकारियों को उपलब्ध कराएं।

# शादी के नाम पर फर्जीवाड़ा करने के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास पुलिस ने शादी के नाम पर फर्जीवाड़ा करने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया। उनके पास से 10800 नगद और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। एसपी रोशन कुमार के अनुसार 28 दिसंबर को सूचना प्राप्त हुई थी कि दो महिला शादी कराने के नाम पर राज्य से बाहर के एक पुरुष का फर्जी तरीके से शादी करवाकर उनसे शादी के नाम पर करीब तीन लाख रूपया ठग कर फरार हो गई है। उन्होंने बताया कि इसी तरह की घटना से संबंधित काण्ड इससे पूर्व सासाराम नगर एवं नोखा थाना में भी प्रतिवेदित हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना को गंभीरता से लिया गया तथा इन काण्डों के उद्भेदन एवं उसमें संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष, नोखा थानाध्यक्ष, नौहट्टा थानाध्यक्ष, धर्मपुरा थाना को शामिल किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एक महिला सरोज देवी पति-किसान चौधरी ग्राम-सिसरित थाना-धर्मपुरा जिला-रोहतास को विधिवत उनके घर से अभिरक्षा में लिया गया।

अभिरक्षा में लिये गये महिला सरोज देवी से पूछताछ करने पर उनके द्वारा काण्ड का खुलासा करते हुए बताया गया कि इनका एक गिरोह है जिसमें एक लड़की अंजली कुमारी तथा कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं। ये लागे शादी का झांसा देकर राज्य से बाहर के वैसे पुरुषों को निशाना बनाती हैं जिनका उम्र ज्यादा हो गया है एवं उनकी शादी नहीं हो रही है। वैसे पुरुषों से ये लोग अपने गिरोह के एक लड़की अंजली कुमारी से फर्जी तरीके से शादी करवा देते हैं तथा उनसे शादी के नाम पर मोटी रकम लेकर शादी के बाद कोई बहाना बनाकर वहां से फरार हो जाते हैं। एस पी ने बताया कि गिरफ्तार महिला सरोज देवी के निशानदेही पर इस गिरोह के एक अन्य महिला अंजली कुमारी को करवंदिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं पर सासाराम नगर थाना में काण्ड संख्या 448/25 दिनांक-10जून 25, सासाराम नगर थाना काण्ड सं0-609/25, नोखा थाना काण्ड सं0-470/25, नौहट्टा थाना काण्ड सं.-277/25दर्ज है।

## कृषि विभाग ने की प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी प्रखंड में मंगलवार को कृषि विभाग द्वारा प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी अविनाश कुमार ने की। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र से आए हुए सभी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को बताते हुए कहा कि डिहरी प्रखंड में कुल 44 लाइसेंसधारी खुदरा उर्वरक विक्रेता हैं सभी लोगों को अपने-अपने दुकान के सामने बोर्ड लगाना है जिसमें प्रत्येक दिन की बिक्री एवं स्टॉक लिखना है। ताकि किसानों के बीच सही जानकारी मिलते हुए पारदर्शिता बनी रहे। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार ने सभी विक्रेताओं को बताया कि उर्वरक के बैग को खोलकर नहीं बेचना है। इसमें उर्वरक शक्ति में ह्रास होता है। उन्होंने यह भी बताया कि उर्वरक का लाइसेंस लेकर दवा नहीं बेचना है नहीं तो जांच के दौरान पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष भाजपा व 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे, कृषि समन्वयक सुनील कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, उपेंद्र तिवारी, एटीएम अभिनव कुमार सिंह, जन सेवक संजय कुमार, किसान सलाहकार रवि कुमार, रजनीश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

# किशोरियों की आवाज बनी परिवर्तन की शक्ति

### सरैंया पंचायत में भव्य किशोरी पंचायत मेला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** परिवर्तन विकास के सहयोग से तिलौथू प्रखंड अंतर्गत सरैया पंचायत में आज किशोरी पंचायत मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस जागरूकता एवं सशक्तिकरण आधारित कार्यक्रम में किशोरी पंचायत क्लब की लगभग 400 किशोरियों ने सक्रिय भागीदारी की और खुलकर अपनी बात समाज व प्रशासन के समक्ष रखी। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों ने शिक्षा में समान अधिकार, अपने साथ हो रही हिंसा, छेड़खानी, घर में होने वाला भेदभाव तथा पंचायत स्तर पर बराबर की भागीदारी जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। किशोरियों द्वारा प्रस्तुत लुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह, शिक्षा का महत्व और सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों पर प्रभावशाली संदेश दिया गया जिसका उद्देश्य पंचायत के लोगों और अभिभावकों की सोच में सकारात्मक बदलाव लाना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार, महिला थाना की थाना प्रभारी, मुखिया संजय चौधरी, उप मुखिया अमित गुप्ता, समाजसेवी सत्यानंद कुमार एवं सरपंच द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों ने किशोरियों के आत्मविश्वास और जागरूकता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफल आयोजन में संस्था के कार्यकर्ता जगत भूषण, शारदा कुमारी एवं चंचल कुमारी का सराहनीय सहयोग रहा। वहीं किशोरी पंचायत क्लब की पल्लवी, सुषमा, सोनी और दिव्या ने मंच संचालन कर कार्यक्रम को प्रभावशाली और सजीव बनाया। कुल मिलाकर सरैया पंचायत में आयोजित यह किशोरी पंचायत मेला नारी सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और किशोरियों की भागीदारी की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल साबित हुआ जिसने समाज को नई सोच और नई दिशा देने का मजबूत संदेश दिया।

## जिला परिषद की सामान्य बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कलेक्ट्रेट स्थित मुंडेश्वरी सभागार भवन में मंगलवार को जिला परिषद की सामान्य बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष रिंकी सिंह ने किया। बैठक में जिले के सर्वांगीण विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान प्रगति की समीक्षा और योजनाओं को बेहतर ढंग से सफल क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न विंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने बैठक के दौरान जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। राजस्व एवं भूमि सुधार, भूमि अर्जन और राजस्व से जुड़े मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करते हुए ससमय लोगों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने पर बल दिया गया। वहीं एम्बुलेंस सेवा को गुणवत्तापूर्ण एवं लोगों तक सुलभ ढंग से मुहैया कराने हेतु निदेशित किया गया।

## लावारिस 22 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन एवं सीआईबी गयाजी की टीम ने देहरादून एक्सप्रेस से 21,000 रूपये का अंग्रेजी शराब बरामद किया है। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम, निरीक्षक चंदन कुमार, सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी, प्रधान आरक्षी सुरेंद्र रविदास, आरक्षी विपीन कुमार की टीम ने गश्त एवं आपराधिक गतिविधि निगरानी के क्रम में डिहरी स्टेशन पर आयी गाड़ी संख्या-13010 डाउन देहरादून एक्सप्रेस के कोच संख्या-एस-08 के सीट संख्या-47 के नीचे से एक झोला एवं दो पिट्ठू बैग में रखा अंग्रेजी शराब कुल 22 लीटर 600 मिलीलीटर अनुमानित कीमत करीब 21,590 रूपये का बरामद किया।

# अकस नाटक प्रतियोगिता के अंतिम दिन निकली रंगयात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित 34 वें अखिल भारतीय बहुभाषीय नाटक प्रतियोगिता के अंतिम दिन मंगलवार को विभिन्न राज्यों से आए नाट्यकर्मियों ने शहर में रंग यात्रा निकाली। शहरवासियों ने जगह-जगह स्वागत किया। रंग यात्रा में नाट्यकर्मियों समाज में व्याप्त कुरीतियों पर करारा प्रहार किया। नाट्यकर्मी अपने प्रदेश की कला संस्कृति को प्रदर्शित किया। क्लब के मुख्य गेट पर रंग यात्रा को स्थानीय विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने झंडा दिखा शुभारंभ किया। रंग यात्रा कैनाल रोड, अम्बेडकर चौक, डिहरी बाजार, सिनेमा रोड, पाली रोड, स्टेशन रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। निदेशक संजय सिंह बाला, डा. उदय कुमार सिन्हा, डाक्टर नवीन नटराज, अध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव नन्दन कुमार के नेतृत्व में निकली रंग यात्रा का शहरवासियों ने जगह-जगह स्वागत किया। कलाकारों का स्वागत चाय, मिठाई, बिस्कुट पानी देकर किया गया। रंगकर्मी अपने प्रदेश की संस्कृति व पारंपरिक वेश भूषा व झांकी के जरिए एक देश अनेक वेश को प्रदर्शित किया। मणिपुर के कल्चरल पीस प्रोग्राम के रंगकर्मियों ने मणिपुरी लोक नृत्य दिखाया। वहीं की संस्था अवांग लुगाई मणिपुरी वेश भूषा में नृत्य करते दिखे। रंगयात्रा में उड़ीसा के राउरकेला की संस्था पंचतत्व वही की संस्था अभिव्यक्ति, उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर की संस्था यूथ थिएटर ग्रुप, पटना की रंग श्री, कोलकाता की जानवी संस्कृति चक्र, असम जलपाईगुड़ी की दर्पण, असम की अतिंद्र जुबो मंचों, झारखंड के गिरिडीह की संस्था दारांग, महाराष्ट्र मुंबई की समय अकैडमी, उड़ीसा बहरामपुर की सरस्वती प्रोग्रेसिव ड्रामा ऑर्गेनाइजेशन, मणिपुर इंफाल की कल्चरल स्टार अकैडमी, गिरिडीह, शाहजहांपुर की अनुभूति सेवा समिति, उत्तर प्रदेश के बलिया की संस्था जागरूक संस्थान, जमशेदपुर की कलाकृति नाट्य मंच, उड़ीसा के संबलपुर की स्वर, झारखंड के धनबाद की एंटीक इंडियन के कलाकार रंगयात्रा में शामिल हुए। रंग यात्रा में अकस के संतोष सिंह, बारिस अली, संजय सिंह, डॉ नवीन नटराज, अमित कुमार पटेल सहित अभिनव कला संगम के सभी मेंबर मौजूद थे।

### कला के क्षेत्र में अभिनव कला संगम द्वारा किया जा रहा प्रयास अत्यंत सराहनीय : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** हमारे क्षेत्र में कला, संस्कृति एवं नाटक के क्षेत्र में अभिनव कला संगम द्वारा किया जा रहा प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उक्त बातें विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने इ. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। मौके पर उन्होंने आसाम से आई मात्र 5 वर्षीय बच्ची विहु डांस प्रस्तुत करने वाली अहना चक्रवर्ती को रोहतास किला का प्रतीक चिन्ह एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक सोनू सिंह ने अहना के पिता विशेश्वर चक्रवर्ती, माता अंजना चक्रवर्ती को आश्वस्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह प्रतिभाशाली बच्ची पूरे देश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेगी।

## प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाकपा माले का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड परिसर में मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष सात सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। अपने मांग पत्र को लेकर अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मांग पत्र सौंपा। प्रखंड में वर्षों से मिला हुआ भूमिहीनों की जमीन को अभी तक मापी करा कर दखल कब्जा नहीं दिलाया गया है जो दिलाया जाए। अपने मांगों में सवार, माझियाव, कुडारी, तेंदुआ, निसीजा, शिवपुर, सिसवार आदि गांव में मापी कराकर दखल कब्जा दिलाया जाए, सभी भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन आवास के तहत दिया जाए, प्रखंड में अतिक्रमण चलाने से पहले उन्हें जमीन मुहैया कराकर आशियाना की व्यवस्था किया जाए। तभी उनका आशियाना उजाड़ा जाए, गरीबों को रोजगार का महत्वपूर्ण योजना मनरेगा के नाम और उसमें केंद्र व राज्य की राशि में भारी बदलाव कर खत्म करने की साजिश पर रोक लगाया जाए, मनरेगा का नाम मनरेगा ही रहने दिया जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए, जिले में बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाया जाए, कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था प्रखंड के अंदर गांव में भी किया जाए। मौके पर का सनमुख पासवान प्रखंड सचिव, सुरेश राम, राम इकबाल राम सदस्य जिला समिति, महेश लाल जिला समिति एवं दुखीराम जिला सचिव भाकपा माले सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## बुद्धिजीवी चेतना मंच ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी।** बुद्धिजीवी चेतना मंच डिहरी के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गरीबों एवं असहायों की मदद के लिए कंबल वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन सुभाष नगर कार्यालय डिहरी में किया गया। कार्यक्रम में 300 कंबल गरीबों को दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, डिहरी के विधायक राजीव रंजन सिंह, रफीगंज के विधायक प्रमोद सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ जयप्रकाश सिंह, तिलौथू के प्राचार्य अशोक सिंह, प्रो कामेश्वर सिंह, कोल परिवहन संघ के रविंद्र सिंह, संजय उर्फ बालाजी, विनय बाबा, सीतयोग इंजीनियरिंग कॉलेज के सचिव राजेश कुमार सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी ने अपनी-अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अनिल शर्मा ने एवं संचालन प्रवक्ता उमेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर सचिव केदारनाथ सिंह, उपाध्यक्ष संतोष चौबे आदि मौजूद रहे।


**जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा**
**(सदर अस्पताल परिसर गढ़वा)**
**Mail ID: cs.garhwa@gmail.com**

**Declaration of Pre-Bid Meeting and Extention in Opening of Technical & Financial Proposal**

**For Opening of Technical & Financial Proposal Tender No. GAR/25-26/Tender-05 Dated 23.12.2025**

It is hereby notified that the Pre-bid meeting date and Opening of Technical & Financial Proposal of Tender No. GAR/25-26/Tender-05 Dated :- 23.12.2025 for **rate contract for Stationary and releted materials** has been extended as detailed below.

I. **Pre-bid Meeting for rate contract for Stationary and releted materials : 02.01.2026 by 3.00 P.M**
II. **Last date for rate contract for Stationary and releted materials : 08.01.2026 by 5.00 P.M**
III. **Date & Time of Opening of Technical Proposal : 10.01.2026 by 3.00 P.M**
IV. **Date & Time of Opening of Financial Proposal : 12.01.2026 by 3.00 P.M**

**Other Terms & conditions remains the same.**

**Civil Surgeon-Cum-**
**Chief Medical Officer Garhwa**
**(Jharkhand)**

**PR 369710 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D**


# पोखर से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नोखा थाना क्षेत्र के तराढ़ गांव के पास उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के पास स्थित एक पोखर से एक वृद्ध व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। मृतक की पहचान पेनार गांव निवासी बबन सिंह के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि बबन सिंह पिछले करीब एक सप्ताह से लापता थे जिनकी तलाश परिजन लगातार कर रहे थे, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। मंगलवार को ग्रामीणों ने पेनार गांव के समीप पोखरे में एक शव तैरता हुआ देखा जिसके बाद इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही 112 नंबर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद नोखा थाना की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को पोखरे से बाहर निकलवाया गया। शव की पहचान होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में नोखा थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि पेनार गांव निवासी बबन सिंह एक सप्ताह से लापता थे। शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पानी में डूबने से मौत लग रही है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2025/29
दानापुर, दि. 27.12.2025.

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :–

1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर डिवीजन के तहत JAJ-DDU सेक्शन में नए पुल के निर्माण और पुल के डायवर्जन के साथ–साथ ट्रैक नवीनीकरण कार्य से संबंधित S&T कार्य। 2. अनुमानित लागत : ₹34672747.48, 3. बयाना राशि : ₹323400.00, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 20.01.2026 को 15.00 बजे तक। 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 20.01.2026 को 15.30 बजे। 6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in. 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर।

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

मंडल संकेत एवं दूर संचार अभि./
पूमरे/दानापुर

पीआर/1536/डीएनआर/सि./टी/24–25/36



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं०– टीआरएस–जी–आरटी–ओपीएन–02–आरएसपी–25–26, दिनांक–26–12–2025** भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, अनुभवी ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों जो इस प्रकार के कार्य का अनुभव रखते हो, से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा कार्य का विवरण स्थान सहित :** इंस्टालेशन, टेस्टिंग – कमीशनिंग ऑफ एयर कंडीसनर्स ऑन इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स। विद्युत लोको शेड–पंडित दीन दयाल उपाध्याय। एवं डीजल लोको शेड – पंडित दीन दयाल उपाध्याय। **2. अनुमानित लागत : रु०** 1,38,59,079.36, **3. धरोहर राशि :** रु० 2,19,300.00, **4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक–21–01–2026 समय 13:00 बजे तक, दिनांक–21–01–2026 समय 15:00 बजे, **5. वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल बिजली इंजी०/कचस्टा विद्युत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

**मंडल रेल प्रबंधक/कचस्टा**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

**पीआर/1528/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/25–26/36**



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand),**
**Pin code- 822132, Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPB-76/2025-26**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा इच्छुक आपूर्तिकर्ता से **"I ❤❤ BISHRAMPUR"** Glow Sign Board अधिष्ठापन हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से प्रति अद्द (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रित किया जाता है। दर निविदा दिनांक– 17.01.2026 को समय 2:00 बजे अपराह्न तक नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, तथा प्राप्त निविदा उसी दिन अपराह्न समय 4:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के प्रोक्योरमेन्ट कमिटि के समक्ष खोला जायेगा।

| Sr. No. | Item | Description | Specification | Qty/Size | Quoted Rate including all taxes |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Installation of "I ❤❤ BISHRAMPUR" Glow Sign Board | Glow Sign Letters | "I ❤❤ BISHRAMPUR" – Acrylic letters with LED backlight | 2 ft height | |
| | | Heart Symbol (LED) | Red acrylic with internal LED lighting | 3 ft height | |
| | | Vertical Garden Panel | Artificial foliage with mounting frame | 3 ft x 15 ft | |
| | | SS Plate (Welcome Message) | 1ft x 5 ft stainless steel plate with blue Hindi text (laser cut or vinyl) | 1 pc | |
| | | Support Structure & Framing | SS frame, base supports, welding, anchoring | Full structure | |
| | | Focus Lamp | LED | 8 Pc | |
| | | Bollard Light | 3 Ft Height Decorative Outdoor | 16 | |
| | | Electrical Wiring, MCCB & Installation | For glow signs and lighting | As required | |

NOTE: -
For More Details (Terms & Condition) on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Bishrampur.aspx

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

**PR 369680 District(25-26)#D**

# न्यू इयर पर पुनपुन का लक्ष्मण झूला बनेगा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आने वाला नया साल 2026 लोगों के लिए एक नई आशा, नई उम्मीदें नए सपने लेकर आ रहा है। ऐसे में हर कोई बेसब्री से नए साल की तैयारी और न्यू ईयर पार्टी की प्लानिंग करने में लगे हैं। जिसको लेकर हर जगह पर पार्क और पर्यटन के जगहों पर प्रशासन की तरफ से भी तैयारी की जा रही है लेकिन इस बार बिहार का पहला उत्तराखंड के ऋषिकेश के तर्ज पर बना लक्ष्मण झूला पर्यटन के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु बनेगा। दरअसल पुनपुन घाट पर पुनपुन नदी के ऊपर बना लक्ष्मण झूला बीते 5 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा विधिवत तौर पर उद्घाटन किया गया था और यह बिहार वासियों के लिए एक सौगात के रूप में दी गई थी। यह देश का दूसरा लक्ष्मण झूला है जिसे देखने के लिए प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में शाम के वक्त में लोगों की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में आने वाला नये साल के मौके पर यह लक्ष्मण झूला उन सभी दर्शकों और घूमने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेगा। हालांकि इसकी तैयारी को लेकर स्थानीय प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की 1 जनवरी को इस लक्ष्मण झूला पर काफी भीड़भाड़ बढ़ने की आशंका है। जिसको लेकर पुल के उत्तरी दक्षिणी छोर पर पुलिस की पेट्रोलिंग एवं जगह-जगह पर चौक चौराहे पर पुलिस की मुस्तैदी भी की जाएगी। हालांकि नये साल आगमन की तैयारी को लेकर पहले से भी पुलिस अलर्ट मोड में है और चारों तरफ इसकी सुरक्षा को लेकर तमाम तैयारियां करने में जुटे हुए हैं।

## नए साल के जश्न को लेकर पुलिस अलर्ट, वाहन जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नववर्ष के अवसर पर मसौढ़ी अनुमंडल में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। नववर्ष के जश्न के दौरान शहरी क्षेत्र से लेकर देहाती इलाकों तक हुड़दंग, तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने और सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्था फैलाने वालों पर इस बार पुलिस की विशेष नजर रहेगी। जश्न के मद्देनज़र मसौढ़ी अनुमंडल की सभी थानों की पुलिस अलर्ट पर है जहाँ, सभी थानों की पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। ऐसे में पुनपुन पुलिस ने मंगलवार की शाम को लक्ष्मण झूला पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि लहरिया कट बाइकर्स और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस की विशेष नज़र है। 31



दिसंबर और 1 जनवरी की देर रात तक प्रमुख सड़कों, चौराहों और पिकनिक स्थलों पर व्यापक बैरिकेडिंग और वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। खतरनाक तरीके से बाइक चलाने वाले, 'लहरिया कट' मारने वाले और स्टंट करने वाले बाइकर्स के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और भारी जुर्माना लगाया जा रहा है। नाबालिगों के पकड़े जाने पर भारी जुर्माना (25,000 तक) लगाया जा सकता है और बाइक जब्त कर ली जाती है, साथ ही अभिभावकों को भी बुलाया जाता है। बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, और कागजात की भी जांच हो रही है। नए साल के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों को पकड़ने के लिए ब्रेथ एनालाइजर मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।पुलिस ने जनता से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और सुरक्षित तरीके से नए साल का जश्न मनाने की अपील की है, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# धनरूआ बीपीएम कार्यालय से रहते हैं गायब, एसडीएम ने पूछा स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड में पदस्थापित जीविका के बीपीएम लगातार कार्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण एसडीएम अभिषेक कुमार ने उक्त बीपीएम पर स्पष्टीकरण जारी किया है। दरअसल जीविका से संबंधित कार्य को लेकर कई परिवादियो द्वारा उनके खिलाफ अनुमंडल पदाधिकारी से शिकायत दर्ज करवाई गई है कि बीपीएम के द्वारा न तो किसी भी परिवादी का कार्य किया जाता है और न ही उनसे मिला जाता है। जो यह सरकारी सेवक के कर्तव्य एवं आचारण के बिल्कुल प्रतिकुल है और इससे आमजनो में आकोश एवं सरकार की योजनाओ के प्रति गंभीर असंतोष व्यक्त होता है जो उचित नहीं है। बहरहाल इस मामले में अनुमंडल कार्यालय से उक्त संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने हेतु बीपीएम के दुरभाष संख्या-7485804679 एवं 9798990761 पर कई बार फोन करने पर भी फोन नही उठाया गया। ऐसे में कार्यों के प्रति लापरवाह, सरकार के योजना के प्रति असंवेदनशील एवं आमजन एवं सरकार के योजनाओ के के प्रति लापरवाह बने बीपीएम पर अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी किया है। उक्त संदर्भ में जारी स्पष्टीकरण मे दिया गया है की पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे की क्यों नहीं उपरोक्त कृत के लिए आपके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने हेतु जिला पदाधिकारी को संसूचित कर दिया जाय।

# नप के कार्यपालक पदाधिकारी से मिले मीडिया प्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर परिषद की ओर से होने वाली बैठको से मीडिया को दूर रखने के मामले में मंगलवार को अनुमंडलीय पत्रकार यूनियन की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल के तौर पर पांच पदाधिकारीयों ने नगर कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन से मिलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत करवाते हुए ज्ञापन सौंपा है। दरअसल नगर परिषद की ओर से होने वाली तमाम बैठकों से मीडिया को दूर रखा जा रहा था, ना तो बुलाया जा रहा था और नहीं सूचना दी जा रही थी। जिसको लेकर मीडिया कर्मियों में इसके प्रति नाराजगी बढ़ रही थी, ऐसे में मंगलवार को कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौपा है। पत्र मिलते ही कार्यपालक पदाधिकारी ने इस पर गंभीरतापूर्वक स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्यों के साथ मिल बैठकर इस समस्या पर त्वरित निदान करते हुए मीडिया प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि आने वाले तमाम बैठकों में मीडिया प्रतिनिधियों को पत्र देकर सम्मानपूर्वक उन्हें बुलाया जाएगा। इसके साथ ही स्थाई सशक्त कमेटी के शंभु सिंह ने कहा की बिते बुधवार को नगर परिषद की बैठक में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ हुए मामले पर मुझे खेद है और और यह मुख्य पार्षद और स्थाई सशक्त कमेटी के द्वारा नहीं किया गया था, किसी एक वार्ड पार्षद के द्वारा भुलवश बोल दिया गया था। जिसके लिए उक्त वार्ड पार्षद ने मीडिया प्रतिनिधियों से माफी भी मांगी है। बहरहाल मीडिया प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया है कि आगामी तमाम बैठकों में सभी मीडिया कर्मियों को पत्र देकर बुलाया जायेगा। मीडिया प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिन्हा, महासचिव अरुण कुमार, सचिव शशि तुलस्यान, सह कोषाध्यक्ष मो. शाहनवाज अहमद शामिल रहे।

# कंबल मिलते ही जरूरतमंदों के चेहरे खिले

## सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पुनपुन में बीडीओ ने लोगों के बीच बांटे कंबल

**ठंड में राहत**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड में बढ़ती ठंड और शीतलहर के मद्देनजर गरीबों, बुजुर्गों और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत विभिन्न पंचायतों में जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से कंबल वितरण किया जा रहा है। सोमवार को पुनपुन प्रखंड के पोठही और लखनपार पंचायत में कंबल वितरण किया गया। भीषण ठंड व शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन की यह पहल राहतकारी सिद्ध हो रही है.



मंगलवार को बीडीओ। उदय कुदाल के द्वारा पंचायत में पात्र लाभुकों को कंबल उपलब्ध कराये गये. प्रशासन का यह प्रयास राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. बीडीओ ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा पुनपुन प्रखंड में 120 कंबल उपलब्ध कराया गया है. इस प्रखंड में 13 पंचायत हैं. प्रत्येक पंचायत में 13 कंबल का वितरण होना है. पहले दिन दो पंचायतों मे लखनपार और पोठही पंचायत के गांव में कंबल का वितरण किया गया। बीडीओ ने बताया कि इन दिनों सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। दिन में भी बादल और घना कोहरा छाए रहने से ठंड में इजाफा हुआ है, जबकि रात में स्थिति और भी खराब हो रही है।इसी को देखते हुए बिहार सरकार द्वारा असहाय लोगों को सर्दी से बचाने के लिए सामाजिक सुरक्षा के तहत कंबल वितरण का यह कार्य किया जा रहा है।

# मैथिली अकादमी की स्वायत्त स्थापना के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार प्रदेश के एकमात्र संवैधानिक भाषा मैथिली के संरक्षण और संवर्धन के लिए गठित मैथिली अकादमी के स्वतंत्र और स्वायत्त अस्तित्व में पूर्ववत क्रियान्वयन की मांग को लेकर विद्यापति सेवा संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को दरभंगा नगर विधायक सह बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी से उनके आवास पर भेंट कर ज्ञापन सौंपा। संस्थान के अध्यक्ष सह पूर्व कुलपति, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय प्रो शशिनाथ झा के नेतृत्व में संजय सरावगी को ज्ञापन सौंपने गये प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ बुचरू पासवान, महासचिव डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू, सलाहकार समिति के अध्यक्ष सह मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पं



कमला कांत झा, प्रो अयोध्या नाथ झा, मणिकांत झा, डॉ महानंद ठाकुर, विनोद कुमार झा, प्रो प्रकाश चंद्र मिश्र, डॉ महेंद्र नारायण राम, बैद्यनाथ यादव, प्रो चंद्रशेखर झा बूढा भाई आदि शामिल थे। संजय सरागी को सौंपे ज्ञापन में संस्थान की ओर से कहा गया कि बिहार में मैथिली भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति को संरक्षण संवर्द्धन देने के उद्देश्य से वर्ष 1976 में स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था के रूप में मैथिली अकादमी की स्थापना की गई। इसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ पत्र पत्रिकाओं और पुस्तकों के प्रकाशन सहित अनेक महत्वपूर्ण साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यों को अंजाम देना था। लेकिन, आज यह अकादमी प्रशासनिक उदासीनता और कर्मचारियों के भारी अभाव के कारण बंद पड़ा है। संजय सरावगी को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपने बाद प्रो शशिनाथ झा ने कहा कि संस्थान की ओर से समर्पित ज्ञापन पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए संजय सरावगी ने कहा कि मिथिला और मैथिली का विकास एनडीए सरकार की प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर है। वे इस संबंध में शीघ्र ही पार्टी फोरम सहित मुख्यमंत्री से बात करेंगे। प्रो शशिनाथ झा ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित डॉ सी. पी. ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार, संजय कुमार झा, राज्यसभा सांसद सह कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष, जदयू सहित मिथिला क्षेत्र के सभी सांसदों, विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों को भी ई-मेल से यह ज्ञापन भेजा जा चुका है।

# स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा लावारिस, दिव्यांगों एवं मानसिक रोगियों के बीच कंबल का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वाल्मीकिनगर।** अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में सड़कों के किनारे भटक रहे लावारिस दिव्यांग जनों एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के बीच मानवीय सेवा का अनुकरणीय कार्य किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए संस्था की ओर से दिव्यांग जनों के बीच दूसरे चरण में भी कंबल वितरण किया गया। समाजसेवी एवं संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने कहा कि कंबल वितरण कर ऐसे बेसहारों को राहत देने की कोशिश की गई है। इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था द्वारा विशेष चलंत दरिद्र नारायण भोज का भी आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांगजन एवं असहाय लोगों को सम्मान पूर्वक भोजन कराया गया। संस्था के सदस्यों ने स्वयं आगे बढ़कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी ने कहा कि 14 नवंबर 2012 से लावारिस दिव्यांगजनों को हर दिन घूम-घूम कर भोजन दिया जाता है। समय-समय पर विशेष चलंत दरिद्र नारायण भोज का भी आयोजन होता है। संस्था के एम.डी संगीत आनंद ने कहा कि ऐसे लोग जो बोलकर अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर सकते जिसे लोग विक्षिप्त मानसिक बीमार और दिव्यांग कहते हैं। वैसे लोगों को सेवा प्रदान करना, उन्हें कंबल देना, गर्म कपड़े देना, भोजन देना यह एक सबसे बड़ी समाज सेवा और पुण्य-धर्म का काम है। यह कंबल वितरण फौजी विद्यासागर राणा के सौजन्य से किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव अखिलानंद, कोषाध्यक्ष शिवचंद्र शर्मा, संरक्षक विजय कुमार, लक्ष्मण सोनी, मुकेश कुमार, धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज, पवन भट्टराई, लोकनाथ राम, की भूमिका सराहनीय रही। सभी पदाधिकारी ने मानवता और इंसानियत को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। स्थानीय लोगों ने भी इस सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# पुलिस ने 1500 ली0 जावा महुआ घोल एवं 300 लीटर शराब की नष्ट

**ऑपरेशन देसी शराब**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मंगलवार की दोपहर लहसुना थाना क्षेत्र के नियामतपुर मुसहरी चपौर बांध में सघन छापेमारी करते हूए अवैध शराब के विरुद्ध की गई छापेमारी में लगभग 1500 लीटर अर्द्ध निर्मित जावा शराब विनष्ट किया गया है। इस दौरान दर्जनों भठ्ठियों को ध्वस्त की गई है। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया की न्यू ईयर को लेकर पुलिस इन दोनों अलर्ट मोड पर हैं और लगातार सभी मुसहरी में बना रहे शराब धंधेबाज की भठ्डीया ध्वस्त करते हुए कार्रवाई की जा रही है ताकि नए साल के आगमन पर शराब पीकर लोग शांति भंग ना करें। विधि व्यवस्था संधारण को लेकर तवातोड़ कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार की हुई छापेमारी में तकरीबन 1500 जावा महुआ घोल को नष्ट किया गया है। हलांकी शराब बनाने वाले सभी शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे हैं। बावजूद सबों को चिन्हित करते हुए उन सबों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा केवड़ा पुलिस ने रामपुर गांव में छापेमारी करते हुए तकरीबन 300 लीटर देसी शराब को नष्ट करते हुए दो दर्जन से अधिक भठ्ठीयों को ध्वस्त किया है।

# सनफीस्ट मॉम्स मैजिक ने मां के हाथों से बने जैसे स्वादिष्ट घीरोस्टेड नट्स कुकीज पेश किए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आईटीसी फूड्स ने सनफीस्ट मॉम्स मैजिक घी रोस्टेड नट्स कुकीज लॉन्च की हैं, जो घी में भुने काजू और बादाम के भरपूर स्वाद से तैयार की गई हैं. यह नई पेशकश भारतीय रसोई की पारंपरिक खुशबू और मां के हाथों के स्वाद से प्रेरित है। ब्रांड ने इस लॉन्च के साथ एक भावनात्मक टीवीसी भी पेश किया है, जो बचपन की यादों और माँ के प्यार से जुड़े एहसास को दर्शाता है। कुछ खुशबू ऐसी होती है, जो सिर्फ घर को नहीं महकातीं, बल्कि दिल में बस जाती है. भारतीय घरों में घी और मेवों की खुशबू ऐसी ही एक याद है, जो मां के प्यार, अपनापन और परंपरा की कहानी बताती है. इसी भावनात्मक जुड़ाव को आईटीसी फूड्स ने अपनी नई पेशकश सनफीस्ट मॉम्स मैजिक घी रोस्टेड नट्स कुकीज के जरिए दोबारा लॉन्च किया है। घी में भुने मेवों से बना खास स्वाद आईटीसी फूड्स की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, सनफीस्ट की यह नई कुकी काजू और बादाम जैसे चुनिंदा मेवों से तैयार की गई है, जिन्हें सुनहरे घी में भूनकर बनाया गया है. भारतीय रसोई में पीढ़ियों से यह माना जाता रहा है कि घी में भुने मेवे किसी भी व्यंजन का स्वाद कई गुना बढ़ा देते हैं. घी की खुशबू, मेवों का क्रंच और कुकी की नरमी इन तीनों का मेल इस प्रोडक्ट को खास बनाता है. यह कुकी मुंह में जाते ही घुल जाती है और एक जाना-पहचाना स्वाद छोड़ जाती है। सनफीस्ट मॉम्स मैजिक हमेशा से मां के हाथों के बने स्वाद और भावनाओं को दर्शाता रहा है. इस नए वेरिएंट के साथ ब्रांड ने उसी परंपरा को आगे बढ़ाया है. इसका उद्देश्य सिर्फ एक नया फ्लेवर पेश करना नहीं, बल्कि उन यादों को ताजा करना है, जो घी में भुने मेवों से जुड़ी होती हैं और बचपन की ओर ले जाती हैं। आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन की बिस्कुट्स एंड कन्फ़ेक्शनरीज की बीयू चीफ एग्जीक्यूटिव कविता चतुर्वेदी के अनुसार, घी में मेवे भूनना भारतीय खाना पकाने की सबसे खास तकनीकों में से एक है. मॉम्स मैजिक घी रोस्टेड नट्स कुकीज के जरिए ब्रांड उसी एहसास को कुकी के रूप में पेश करना चाहता है, ताकि हर बाइट में मां के हाथों का प्यार और अपनापन महसूस हो।

# गोली मारने की धमकी देने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ट्यूशन पढ़ने जा रही एक नाबालिक छात्रा को सड़क के बीचो-बीच रोककर न केवल छेड़खानी करने बल्कि उसके साथ अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर गोली मार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामजद आरोपी आर के रंजन बिशुनपुर मखदुमपुर जहानाबाद निवासी को मसौढ़ी पुलिस ने बीते सोमवार की देर शाम को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि यह घटना 11.10 .2025 को है। जहां पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रहने वाली एक नाबालिक छात्रा जो घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली थी उसे बीच रास्ता में रोक कर न केवल उसके साथ छेड़खानी की बल्कि उसके साथ अश्लील हरकत की और विरोध करने पर उसे और माता-पिता को गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी इस पूरे मामले में पीड़ित की मां सिंटू कुमारी पति बबलू कुमार ने मसौढ़ी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी।

## हत्या के प्रयास मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** पिपरा थाना क्षेत्र के सैदपुर लोदीपुर गांव से हत्या का प्रयास और एससी एसटी एक्ट में फरार नामजद आरोपी नीरज उर्फ छोटू पिता लालीराम को उसके घर से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पिपरा थाना कांड संख्या 42/ 13 के नामजद अभियुक्त नीरज कुमार पर हत्या का प्रयास और एसी एसटी के मामले चल रहे थे यह पुराना विवाद है जहां हिंसक वारदात हुई थी उसी में दो लोग जख्मी हुए थे।

# पर्यटन व पिकनिक स्थलों पर पुलिस की कड़ी नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नववर्ष के अवसर पर पलामू जिले के पर्यटन व पिकनिक स्थलों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। जिले के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों, डैम और तालाबों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है। खतरनाक और गहरे पानी वाले स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि नए साल को लेकर एक सप्ताह पहले से विशेष गश्ती और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिकनिक स्थलों पर मनचलों और हुड़दंगियों से निपटने के लिए सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ प्रमुख चौक-चौराहों और पिकनिक स्पॉट जाने वाले रास्तों पर जांच होगी। एसपी ने युवाओं से ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग की अपील की है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आसपास के अस्पतालों को भी सतर्क रखा गया है। प्रशासन ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से नववर्ष मनाने की अपील की है।

## मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**मेदिनीनगर (पलामू)।** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत के मुखिया सरस्वती देवी व उनके पति राम जन्म राम (शिक्षक) ने अपने पिता जंगाली राम के मृत्यु भोज पर जरूरतमंद लोगों के बीच 150 कंबल का वितरण किया एवं लगभग 80 शॉल के साथ कुल ढाई सौ लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जंगाली राम ने लगभग 96 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह गए। आपको बताते चलें कि मरणोपरांत इनका अंत्येष्टि तथा अन्य सभी कार्यक्रम बौद्धिक रीति रिवाज से संपन्न किया गया। इस मौके पर मुखिया सरस्वती देवी ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण करना बहुत नेक कार्य है। हमारी एक छोटी सी पहल से कई जरूरतमंदों की ठंड भरी रात में कुछ राहत मिल सकती है।वहीं शिक्षक राम जन्म राम ने कहा कि किसी कार्यक्रम में फिजूल का आडंबरवाद करने से अच्छा है कि अपने सामर्थ्य अनुसार जरूरतमंदों को मदद किया जाए।इस दौरान पूर्व विधायक प्रत्याशी संदीप सरकार ने बताया कि जंगाली राम एक बहुत ही नेक दिल व मिलनसार इंसान थे।इनकी यादें हम सब के बीच हमेशा रहेगा।

## मोहम्मदगंज के अशलेश्वर बने श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी

**मोहम्मदगंज।** सरकारी सेवा के क्षेत्र में मोहम्मदगंज का नाम रोशन करते हुए स्थानीय स्टेशन रोड निवासी पत्रकार शंभू चौरसिया का पुत्र अशलेश्वर कुमार का चयन जेएसएससी द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा के माध्यम से श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पद पर हुआ है। मंगलवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित भव्य नियुक्ति समारोह में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। जैसे ही अशलेश्वर कुमार को नियुक्ति पत्र मिला, परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अशलेश्वर कुमार ने झारखंड सरकार के प्रति आभार जताया।

# पांकी झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के ग्राहक के साथ धोखाधड़ी

**मेदिनीनगर (पलामू) (नबिटा संवाददाता)।** पांकी स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण के खाताधारक तरहसी प्रखंड के गोईंदी गांव निवासी देवंती देवी ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के कर्मचारी एवं सीएसपी संचालक तथा अन्य लोगों के खिलाफ धोखा घड़ी एवं बिना अनुमति के पैसे निकासी करने का आरोप लगाते हुए पलामू पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि उनका झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मैं खाता खुला हुआ है। बताया कि उनके बिना अनुमति के उनका खाता पांकी ब्रांच से तेतराई ब्रांच ट्रांसफर कर दिया गया एवं 3 दिसंबर को बैंक से 49 हजार की निकासी एवं 4 दिसंबर को 9 हजार की बगैर उनके जानकारी के निकासी कर ली गई। जिसका पता तब चला जब वह बैंक पैसे की निकासी के लिए पहुंची, जहां उन्हें बताया गया कि उनके खाते में मात्र 330 रुपए ही हैं। इसके बाद महिला ने पांकी स्थित शाखा से खाता संबंधित जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि उनका खाता तेतराई ट्रांसफर किया गया है एवं दो दिनों में कुल 58000 की निकासी भी किया जा चुका है। जबकि वे बैंक गए भी नहीं है। इस दौरान महिला ने साइबर थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। जिसके बाद पीड़ित महिला के खाते में कई किस्तों के तहत यूपीआई के माध्यम से 58000 वापस भी कर दिए गए। पीड़ित महिला ने बताया कि पूर्व में भी उनके खाते से 155000 रू गायब हुए हैं जो उन्हें नहीं प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक पांकी शाखा प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें मिली है एवं खाता ट्रांसफर किया गया है उन्होंने बताया कि खाताधारक की अनुमति के बाद खाता ट्रांसफर किया जाता है। इस संबंध में तेतराई शाखा के सचिन कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, कैश काउंटर से पैसे की निकासी की घटना हुई है एवं लाभुक को पैसे भी वापस किए जा चुके हैं आगे कार्रवाई हेतु मामला प्रेषित किया गया है।

# 553 पीड़ितों को मिला चार करोड़ से अधिक मुआवजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत वर्ष 2025 की चतुर्थ जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम के तहत पीड़ितों को ससमय मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया गया है। अब तक कुल 553 पीड़ितों के बीच 4 करोड़ 19 लाख 77 हज़ार 400 रूपये की मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त हत्या से संबंधित 25 मामलों में मृतकों के आश्रितों को नवंबर 2025 तक पेंशन का भुगतान किया गया है। वहीं, हत्या के 5 मामलों में मृतकों के आश्रितों को परिचारी के पद पर सरकारी नौकरी भी उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि शेष लंबित मामलों में मुआवजा भुगतान हेतु सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्व से ही पूर्ण कर ली जाएं ताकि विभाग से आवंटन प्राप्त होते ही पीड़ितों को त्वरित रूप से मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में सदस्य राजेश्वर पासवान द्वारा विभिन्न थाना कांडों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम से संबंधित मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी एवं पीड़ितों को समय पर मुआवजा उपलब्ध कराने का विषय उठाया गया। कुटुंबा विधायक ललन राम द्वारा आरोप लगाया गया कि मदनपुर प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी ऊमगा पंचायत में कुछ व्यक्तियों द्वारा बागवानी के नाम पर फर्जी लीज बनाकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति परिवारों के आवागमन के रास्ते को अवरुद्ध किया गया है। इसी क्रम में रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह द्वारा भी उक्त मामले में फर्जी लीज के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति परिवारों को प्रताड़ित किए जाने की जानकारी देते हुए जांच की मांग की गई। इस पर जिलाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी को मामले की अविलंब जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त कुटुंबा विधायक ललन राम द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति थाना में विगत दो वर्षों से लंबित मामलों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, जिस पर थाना प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 14 एससी-एसटी अधिनियम से संबंधित मामले पिछले दो वर्षों से लंबित हैं। बैठक में पीड़ितों को समय पर न्याय, सुरक्षा एवं सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा मामलों के सतत अनुश्रवण एवं त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जय प्रकाश नारायण, कोषागार पदाधिकारी महंथ स्वरूप, जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक कुमार, विधायकों के प्रतिनिधि, विशेष लोक अभियोजक (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति), समिति सदस्य राजेश्वर पासवान सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भीड़-भाड़ वाले जगहों पर पुलिस बलों की होगी तैनाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 31 दिसंबर 2025 एवं 01 जनवरी 2026 के अवसर पर आयोजित होने वाले नववर्ष समारोह के मद्देनज़र विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल उपस्थित रहे। मुख्य सचिव द्वारा सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि 31 दिसंबर एवं 01 जनवरी के अवसर पर जिले के सभी पिकनिक स्थलों, पर्यटन स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों को चिह्नित करते हुए वहां पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर लगातार पुलिस गश्ती कराए जाने का निर्देश



दिया गया ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके और विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य सचिव द्वारा की गई समीक्षा के आलोक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा मध्य निषेध विभाग अंतर्गत जिले के सभी चेक पोस्टों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही चेक पोस्टों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध शराब के परिवहन, भंडारण एवं आपूर्ति पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जा सके। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सदर एवं दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी चिन्हित पिकनिक स्थलों, सार्वजनिक एवं संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी बनाए रखें। साथ ही स्थानीय थाना प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्ती, वाहन जांच एवं चेक पोस्टों पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि नववर्ष के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विभिन्न मामलों में 34 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग मामलों में 34 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। आर्म्स एक्ट एवं एससी-एसटी एक्ट में एक-एक, हत्या के प्रयास में 7, शराब में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 171 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है तथा 60 वारंट का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1206 वाहनों की जांच की गई जिसमें 106500 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 500 लीटर महुआ घोल विनिष्ट एवं दो भट्ठी ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे। तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# हाई जंप के दौरान गिरने से होमगार्ड जवान की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर सीआरपीएफ कैंप में मंगलवार की सुबह पासिंग आउट पैरेड के लिए प्रैक्टिस कर रहे एक 25 वर्षीय होमगार्ड जवान की मौत हो गया। मृतक जवान की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के मकसूदपुर गांव निवासी राम निहोरा सिंह के मंझले पुत्र राजू कुमार के रूप में की गई है। मृतक जवान की मौत की खबर परिजनों को दी गई है। सूचना पर पहुंचे परिजनों की शव का पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार राजू कुमार 2025 बैच का होमगार्ड जवान था और इसी वर्ष 28 अगस्त की रात में ट्रेनिंग के लिए मदनपुर आया हुआ था। बताया जाता है कि 8 जनवरी को पैडिंग आउट इवेंट होना है जिसको लेकर इवेंट में बेहतर प्रदर्शन के लिए आज सुबह वह अन्य जवानों के साथ प्रैक्टिस कर रहा था। तभी हाई जंप के दौरान वह गिर गया। राजू के गिरने के बाद उसके साथ रहे सिपाही ज्वाला प्रसाद राय नव नियुक्त गृह रक्षक अंकित कुमार, सौरभ कुमार, शानू कुमार, विशाल कुमार, विक्रम कुमार एवं सत्यम कुमार उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचे, ज हां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिली कि मदनपुर सीआरपीएफ कैंप में 244 जवान प्रैक्टिस में है जिसमें मुजफ्फरपुर के 176 तथा सीतामढ़ी के 68 जवान है। घटना की सूचना मिलते ही होमगार्ड की डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट सह फायर ऑफिसर प्रभा कुमारी सदर अस्पताल पहुंच मामले की जानकारी ली और विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया में जुट गई हैं।

## आधार में नाम सुधरवाने आये वृद्ध की मौत

**हसपुरा (नबिटा संवाददाता)।** हसपुरा बाजार के कनाप रोड स्थित ग्रीन हाउस में आधार कार्ड सुधरवाने आए वृद्ध की गिरने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गहना गांव निवासी 70 वर्षीय तैयब खां अपने नाती गुलाब अहमद के साथ हसपुरा बाजार आये थे। ग्रीन हाउस में आधार सेंटर पर भीड़ अधिक थी। आधार में अपना नाम सुधरवाने के लिए लाईन में खड़े हो गए। उनके नाती के अनुसार वे लगभग 15 से 20 मिनट तक लाईन में खड़े रहे और अचानक गश्त खाकर गिर गए। उनके नाती ने किसी तरह उन्हें उठाकर हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। खबर सुन मृतक के पुत्र झारखंड आर्म्स पुलिस में कार्यरत मो. हसनैन खां एवं अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे। अस्पताल परिसर में ही महिलाएं रोने बिलखने लगी। गांव में मातम पसरा हुआ है।

# सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे कार सवार छह लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के गांधी नगर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर सोमवार देर रात कार ने पीछे से ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। कार सवार छह लोग बाल-बाल बच गए। एक महिला और बच्चे को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के आसनसोल निवासी अनिल मिश्रा अपने पिता के निधन के बाद उनकी अस्थियां प्रवाहित करने वाराणसी गए थे। धार्मिक अनुष्ठान पूरा कर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ वापस लौट रहे थे। गांधी नगर के पास आगे चल रहे ट्रैक्टर ने अचानक ब्रेक लगा दी जिससे पीछे से आ रही गाड़ी को संभलने का मौका नहीं मिल सका। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों की मदद से सभी लोगों को बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। क्षतिग्रस्त दोनों गाड़ियों को रास्ते से हटाकर यातायात बहाल कराया। हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है, जो राहत की बात है। वाहन को जब्त कर थाने लाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# डीएवी स्कूल में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दयानंद विहार स्थित डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में शिक्षकों की कार्यक्षमता के विकास तथा नवीन शिक्षण विधियों के अनुरूप विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को सशक्त करने के उद्देश्य से 29 और 30 दिसंबर 2025 को दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ हुआ। इसके पश्चात डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बिहार प्रक्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी वी. के. पाठक तथा प्रक्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य विनय कुमार गुप्ता (नबीनगर), राजीव रंजन (दाउदनगर), संतन कुमार (रफीगंज), अल्पना मिश्रा (दानी बीगहा), कुमारी प्रिया (तेंदुनी



बिक्रमगंज) और प्रमिला सिंह (सेमरा बिक्रमगंज) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने डी.ए.वी. गान प्रस्तुत किया तथा स्वागत गान के माध्यम से आगंतुक प्राचार्यों एवं शिक्षकों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में सभी विषय विशेषज्ञों का उत्साहवर्धन किया और शिक्षकों को अपने-अपने कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में अर्जित ज्ञान और कौशल को कक्षा शिक्षण में विद्यार्थियों के साथ साझा किया जाए, जिससे उनकी सीखने की योग्यता में निरंतर विकास हो सके। कार्यशाला में डी.ए.वी. कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी, नई दिल्ली तथा सी.बी.एस.ई. द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों से संबंधित गतिविधियों का संचालन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में औरंगाबाद प्रक्षेत्र के सभी डी.ए.वी. विद्यालयों के लगभग 300 शिक्षकों ने भाग लिया और आधुनिक शिक्षण तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला के दौरान सभी शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि वे यहां प्राप्त ज्ञान और अनुभव का अपने-अपने विद्यालयों में जाकर प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे। समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विषय विशेषज्ञों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। शांति पाठ के साथ दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# जनहित के पुराने मामलों की पहचान कर तैयार करें सूची : अभिलाषा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** समाहरणालय स्थित समाहर्ता के न्यायालय में जिला दंडाधिकारी-सह-समाहर्ता अभिलाषा शर्मा द्वारा विभिन्न वादों की सुनवाई की गई। सुनवाई के क्रम में प्रभावी रूप से सुनवाई संपन्न की गई जिनमें मुख्य रूप से भू-अर्जन, जमाबंदी तथा स्वामित्व सत्यापन से संबंधित मामले शामिल थे। जिला दंडाधिकारी द्वारा प्रत्येक वाद में पक्षकारों की दलीलों को गंभीरता से सुना गया तथा उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के आधार पर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला दण्डाधिकारी द्वारा अपने न्यायालय में लंबित मामलों की स्थिति का आकलन किया गया।

बिहार सरकार
कृषि विभाग

किसान भाइयों एवं बहनों से अपील

फसल अवशेष जो जलायें । पर्यावरण, उर्वरा, उत्पादकता खोयें ।।

सामान्यतया यह देखा जा रहा है कि किसान भाई/बहन फसलों के अवशेष (पुआल, खुँटी आदि) को खेतों में जला देते हैं। ऐसा करने से मिट्टी एवं पर्यावरण को निम्नांकित नुकसान पहुँचता है:–

- फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ता है जिसके कारण मिट्टी में उपलब्ध जैविक कार्बन जो पहले से ही हमारी मिट्टी में कम है और भी जल कर नष्ट हो जाता है। फलस्वरूप मिट्टी की उर्वरा-शक्ति कम हो जाती है।
- फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी का तापमान बढने के कारण मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्म जीवाणु, केंचुआ आदि मर जाते हैं। इनके मिट्टी में रहने से ही मिट्टी "जीवन्त" कहलाता है। अवशेषों को जलाने से हम मिट्टी को "मरनासन्न" अवस्था की ओर ले जा रहे हैं।
- जमीन के लिए जरूरी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं।
- अवशेष को जलाने से मिट्टी में नाइट्रोजन की कमी हो जाती है, जिसके कारण उत्पादन घटता है।
- फसल अवशेषों को जलाने से वायुमंडल में कार्बनडाइऑक्साइड ($CO_2$) की मात्रा बढ़ती है, जिसके कारण वातावरण प्रदूषित होता है एवं जलवायु परिवर्तन का कारण बनता है।
- एक टन फसल के अवशेष जलने से लगभग 60 किलोग्राम कार्बन मोनोऑक्साइड, 1460 किलोग्राम कार्बन डाईऑक्साइड तथा 2 किलोग्राम सल्फर डाईऑक्साइड गैस निकलकर वातावरण में फैलता है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुँचता है।

PR No. 20760 (Agriculture)D.2025-26





अतः आप किसान भाइयों एवं बहनों से अपील है कि

- यदि फसल की कटनी हार्वेस्टर से की गई हो तो खेत में फसलों के अवशेष पुआल, खुँटी आदि को जलाने के बदले खेत की सफाई हेतु बेलर मशीन का प्रयोग करें।
- अपने फसल के अवशेषों को खेतों में जलाने के बदले वर्मी कम्पोस्ट बनाने, मिट्टी में मिलाने, पलवार विधि (Mulching) से खेती आदि में व्यवहार कर मिट्टी को बचायें तथा संधारणीय कृषि पद्धति में अपना योगदान दें।

पुआल कूड़ा नहीं, खेती का गहना है। इसे मिट्टी में मिलाना है, कभी नहीं जलाना है।
यह अवशेष नहीं, विशेष है।

# नगर थाना की टीम ने 45 रनों से दर्ज की शानदार जीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस पब्लिक क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत एक बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। नगर थाना और सिमरा के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में नगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 45 रन से एकतरफा जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नगर की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 158 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। नगर के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और सिमरा के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। नगर की पारी में शीर्ष क्रम




के बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया, वहीं मध्यक्रम ने तेजी से रन बटोरते हुए स्कोर को चुनौतीपूर्ण स्तर तक पहुंचाया। अंतिम ओवरों में खेले गए ताबड़तोड़ शॉट्स ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और सिमरा के सामने मुश्किल लक्ष्य खड़ा कर दिया। 159 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिमरा की टीम शुरुआत से ही संघर्ष करती नजर आई। नगर के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए सिमरा के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। लगातार अंतराल पर गिरते विकेटों के कारण सिमरा की रन गति धीमी होती चली गई। सिमरा की टीम 12 ओवरों में 8 विकेट खोकर केवल 113 रन ही बना सकी और लक्ष्य से 45 रन पीछे रह गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेता और उप विजेता टीम को शील्ड प्रदान किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष बनी आशा देवी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, औरंगाबाद में कार्यस्थलों पर लैंगिक उत्पीड़न का रोकने हेतु आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। इसमें ग्रामीण कार्य विभाग की निम्नवर्गीय लिपिक आशा देवी को अध्यक्ष, कार्यालय परिचारी मनोरमा कुमारी, उमा देवी को पदेन सदस्य बनाया गया है। साथ ही प्रावधान के अनुसार बाह्य रूप में क्षत्रिय नगर निवासी समाजसेवी व नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना (राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन) के तहत प्रोत्साहित स्वयं सहायता समूह क्षत्रिय नगर की अध्यक्ष सिम्पी कुमारी को सदस्य




बनाया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग, औरंगाबाद के अधीक्षण अभियंता ई. प्रेम प्रकाश रंजन ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के पत्रांक- 12693 अनु. दिनांक 18 दिसम्बर 2025 द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिशेध एवं प्रतितोश) अधिनियम, 2013 के आलोक में कार्यस्थलों पर लैंगिक उत्पीड़न का रोकने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के संकल्प ज्ञापांक 17903 दिनांक 29 दिसम्बर 2014 में दिये गये दिशा-निर्देश के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद के कार्यालय में आंतरिक षिकायत समिति का गठन किया गया है। इस समिति द्वारा महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न को रोकने जैसे कार्यों को किया जायेगा।